# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, बुधवार 27 दिसंबर 2023


फैक्ट फाइल

**नोटिस जारी**

## 3 जनवरी तक पूर्व मंत्रियों को खाली करना होगा आवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस सरकार के पूर्व मंत्रियों को आबंटित शासकीय आवास खाली करने के संबंध में संपदा विभाग ने नोटिस जारी कर दिया है। उन्हें 3 जनवरी तक बंगला खाली करने कहा गया है। नई सरकार गठन के साथ ही नए मंत्रियों ने भी शपथ ले ली है, अब उन्हें आवास आबंटन के पूर्व सभी बंगलों को खाली ▶▶| शेष पेज 2 पर

- मो. अकबर को छोड़कर अन्य ने अब तक खाली नहीं किया सरकारी आवास

### नया सीएम निवास बनकर तैयार

बताया गया है नया रायपुर में बन रहा मुख्यमंत्री निवास लगभग तैयार हो गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय नये सीएम हाउस में शिफ्ट होंगे, तब तक वो पहुना में ही अस्थायी सीएम हाउस में रहेंगे। निर्माणाधीन सीएम हाउस को पूरी तरह से तैयार करने के लिए 31 दिसंबर तक का अल्टीमेटम दिया ▶▶| शेष पेज 2 पर

# छग के इतिहास में पहली बार ... मंत्री बन गए पर विभाग पर लंबा सस्पेंस !

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद से लेकर अब तक पांच बार सरकार बनी है। पांच बार मंत्रिमंडल का गठन हुआ है। मंत्रियों के शपथ ग्रहण के बाद उसी दिन या अगले दिन तक मंत्रियों के विभागों का बंटवारा होता रहा है, लेकिन इस साल हुए विधानसभा चुनाव के बाद मंत्रियों द्वारा शपथ लेने के पांच दिन बाद भी ये साफ नहीं हो पाया है कि किस मंत्री को कौन सा विभाग दिया जा रहा है। दरअसल राज्य में नई सरकार को ▶▶| शेष पेज 2 पर

### मंत्रियों को विभाग देने का कोई समय तय नहीं

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के पूर्व आयुक्त सुशील त्रिवेदी का इस संबंध में कहना है कि वैसे तो मंत्रियों के विभागों का बंटवारा हो जाना चाहिए था, लेकिन यह मुख्यमंत्री पर निर्भर है कि वे यह काम कब करते हैं। हालांकि संविधान में कहीं भी ऐसा नहीं लिखा है कि विभागों का बंटवारा कितने दिनों में कर लिया जाना चाहिए। जब तक विभागों का बंटवारा नहीं होता, तब तक सभी विभागों का अधिकार मुख्यमंत्री के पास ▶▶| शेष पेज 2 पर

### जब तक बंटवारा नहीं, तब तक हैं बिना विभाग के मंत्री

- साय सरकार को लेकर जनता में है भारी उत्सुकता
- पांच दिन बाद भी ये साफ नहीं हो पाया है कि किस मंत्री को कौन सा विभाग दिया जा रहा




### विभागों से तय होती है मंत्रियों के काम की दिशा

सरकार के कैबिनेट में वैसे तो सभी मंत्रियों का अधिकार समान होता है, लेकिन मंत्रियों के कामकाज की दिशा उनके विभागों से तय होती है। यही नहीं, मंत्रियों के अनुभव, उनकी कार्य क्षमता के आधार पर विभाग बांटे जाते हैं। हालांकि मंत्रियों के चयन से लेकर विभागों के बंटवारे तक का सारा संवैधानिक अधिकार मुख्यमंत्री के हाथों में होता है। छत्तीसगढ़ ▶▶| शेष पेज 2 पर

### किस मंत्री को मिल रहा है कौन सा विभाग

छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में बनी भाजपा सरकार में पूरे मंत्रिमंडल की शपथ हो चुकी है। सबसे पहले मुख्यमंत्री और दो उपमुख्यमंत्रियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में आयोजित भव्य समारोह में शपथ दिलाई गई थी। 3 दिसंबर के परिणाम आने के दस दिनों बाद मुख्यमंत्री और दो उपमुख्यमंत्रियों की शपथ हुई थी। इसके बाद माना जा रहा था कि जल्द ही मंत्रियों के नाम और विभाग ▶▶| शेष पेज 2 पर









### खाद्य विभाग ने राज्य के सभी कलेक्टरों को जारी किया पत्र

# सीएम साय का बड़ा फैसला, गरीब परिवारों को जनवरी से पांच बरस तक मुफ्त में चावल

*मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गरीब परिवारों के हित में बड़ा फैसला लिया है। छत्तीसगढ़ के गरीब परिवारों को नए साल से आगामी पांच साल तक उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से निःशुल्क चावल मिलेगा। खाद्य विभाग द्वारा इस संबंध में सभी कलेक्टरों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

गरीब परिवारों को अगले पांच सालों तक दी गई निःशुल्क चावल की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के अनुरूप छत्तीसगढ़ में भी गरीब परिवारों को अगले पांच साल तक निःशुल्क चावल देने का निर्णय लिया गया है। इसके चलते उचित मूल्य दुकानों से गरीब परिवारों को नए साल से जनवरी 2024 से दिसम्बर 2028 तक चावल निःशुल्क मिलेगा। मुख्यमंत्री के निर्देश पर खाद्य विभाग द्वारा इस संबंध में सभी कलेक्टरों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इस फैसले से प्रदेश के अन्त्योदय, प्राथमिकता, निःशक्तजन और एकल निराश्रित श्रेणी के 67 लाख 92 हजार 153 पात्र राशन कार्डधारियों ▶▶| शेष पेज 2 पर

**खास बातें**

- अन्त्योदय श्रेणी के 14 लाख 92 हजार 438 सदस्यों को मिलेगा राशन
- 2028 तक गरीब परिवारों को मिलेगा योजना का लाभ
- शासकीय उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से मिलेगा नि:शुल्क चावल
- अलग अलग योजनाओं के हिसाब से होगा आवंटन



**पात्रता अनुसार मिलेगा चावल**

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत अन्त्योदय एवं प्राथमिकता श्रेणी के राशनकार्डों पर आगामी 5 वर्ष जनवरी 2024 से दिसंबर 2028 तक मासिक पात्रता का चावल निःशुल्क वितरण किए जाने की तर्ज पर ही छत्तीसगढ़ खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम के तहत अन्त्योदय, प्राथमिकता, निःशक्तजन और एकल निराश्रित श्रेणी के राशन कार्डधारियों को आगामी पांच वर्ष निःशुल्क चावल वितरण कराने के निर्देश दिए हैं।

### अभी 1 रुपए किलो में चावल

कांग्रेस सरकार के समय प्राथमिकता वाले राशन कार्ड में प्रति सदस्य 10 किलो चावल 1 रुपए प्रति किलों के हिसाब से दिया जाता था। सदस्य की संख्या 3-5 से अधिक होने पर उन्हें 35 किलो चावल 1 रुपए किलो के हिसाब से दिया जाता था। वहीं अन्त्योदय राशन कार्ड में 35 किलो चावल 1 रुपए प्रति किलों के हिसाब से मासिक दिया जाता था। अन्नपूर्णा राशन कार्ड में 10 किलों निःशुल्क और 25 किलो 1 रुपए प्रति किलों के हिसाब से दिया जाता था। एकल निराश्रित और निःशक्त राशन कार्ड में 10 किलो निःशुल्क चावल प्रतिमाह प्रमि राशन कार्ड दिया जाता था।

### इतने राशन कार्डधारियों को लाभ

खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्त्योदय श्रेणी के 14 लाख 92 हजार 438, प्राथमिकता श्रेणी के 52 लाख 46 हजार 656, एकल निराश्रित श्रेणी के 37 हजार 708 और निःशक्तजन श्रेणी के 15 हजार 351 राशन कार्डधारी जनवरी 2024 से आगामी पांच वर्ष तक निःशुल्क चावल वितरण से लाभान्वित होंगे।

### इधर, वीर बालक-बालिकाओं को 50-50 हजार

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर के राज्य अतिथि गृह पहुना में वीर बाल दिवस के अवसर पर प्रदेश के 04 वीर बालक-बालिकाओं को उनके साहसिक व वीरतापूर्ण कार्य के लिए सम्मानित किया। उन्होंने कोरबा के अमर ज्योति जाहिरे, महासमुंद की छाया विश्वकर्मा, धमतरी की जानवी राजपूत और धमतरी के भामेश्वरी निर्मलकर को वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने बच्चों को सम्मानित कर उनकी हौसला अफजाई की और राज्य शासन की ओर से चारों वीर बालक-बालिका को 50-50 हजार रूपए दिए जाने की घोषणा की।

**हृदय विदारक घटना**

## कोरोना की दवा बताकर पत्नी और बेटी को दिया जहर, पिता-पुत्री की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

कोरोना की दवा बताकर पति ने अपनी पत्नी और दो बेटी को जहर दे दिया। हृदय विदारक इस घटना में जहर देने वाले पिता व बेटी की मौत हो गई है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुटी हुई है। मिली जानकारी के मुताबिक वार्ड 4 लक्ष्मीपारा जामुल तालाब के पास रहने वाले हेमलाल वर्मा 40 वर्ष पंप ऑपरेटर है। इसका पूरा परिवार डबल मंजिला मकान में निवास करता है। ऊपर में पत्नी जान्हवी वर्मा (38), बेटी प्रिया (14), मुस्कान (11), ऋतिका 7 वर्ष रहते है। सोमवार की रात सभी एक साथ ▶▶| शेष पेज 2 पर

### आत्मघाती कदम से परिवार भी सकते में

बताया जा रहा है कि घटना के दिन सोमवार को हेमलाल वर्मा रात 9 बजे काम निपटा के घर लौटा था। परिजनों ने जामुल पुलिस को बताया कि रात में घर लौटने के बाद हेमलाल वर्मा ने पत्नी से कहा कि कोरोना ठीक होने की दवा है सभी को खाना है। सर्दी वगैरह ठीक हो जाएगा। पिता के लाए दवा को दोनों ▶▶| शेष पेज 2 पर

### जांच में जुटी हुई है पुलिस

पुलिस मामले की जांच में जुटी है। चारों ने जहर सेवन किया था। दो की मौत हो गई है। अन्य का उपचार जारी है। परिजनों से पूछताछ किया जा रहा है। जहर सेवन कारण अभी अज्ञात है। **आशीष बंछोर**, सीएसपी, छावनी

**खबर संक्षेप**

### सबरीमाला में 39 दिन में मिले 200 करोड़



**सबरीमाला।** सबरीमाला में राजस्व संग्रह मंगलवार को 200 करोड़ रुपए के आंकड़े को पार कर गया। मंदिर को 25 दिसंबर तक पिछले 39 दिन में 204.30 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है। इसी के साथ दो महीने की वार्षिक तीर्थयात्रा का पहला चरण 27 दिसंबर को शुभ 'मंडला पूजा' के साथ संपन्न होने वाला है।

### आईपीएल में बोली नहीं लगा सकेंगी चीनी कंपनियां




**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड सक्रिय रूप से इंडियन प्रीमियर लीग के लिए एक शीर्षक प्रायोजक (टाइटल स्पॉन्सर) की तलाश कर रहा है। इसमें बोली लगाने वाले संभावितों के लिए रूपरेखा तैयार की गई है।

### फिल्मी अंदाज में नदी में उतारी गाड़ी, चालान



**लाहौल।** जनजातीय क्षेत्र लाहौल के तांदी संगम में भागा नदी में एक पर्यटक ने गाड़ी उतार दी। माइनस तापमान और खून जमा देने वाली ठंड के बीच पर्यटकों की मस्ती ने सबको हैरान कर दिया। एक पर्यटक ने फिल्मी अंदाज में नदी के बीच से ही गाड़ी दौड़ा दी।मामला रविवार शाम का है।

### वडोदरा के फार्मा फैक्ट्री में गैस लीक, 4 भर्ती

**वडोदरा।** गुजरात के वोडदरा में मंगलवार सुबह 8 बजे एक फार्मास्युटिकल केमिकल कंपनी में पाइप से लीक हो गई। इससे प्रभावित चार श्रमिकों को भर्ती कराया गया। सभी श्रमिकों की हालत स्थिर है। यह घटना करीब आठ बजे हुई। उघटना के समय नंदेसरी जीआईडीसी क्षेत्र में स्थित फैक्ट्री परिसर में कई कर्मचारी मौजूद थे।

### हास्य कविताओं ने खूब हंसाया ....




**रायपुर।** संस्कृति विभाग और सामाजिक चेतना मंच की ओर से इंडोर स्टेडियम में नवा सुरूज कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें प्रसिद्ध कवि कुमार विश्वास के साथ पद्मश्री सुरेंद्र दुबे, मनवीर मधुर और गोविंद राठी के साथ सपना शर्मा ने काव्य के विभिन्न रसों में कविता और रचनाओं की प्रस्तुति दी। देर रात तक कवियों ने अपनी रचनाओं से सम्मेलन में समां बांधे रखा। श्रोताओं को राजनीतिक तंज और हास्य रचनाओं ने खूब हंसाया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव व विजय शर्मा समेत मंत्रिमंडल के सदस्य और गणमान्य नागरिक समेत बड़ी संख्या में श्रोता मौजूद रहे।

### आरबीआई समेत कई बैंक को उड़ाने की धमकी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

मुंबई में 11 बम विस्फोटों के बारे में यहां रिजर्व बैंक को धमकी भरा एक मेल भेजे जाने के बाद मंगलवार को पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। हालांकि आरबीआई की केंद्रीय कार्यालय इमारत और दो अन्य बैंकों समेत इन स्थानों पर कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। आरबीआई के गवर्नर की ईमेल आईडी पर सुबह करीब 10.50 मिनट पर 'खिलाफत डॉट इंडिया' नामक आईडी से ईमेल भेजा गया। इसमें आरबीआई की नई केंद्रीय कार्यालय इमारत, चर्चगेट में एचडीएफसी हाउस और बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स में आईसी आईसीआई बैंक टावर में बम धमाके की धमकी दी गई। धमकी भरे मेल में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास तत्काल अपने पद से इस्तीफा देने को कहा गया है।

### एक-एक कर बिक रही दाऊद इब्राहिम की संपत्तियां

## अब मुंबई-रत्नागिरी वाले बंगले होंगे नीलाम

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारत के मोस्ट वांटेड आतंकवादी दाउद इब्राहिम की संपत्तियां अगले महीने नीलाम की जाएंगी। ये तस्कर और विदेशी मुद्रा हेरफेर अधिनियम के तहत 5 जनवरी को नीलामी की जाएगी। दाऊद इब्राहिम की संपती विदेशी मुद्रा अधिनियम (फेमा) के तहत जब्त की गई थी। अब महाराष्ट्र के रत्नागिरी की दाऊद के बंगले और आम के बगीचे की नीलामी होगी। रत्नागिरी की कुल 4 प्रॉपर्टी की नीलामी होगी।

### अखबारों में दिया विज्ञापन

केंद्र सरकार के इस संबंध में अखबारों में विज्ञापन भी दिया गया है। यह तस्कर और विदेशी मुद्रा हेरफेर (सफेमा) दाऊद की संपति की नीलामी करेगी। नीलामी दोपहर 2 से 3.30 बजे होगी। कुछ साल पहले रत्नागिरी के खेड़ तालुका में बंगले और आम के बागों सहित कुल चार संपत्तियों को जब्त कर लिया गया था। इन्हीं की अगले महीने नीलामी होगी। सरकार पहले भी दाऊद इब्राहिम के परिवार से संबंधित कई संपत्तियों की पहचान कर उसकी नीलामी कर चुकी है। दाऊद की 11 संपत्तियों की पहली बार नीलामी साल 2000 में आयकर विभाग की ओर से की गई थी।



### कई संपत्तियां नीलाम की गईं

दाऊद परिवार के 4.53 करोड़ का एक रेस्तरां, 3.53 करोड़ के छह फ्लैट और 3.52 करोड़ का एक गेस्ट हाउस नीलाम किए जा चुके हैं। दिसंबर 2020 में, रत्नागिरी में दाऊद इब्राहिम की संपत्ति 1.10 करोड़ में नीलाम की गई, जिसमें दो प्लॉट और एक बंद पड़ा पेट्रोल पंप शामिल था। खेड़ तालुका के लोटे गांव में ये संपत्तियां दाऊद की दिवंगत बहन हसीना पारकर के नाम पर दर्ज थीं। नागपाडा में 600 वर्ग फुट का डी कंपनी का एक फ्लैट अप्रैल 2019 में 1.80 करोड़ में नीलाम हुआ था। 2018 में, पाकमोडिया स्ट्रीट में दाऊद की संपती की नीलामी की थी, जिसे सैफी बुरहानी ट्रस्ट ने खरीदा था।





विको टरमरिक क्रीम, विश्वास और गुणवत्ता का प्रतीक, हल्दी और चंदन के गुणों से युक्त है। इस में आयुर्वेद और विज्ञान का अनूठा संगम है। हल्दी सदियों से हमारी त्वचा को सुंदरता और चंदन कोमलता प्रदान करते आ रहे हैं। इन्ही गुणों के कारण विवाह के उपलक्ष्य पर, हल्दी रस्म में वर एवं वधू विको टरमरिक क्रीम का प्रयोग कर अपनी त्वचा को और निखार सकते हैं। इसके अलावा विको टरमरिक क्रीम कील, मुँहासे, दाग, धब्बे और रूखापन जैसी समस्याएं दूर करने में सहायता करती है। विको टरमरिक क्रीम त्वचा को कोमलता, अनुपम सुंदरता और सोने जैसा निखार प्रदान करती है।

• Follow us on @viccolabs • Like us on /ViccoLabs
• Shop online at https://viccolabs.com • Customer Care No. 0712-2420890

*हाल ही में संसद द्वारा पारित तीन विधेयकों ने अब कानून का रूप ले लिया है। देश में अंग्रेजों के जमाने के इन आपराधिक कानूनों की जगह लेने वाले तीन संशोधन विधेयकों को सोमवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंजूरी दे दी। तीनों नए कानून अब भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता व भारतीय साक्ष्य अधिनियम कहे जाएंगे, जो क्रमश: भारतीय दंड संहिता (1860), आपराधिक प्रक्रिया संहिता (1898) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (1872) का स्थान लेंगे। कानूनों में बदलाव के साथ ही इनमें शामिल धाराओं का क्रम भी बदल गया है। आइये जानते हैं आईपीसी की कुछ अहम धाराओं के बदलाव के बारे में?*

*नए कानूनों से आईपीसी की कुछ अहम धाराओं में हो गया है बदलाव*

# ठग 420 नहीं 316 कहलाएंगे अब, हत्यारों को भी धारा 302 नहीं 101 में मिलेगी सजा

## संसद द्वारा पारित तीन विधेयकों ने ले लिया है अब कानून का रूप

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

**भारतीय न्याय संहिता में क्या बदला है?**

भारतीय दंड संहिता में 511 धाराएं थीं, लेकिन भारतीय न्याय संहिता में धाराएं 358 रह गई हैं। संशोधन के जरिए इसमें 20 नए अपराध शामिल किए हैं, तो 33 अपराधों में सजा अवधि बढ़ाई है। 83 अपराधों में जुर्माने की रकम भी बढ़ाई है। 23 अपराधों में अनिवार्य न्यूनतम सजा का प्रावधान है। छह अपराधों में सामुदायिक सेवा की सजा का प्रावधान किया गया है। बता दें कि भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम को 12 दिसंबर 2023 को केंद्र सरकार ने इसी साल अगस्त में पेश किए गए पिछले संस्करणों को वापस लेते हुए संसद के निचले सदन में तीन संशोधित आपराधिक विधियकों को फिर से पेश किया था। इन विधेयकों को लोकसभा ने 20 दिसंबर को और राज्यसभा ने 21 दिसंबर को मंजूरी दे दी। राज्यसभा में विधेयकों को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा पेश किए जाने के बाद ध्वनि मत से पारित किया गया था। अब सोमवार यानी 25 दिसंबर को राष्ट्रपति से मंजूरी के बाद विधेयक कानून बन गए। संसद में तीनों विधेयकों पर चर्चा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि इनमें सजा देने के बजाय न्याय देने पर फोकस किया गया है।



**सीआरपीसी की जगह अब ये**

*दंड प्रक्रिया संहिता यानी सीआरपीसी की जगह अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता ने ले ली है। सीआरपीसी की 484 धाराओं के बदले भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में 531 धाराएं हैं। नए कानून के तहत 177 प्रावधान बदले गए हैं जबकि नौ नई धाराएं और 39 उपधाराएं जोड़ी हैं। इसके अलावा 35 धाराओं में समय सीमा तय की गई है। वहीं, नए भारतीय साक्ष्य अधिनियम में 170 प्रावधान हैं। इससे पहले वाले कानून में 167 प्रावधान थे। नए कानून में 24 प्रावधान बदले हैं।*

## आइए जानते हैं अहम धाराओं में बदलाव

**धारा 124:** आईपीसी की धारा 124 राजद्रोह से जुड़े मामलों में सजा का प्रावधान रखती थी। नए कानूनों के तहत 'राजद्रोह' को एक नया शब्द 'देशद्रोह' मिला है यानी ब्रिटिश काल के शब्द को हटा दिया गया है। भारतीय न्याय संहिता में अध्याय 7 में राज्य के विरुद्ध अपराधों कि श्रेणी में 'देशद्रोह' को रखा गया है।

**धारा 144:** आईपीसी की धारा 144 घातक हथियार से लैस होकर गैरकानूनी सभा में शामिल होना के बारे में थी। इस धारा को भारतीय न्याय संहिता के अध्याय 11 में सार्वजनिक शांति के विरुद्ध अपराध की श्रेणी में रखा गया है। अब भारतीय न्याय संहिता की धारा 187 गैरकानूनी सभा के बारे में है।

**धारा 302:** पहले किसी की हत्या करने वाला धारा 302 के तहत आरोपी बनाया जाता था। हालांकि, अब ऐसे अपराधियों को धारा 101 के तहत सजा मिलेगी। नए कानून के अनुसार, हत्या की धारा को अध्याय 6 में मानव शरीर को प्रभावित करने वाले अपराध कहा जाएगा।

**धारा 307:** नए कानून के अस्तित्व में आने से पहले हत्या करने के प्रयास में दोषी को आईपीसी की धारा 307 के तहत सजा मिलती थी। अब ऐसे दोषियों को भारतीय न्याय संहिता की धारा 109 के तहत सजा सुनाई जाएगी। इस धारा को भी अध्याय 6 में रखा गया है।

**धारा 376:** दुष्कर्म से जुड़े अपराध में सजा को पहले आईपीसी की धारा 376 में परिभाषित किया गया था। भारतीय न्याय संहिता में इसे अध्याय 5 में महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध अपराध की श्रेणी में जगह दी गई है। नए कानून में दुष्कर्म से जुड़े अपराध में सजा को धारा 63 में परिभाषित किया गया है। वहीं सामूहिक दुष्कर्म को आईपीसी की धारा 376 डी को नए कानून में धारा 70 में शामिल किया गया है।

**धारा 399:** पहले मानहानि के मामले में आईपीसी की धारा 399 इस्तेमाल की जाती थी। नए कानून में अध्याय 19 के तहत आपराधिक धमकी, अपमान, मानहानि, आदि में इसे जगह दी गई है। मानहानि को भारतीय न्याय संहिता की धारा 356 में रखा गया है।

**धारा 420:** भारतीय न्याय संहिता में धोखाधड़ी या ठगी का अपराध 420 में नहीं, अब धारा 316 के तहत आएगा। इस धारा को भारतीय न्याय संहिता में अध्याय 17 में संपत्ति की चोरी के विरुद्ध अपराधों की श्रेणी में रखा गया है।

## खबर संक्षेप

### यू ट्यूब पर दो करोड़ सब्सक्राइबर्स वाले पहले नेता बने पीएम मोदी




**नई दिल्ली।** नरेंद्र मोदी यू ट्यूब पर 2 करोड़ सब्सक्राइबर्स पाने वाले पहले वैश्विक नेता बन गए हैं। यू ट्यूब पर सब्सक्राइबर्स और व्यूज के मामले में पीएम मोदी ने दुनिया के अपने तमाम प्रतिद्वंदी नेताओं को काफी पीछे छोड़ा है। पीएम मोदी के यू ट्यूब चैनल पर कुल 450 करोड़ व्यूज हैं। पिछले साल फरवरी में मोदी के चैनल के सब्सक्राइबर्स की संख्या ने 1 करोड़ के आंकड़े को पार किया था। मोदी के चैनल पर सबसे पोपुलर तीन वीडियोज हैं जिनके कुल व्यूज 175 मिलियन हैं। पीएम मोदी के बाद दूसरे नंबर पर ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जायर बोलसोनारो हैं जिनके चैनल पर 64 लाख सब्सक्राइबर्स हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की दूसरे नंबर पर हैं जिनके सब्सक्राइबर्स 11 लाख हैं।


### जादू-टोना के आरोप में महिला को जलाकर मौत के घाट उतारा



**गुवाहटी।** असम के सोनितपुर जिले में 30 साल की एक महिला पर धारदार हथियारों से हमला किया गया। इसके बाद उसे जलाकर मार दिया गया। कथित तौर पर जादू-टोना करने के दावे के बाद वारदात को अंजाम दिया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुरिमा दास ने बताया कि पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। दो लोग अभी भी फरार बताए जा रहे हैं। दोनों को पकड़ने के लिए एक अभियान शुरू कर दिया गया है। अधिकारी ने बताया कि मृतक महिला की पहचान संगीता काटी के रूप में हुई है। महिला पर उसके एक पड़ोसी ने ही हमला किया। पड़ोसी की पहचान सूरज बघवार के रूप में हुई है। आरोपी कुछ बाहरी लोगों को अपने गांव निज बाहबरी लेकर आया था।

### आव्रजन अधिकारियों ने 276 में से कुछ यात्रियों से की पूछताछ

# मानव तस्करी के संदेह में फ्रांस में 4 दिन रोककर रखा गया विमान पहुंचा मुंबई



एजेंसी ▶▶| मुंबई

- विमान में अधिकतर भारतीय नागरिक थे सवार
- दुबई से निकारागुआ जा रही थी रोमानिया की कंपनी की फ्लाइट

मानव तस्करी के संदेह के कारण फ्रांस में चार दिन रोककर रखा गया विमान 276 यात्रियों को लेकर मंगलवार तड़के मुंबई पहुंचा। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस विमान में अधिकतर भारतीय नागरिक सवार थे। अधिकारी ने बताया कि एयरबस ए340 विमान तड़के चार बजे के कुछ ही समय बाद मुंबई पहुंचा। विमान ने स्थानीय समयानुसार देर रात करीब ढाई बजे वैट्री हवाई अड्डे से उड़ान भरी थी। उन्होंने कहा कि जब विमान मुंबई में उतरा तो उसमें चालक दल के 15 कर्मी भी थे। आव्रजन अधिकारियों ने मुंबई पहुंचे 276 में से कुछ यात्रियों से पूछताछ की। उन्होंने बताया कि किसी यात्री को हिरासत में नहीं लिया गया है और सभी 276 लोगों को पूर्वाह्न 11:30 बजे तक हवाई अड्डे से जाने दिया गया।

**लीजेंड एयरलाइंस का विमान**

*दुबई से निकारागुआ जा रही एवं रोमानिया की कंपनी 'लीजेंड एयरलाइंस' द्वारा संचालित उड़ान को बृहस्पतिवार को तकनीकी पड़ाव के लिए वैट्री हवाई अड्डे पर रोका गया था, तभी फ्रांसीसी पुलिस ने हस्तक्षेप किया। फ्रांसीसी अधिकारियों ने यात्रा की शर्तों और उद्देश्य की न्यायिक जांच शुरू की और संगठित अपराध की जांच में विशेषज्ञता रखने वाली एक इकाई ने मानव तस्करी के संदेह को लेकर जांच की। अमेरिका में शरण चाहने वालों के लिए निकारागुआ एक लोकप्रिय गंतव्य बन गया है।*

**मीडिया के सवालों से भागे**

पीटीआई के मुताबिक, सुबह करीब 4:30 बजे इस फ्लाइट से 276 लोग लौटे हैं। एयरपोर्ट पर पहुंचते ही सीआईएसएफ ने इनसे पूछताछ की। वहीं, कई लोग मीडिया के सवालों से बचने के लिए भागते नजर आए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इनमें ज्यादातर लोग पंजाब, गुजरात और दक्षिण भारत के हैं।

**तस्करी के पीछे हैदराबाद का मास्टरमाइंड**

फर्स्टपोस्ट की एक रिपोर्ट के मुताबिक फ्रांस में चार दिनों तक रोके गए इस चार्टर विमान को लेकर एक कुख्यात मानव तस्कर का नाम सामने आया है। तस्करी के पीछे हैदराबाद का एक मास्टरमाइंड हो सकता है। भारत की सुरक्षा एजेंसियों ने बताया कि इस शख्स का नाम शशि किरण रेड्डी है। यह पिछले साल एक अन्य मानव तस्करी मामले का कथित सरगना है। इस घटना से भी यही जुड़ा हो सकता है। सूत्रों के हवाले से बताया है कि, शशि किरण रेड्डी 15 साल से मानव तस्करी नेटवर्क का संचालन कर रहा है। वह निकारागुआ जाने वाली फ्लाइट से तस्करी करने का मास्टरमाइंड हो सकता है। वह कथित तौर पर दुबई से निकारागुआ के लिए चार्टर्ड उड़ानों की व्यवस्था करने में शामिल है। रेड्डी पर आरोप है कि उसने पिछले दो महीनों में लगभग 800 अवैध भारतीय अप्रवासियों को पर्यटक बताकर निकारागुआ भेजा है। रेड्डी को गुजरात पुलिस ने 2022 डिंगुचा मामले में पकड़ा था लेकिन उसे पर्याप्त सबूत नहीं होने की वजह से छोड़ दिया गया था।

# खड़गे को पीएम फेस बनाने पर रार नीतीश के बाद अब पवार भी नाराज

### इंडिया गठबंधन में छिड़ा घमासान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली





इंडिया अलायंस की चौथी बैठक में मल्लिकार्जुन खड़गे को पीएम पद का दावेदार बनाने की खबरें सामने आई थीं। खड़गे को पीएम फेस घोषित करने के प्रस्ताव पर गठबंधन में तकरार छिड़ी है। बिहार सीएम नीतीश कुमार की नाराजगी की खबरों की बीच अब एनसीपी सुप्रीमो शरद पवार के भी खफा होने की जानकारी सामने आई है।

शरद पवार ने अपनी नाराजगी को इशारों में जाहिर करते हुए कहा कि 1977 के लोकसभा चुनाव के दौरान भी पीएम फेस घोषित नहीं किया गया था। पवार ने कहा, "चुनाव के बाद विपक्ष की तरफ से मोराराजी देसाई को प्रधानमंत्री बनाया गया था। उस समय भी कहा गया था कि अगर कोई चेहरा सामने नहीं लाएंगे तो नतीजे भी पक्ष में नहीं होंगे।अगर लोग बदलाव के मूड में हैं तो वे जरूर बदलाव लाने के लिए फैसला करेंगे।"हाल ही में दिल्ली में इंडिया ब्लॉक की चौथी बैठक हुई थी। इस बैठक में सीट शेयरिंग के फॉर्मूले और पीएम फेस घोषित किए जाने पर चर्चा हुई।

**इन नेताओं को है नाराजगी**

खड़गे को इंडिया गठबंधन का पीएम फेस बनाए जाने की खबरों के बीच नीतीश कुमार की नाराजगी की चर्चा थी। हालांकि, सोमवार को पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि देने के दौरान उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन में कोई दरार नहीं है। बिहार के मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं पीएम पद की रेस में नहीं हूं और न ही नाराज हूं। रेस में खड़गे के नाम पर मिल रहे अन्य दलों के समर्थन से नीतीश कुमार, शरद पवार, उद्धव ठाकरे जैसे नाम इस रेस से अपने आप किनारे हो गए हैं।

### बिहार में कांग्रेस ने मांगी 8-9 सीटें

देश में अगले साल लोकसभा चुनाव होने जा रहे हैं। ऐसे में विपक्षी इंडिया गठबंधन एक्शन में नजर आ रहा है। इसी दिशा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने बिहार कांग्रेस के नेताओं के साथ बैठक की. इस मीटिंग में सीट शेयरिंग सहित आगामी लोकसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा की गई। बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह का कहना है कि बिहार में हम लोग गठबंधन में चुनाव लड़ेंगे। इस संबंध में 29 दिसंबर को गठबंधन समिति की बैठक होनी है। जहां तक बिहार का सवाल है, अगर हमें आठ या नौ सीटें मिल जाए तो भी ठीक है। एक आध सीट से कुछ नहीं होता है, बस गठबंधन बरकरार रहना चाहिए।




# उड़ान भरने से ठीक पहले लड़ाकू विमान मिग-29के का टायर फटा




**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना का एक लड़ाकू विमान का नियमित उड़ान भरने से ठीक पहले गोवा के डाबोलिम हवाई अड्डे के टैक्सीवे पर टायर फट गया।

एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना मंगलवार की है। टायर फटने के कारण मिग-29के टैक्सीवे पर ही फंस गया। हालांकि, इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई जानकारी नहीं है। इस घटना के तुरंत बाद ही एयरपोर्ट के अधिकारियों ने रनवे को चार बजे तक संचालन के लिए बंद कर दिया। इससे अन्य उड़ानों की सेवा में प्रभावित हुई।

**बंद किया गया रनवे का संचालन**

नौसेना के प्रवक्ता ने कहा, जब विमान अपने नियमित उड़ान के लिए रनवे पर थी, तभी टायर फट गया। टायर फटने के तुरंत बाद ही दमकल की गाड़ियों को मौके पर बुलाया गया। सिंगल पायलट विमान को टैक्सीवे से दूर ले जाया गया। अधिकारियों ने घटना के समय की जानकारी नहीं दी है। डाबोलिन एयरपोर्ट दक्षिणी गोवा जिले में स्थित है, जो कि भारतीय नौसेना बेस आईएनएस हंसा का हिस्सा है। डबोलिन एयरपोर्ट के निदेशक एसवीटी धनमजय ने बताया कि इस घटना से 10 उड़ानों की सेवा प्रभावित हुई है। वहीं कुछ उड़ानों को मोपा के मनेहर इंटरनेशनल एयरपोर्ट की तरफ डायवर्ट किया गया।

### कर्नाटक में कांग्रेस की पांचवीं गारंटी लागू

**बंगलुरू।** कर्नाटक में कांग्रेस सरकार ने अपने चुनावी वादे में घोषित पांचवीं गारंटी लागू कर दी है। इस गारंटी के तहत राज्य के बेरोजगार स्नातकों और डिप्लोमाधारी युवाओं को आर्थिक मदद दी जाएगी। मंगलवार को कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया ने युवा निधि योजना की शुरुआत की। इस योजना के तहत युवाओं को आर्थिक मदद का आवंटन 12 जनवरी 2024 से शुरू हो जाएगा।




# नांदेड़ में पैसेंजर ट्रेन में लगी आग रेलवे ने शुरू की हादसे की जांच



एजेंसी ▶▶| नांदेड़

महाराष्ट्र के नांदेड़ में मंगलवार को एक पैसेंजर ट्रेन में आग लग गई। फिलहाल आग पर काबू पा लिया गया है। आग लगने की वजह की जांच की जा रही है।

खबर के अनुसार, पूर्णा परली पैसेंजर ट्रेन में मंगवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे आग लगी। जिस वक्त ट्रेन में आग लगी, उस वक्त ट्रेन प्लेटफॉर्म नंबर चार पर खड़ी थी और उसमें किसी यात्री के होने की कोई जानकारी नहीं मिली है। प्लेटफॉर्म पर खड़ी ट्रेन में अचानक से धुंआ और ऊंची लपटे उठते देख फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। इसके बाद मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड ने रेलवे स्टाफ के साथ मिलकर आग पर काबू पाया। जिस कोच में आग लगी, उसे इस्तेमाल नहीं किया जाता था और आमतौर पर उसे स्पेयर में रखा जाता था। आग लगने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं है और इसकी जांच की जा रही है। दक्षिण रेलवे के सीपीआरओ ने बताया कि 'नांदेड़ के मेंटिनेंस यार्ड में खड़ी ट्रेन के खाली लगेज कोच में आग लगी।






# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


## रक्षामंत्री बोले- दुश्मनों को समुद्र की गहराई से भी ढूंढ निकालेंगे

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत सरकार ने वाणिज्यिक पोत 'एमवी केम प्लूटो' और 'एमवी साईबाबा' पर हाल में हुए हमलों का गंभीरता से संज्ञान लिया है। वह इन हमलों के लिए जिम्मेदार लोगों को समुद्र की गहराई से भी ढूंढकर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी। सिंह ने कहा कि हाल ही में वाणिज्यिक पोतों पर हुए हमलों के बाद भारत ने समुद्र में गश्त बढ़ा दी है।

# समुद्र का बाहुबली, दुश्मनों का काल, अब बरपाएगा कहर

**ब्रह्मोस जैसी विध्वंसक मिसाइल से लैस आईएनएस इंफाल नौसेना में शामिल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

हिंद महासागर में चीन की बढ़ती घुसपैठ के बीच मंगलवार को स्टेल्थ गाइडेड मिसाइल विध्वंसक आईएनएस इंफाल को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में आईएनएस इंफाल को मुंबई डॉकयार्ड में कमीशंड किया गया। आईएनएस इंफाल पहला ऐसा युद्धपोत यानी वॉरशिप है, जिसका नाम ▶▶|शेष पेज 4 पर

### दुश्मन रहेगा बेखबर, डैमेज हुआ तो भी काम करता रहेगा

आईएनएस इंफाल सेंसर्स को ऐसी जगह लगाया गया है कि दुश्मन को उसका पता लगाना मुश्किल होगा। इसके अलावा बैटल डैमेज कंट्रोल सिस्टम लगाया गया है। अगर जंग के दौरान जहाज का कोई विशेष हिस्सा काम करना बंद होता है, तो पूरे वॉरशिप का सिस्टम बंद नहीं होगा। यह 42 दिन तक समुद्र में रह सकता है।

### 75 फीसदी हिस्सा नौसेना ने डिजाइन किया

आईएनएस इंफाल की मैन्युफैक्चरिंग भी इसकी खासियतों का हिस्सा है। इसे तैयार करने में स्वदेशी स्टील का इस्तेमाल किया गया है। इसका 75 फीसदी तक हिस्सा स्वदेशी है, जिसे भारतीय नौसेना के संगठन वॉरशिप डिजाइन ब्यूरो ने डिजाइन किया है। वहीं, इसके निर्माण का काम रक्षा मंत्रालय के मुंबई स्थित शिपयार्ड मझगांव डॉकशिप बिल्डर्स लिमिटेड ने किया है।







**56** किलोमीटर प्रति घंटे की समुद्र में होगी रफ्तार

**300** जवानों की एकसाथ की जा सकेगी तैनाती

**02** एंटी-सबमरीन रॉकेट लॉन्चर्स लगाए गए हैं

**42** दिन तक समुद्र में रह सकेगा कोई खराबी आने पर




## खबर संक्षेप

### पीएम आज संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से करेंगे संवाद



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संवाद करेंगे। फिर उन्हें संबोधित भी करेंगे। इस आयोजन में देश भर से विकसित भारत संकल्प यात्रा के हजारों लाभार्थी शामिल होंगे। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री, सांसद, विधायक और स्थानीय स्तर के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे।

### देश में कोरोना के 412 नए केस, तीन की मौत



नई दिल्ली। भारत में बीते 24 घंटे में कोविड-19 के 412 नए मामले दर्ज किए गए और उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 4,170 हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अनुसार, देश में अब तक कोविड-19 के मामलों की कुल संख्या 4.50 करोड़ है।






## न्योते पर सियासत

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर सियासत भी गरमाई

*कई सदियों के बाद भगवान श्रीराम अपने घर में विराजमान होने जा रहे हैं। 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर देशभर में खुशी का माहौल बना हुआ है। समारोह में पीएम नरेंद्र मोदी, आरएसएस चीफ मोहन भागवत जैसी बड़ी राजनीतिक हस्तियां मौजूद रहनी वाली हैं। अब न्योते को लेकर राजनीति भी शुरू हो गई है। कई सियासी दलों ने न्योता मिलने की बात तो मानी है लेकिन जाने से साफ इंकार कर दिया है। इधर, भाजपा ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा है कि जिसे राम जी बुलाएंगे वही अयोध्या जाएंगे।*

**कांग्रेस ने स्थिति स्पष्ट नहीं की, सीपीएम नेता ने जाने से किया इंकार**

# धर्म संकट में विपक्ष, भाजपा बोली-जिसे राम जी बुलाएंगे, वहीं जाएंगे अयोध्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भाग लेने के लिए देश के कई सियासी दलों के प्रमुखों को न्योता भेजा गया है, जिन्हें न्योता दिया गया है, उनमें कांग्रेस के मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और अधीर रंजन चौधरी जैसे बड़े नेता शामिल हैं। कहा जा रहा है कि अभी तक ये साफ नहीं हो पाया है कि ये नेता 22 जनवरी को भव्य पूजन के लिए रामनगरी को जा रहे हैं या नहीं। राजनीतिक विश्लेषकों की मानें तो, कांग्रेस का रूख इस मामले पर अभी तक साफ नहीं हो पाया है। ऐसा हो सकता है कि कांग्रेस के ये दिग्गज न जाकर अपने प्रतिनिधियों को भेज दें ताकि मुस्लिम वोटर्स में एक संदेश भेजा जा सके।

लेफ्ट पार्टी सीपीएम के महासचिव सीताराम एचडी इस आयोजन में नहीं जाएंगे। अयोध्या राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा हाल ही में सीताराम येचुरी से मिलने उनके दफ्तर गए थे और उन्हें इस आयोजन में आने के लिए औपचारिक रूप से न्योता दिया था। लेफ्ट की ओर से यह साफ कर दिया गया है कि एचडी या पार्टी का कोई भी नेता इस आयोजन में अयोध्या नहीं ▶▶|शेष पेज 4 पर




### कपिल सिब्बल ने कही यह बात

कांग्रेस पार्टी के पूर्व नेता और वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि मैं इस समारोह का हिस्सा नहीं बनना चाहता। इस आयोजन में नहीं जाऊंगा। सिब्बल ने कहा कि, मेरे दिल में भगवान राम बसते हैं तो मुझे इन चीजों से फर्क नहीं पड़ता वहां जाऊं या ना जाऊं। राम मेरे सफर को दिशा दिखाते हैं, जिससे मुझे पता चलता है कि मैं कुछ सही कर रहा हूं। उन्होंने भगवान राम को सच्चाई, त्याग और दूसरे का सम्मान करना बताया जबकि बीजेपी को इसका उलट करने वाला बताया।

### 2.5 करोड़ को रामलला के दर्शन कराएगी भाजपा

अयोध्या के राममंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद भाजपा लोगों को अयोध्या दर्शन कराएगी। देशभर की 543 लोकसभा सीटों और सभी विधानसभा क्षेत्रों से करीब 2.5 करोड़ लोग अयोध्या लाए जाएंगे। यहां रामलला के दर्शन और अयोध्या घूमने के बाद लोग अपने-अपने शहरों को लौटेंगे।

### इधर, राम मंदिर में ऐसी तैयारी



**70** फीसदी हिस्सा हरित क्षेत्र

**14** फीट चौड़ी परकोटा परिधि

**392** खंभे होंगे

### परिसर होगा आत्मनिर्भर, जटायु की मूर्ति स्थापित


अयोध्या में कुबेर टीला पर जटायु की मूर्ति स्थापित की गई है। यह जानकारी राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने दी। अयोध्या में ट्रस्ट के कार्यालय में एक प्रस्तुति में भव्य परिसर की परिदृश्य योजना साझा करते हुए श्री राय ने कहा कि अयोध्या में निर्माणाधीन राम मंदिर परिसर सीवेज और जल उपचार संयंत्रों के साथ अपने तरीके से आत्मनिर्भर होगा। इसमें बुजुर्गों और विशेष रूप से दिव्यांग आगंतुकों के आवागमन को आसान बनाने की सुविधाएं भी होंगी। उन्होंने यह भी कहा कि आगामी मंदिर परिसर की 70 एकड़ जमीन का 70 फीसदी हिस्सा हरित क्षेत्र होगा। उन्होंने कहा कि यह परिसर अपने तरीके से आत्मनिर्भर होगा क्योंकि इसमें दो अपशिष्ट जल उपचार संयंत्र (एसटीपी), एक जल उपचार संयंत्र (डब्ल्यूटीपी) और पावर हाउस से एक समर्पित लाइन होगी। उन्होंने कहा कि मंदिर परिसर में एक दमकल चौकी भी होगी, जो भूमिगत जलाशय से पानी का इस्तेमाल करने में सक्षम होगी। राय ने पत्रकारों के एक समूह के साथ परिदृश्य योजना साझा करते हुए कहा कि भव्य मंदिर में 392 खंभे होंगे, 14 फीट चौड़ी परकोटा परिधि होगी जो 732 मीटर तक फैली होगी। उन्होंने कहा कि राम मंदिर परिसर में बुजुर्ग, विशेष रूप से दिव्यांग आगंतुकों की सुविधा के लिए प्रवेश द्वार पर लिफ्ट की सुविधा और दो रैंप होंगे। राय ने यह भी कहा कि अयोध्या में कुबेर टीला पर जटायु की मूर्ति स्थापित की गई है।

### 10 करोड़ परिवारों तक पहुंचेगी भाजपा

राम मंदिर उद्घाटन समारोह से जुड़े कार्यक्रमों को बीजेपी बड़ा बनाने का लक्ष्य तय किया गया। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले ही एक जनवरी से बीजेपी के कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर अक्षत बांटने, मंदिरों में कार्यक्रम आयोजित करवाने, मंदिरों में दीप जलाने जैसे कार्यक्रम से जुड़ेंगे। भाजपा ने करीब 10 करोड़ परिवारों तक पहुंचने का लक्ष्य रखा है। शनिवार को बीजेपी की बैठक में राम मंदिर पर सभी पदाधिकारियों को ब्रीफ किया गया। आरएसएस और वीएचपी द्वारा राम मंदिर के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों में पूरी ताकत लगने के निर्देश दिए गए।

**ठंड की चपेट में दिल्ली समेत कई राज्य**

# घने कोहरे ने रोका रास्ता 12 उड़ानें डायवर्ट, 30 में देरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली हवाई अड्डे पर मंगलवार को सुबह घने कोहरे के कारण 12 उड़ानों का मार्ग परिवर्तित करना पड़ा और कई उड़ानों में देरी हुई। एक अधिकारी ने बताया कि घने कोहरे के कारण सुबह छह बजे से अपराह्न 12 बजे के बीच 11 उड़ानों को जयपुर जबकि एक को लखनऊ भेजा गया। दिल्ली हवाई अड्डे की वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के मुताबिक, सुबह 30 से अधिक उड़ानों में देरी हुई है।

दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में लगभग सुबह साढ़े सात बजे कोहरे की चेतावनी देते हुए कहा कि दिल्ली हवाई अड्डे पर आगमन और प्रस्थान जारी रहने के दौरान, सीएटी-3 के अनुरूप नहीं होने वाली उड़ानें प्रभावित हो सकती हैं। सीएटी-3 दृश्यता काफी कम होने पर उड़ानों के संचालन से संबंधित है। डीआईएएल ने कहा, 'यात्रियों से अनुरोध है कि वे जानकारी के लिए एयरलाइन से संपर्क करें।

### इन राज्यों में 30 तक रहेगा कोहरा

देश के 15 राज्य ठंड और घने कोहरे की चपेट में हैं। दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तरी मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, ओडिशा, उत्तराखंड, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में 26 दिसंबर से 30 दिसंबर तक घना कोहरा छाया रहेगा।

### कश्मीर में शून्य से तीन डिग्री तापमान

कश्मीर के अधिकतर हिस्सों में रात के न्यूनतम तापमान में गिरावट जारी है और मंगलवार को सुबह घने कोहरे के कारण घाटी में दैनिक जीवन अस्त-व्यस्त हो गया। जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से तीन डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जो इससे पिछली रात दर्ज शून्य से नीचे 2.3 डिग्री सेल्सियस के तापमान से थोड़ा कम है। श्रीनगर में मंगलवार को सुबह घना कोहरा छाया रहा, जिससे लगातार दूसरे दिन भी जन-जीवन प्रभावित हुआ है। सुबह सड़कों पर यातायात सामान्य से कम रहा, और दृश्यता कम होने के कारण वाहनों की गति धीमी रही। कश्मीर वर्तमान में 'चिल्लई-कलां' की चपेट में है।

# नर्सरी में प्रवेश के लिए बच्चों की स्क्रीनिंग पर लगे रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

नर्सरी में प्रवेश के लिए बच्चों की वीडियो स्क्रीनिंग पर बैन लगाने को लेकर 26 दिसंबर को सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दाखिल की गई। सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर में उसके उस आदेश की समीक्षा की मांग की गई है जिसमें दिल्ली के उपराज्यपाल को 2015 के उस विधेयक पर सहमति देने या वापस करने का निर्देश देने से इनकार कर दिया गया है जिसमें नर्सरी प्रवेश के लिए बच्चों की 'स्क्रीनिंग' पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव है। एनजीओ 'सोशल ज्यूरिस्ट' द्वारा दायर पुनर्विचार याचिका में दलील दी गई है।

**सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका**



### कोर्ट ने कहा था, कानून बनाने नहीं दे सकती निर्देश

शीर्ष अदालत ने 13 अक्टूबर को एनजीओ की याचिका को खारिज करते हुए कहा था कि वह कानून बनाने के लिए निर्देश नहीं दे सकती। उससे पहले, दिल्ली उच्च न्यायालय ने एनजीओ की जनहित याचिका को खारिज करते हुए कहा था कि वह विधायी प्रक्रिया में हस्तक्षेप नहीं कर सकता और उपराज्यपाल को दिल्ली स्कूल शिक्षा (संशोधन) विधेयक, 2015 को या तो मंजूर करने या वापस करने का निर्देश नहीं दे सकता।

# सीएम बनने के बाद विष्णुदेव कल पहली बार पंहुचेंगे अपने गांव बगिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ का मुख्यमंत्री बनने के बाद विष्णुदेव साय 28 दिसंबर को पहली बार अपने गांव जशपुर जिले के ग्राम बगिया जाएंगे। खास बात ये है, चुनाव का परिणाम आने के बाद मुख्यमंत्री चुने जाने से लेकर शपथ ग्रहण, मंत्रियों के चयन और उनके शपथ समारोह से लेकर अब ▶▶|शेष पेज 4 पर

### अपने घर में करेंगे रात्रि विश्राम

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 27 दिसम्बर को रायगढ़ और 28 दिसम्बर को जशपुर जिले के प्रवास पर रहेंगे और वहां आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री 27 दिसम्बर को जिला मुख्यालय रायगढ़ में आयोजित रोड-शो कार्यक्रम एवं ▶▶|शेष पेज 4 पर

**कुश्ती संघ का विवाद थमा नहीं, पीएम मोदी को लिखा भावुक पत्र**

# विनेश लौटाएंगी खेल रत्न-अर्जुन पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

विश्व चैम्पियनशिप की पदक विजेता विनेश फोगाट ने बृजभूषण शरण सिंह के विश्वासपात्र संजय सिंह के भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) का अध्यक्ष चुने जाने के विरोध में मंगलवार को अपना खेल रत्न और अर्जुन पुरस्कार सरकार को लौटाएंगी। इस पहलवान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखे गए पत्र में यह जानकारी दी है। विनेश से पहले ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया और डेफलंपिक्स के चैंपियन वीरेंदर सिंह यादव ने अपने पद्मश्री पुरस्कार ▶▶|शेष पेज 4 पर

### कब विनेश को मिले थे अवॉर्ड?

विनेश फोगाट को 2016 में अर्जुन अवॉर्ड मिला था। उसके बाद 2020 में मेजर ध्यानचंद खेल रत्न अवॉर्ड मिला। खेल रत्न भारत में खिलाड़ी को मिलने वाला सबसे बड़ा अवॉर्ड है। अवॉर्ड लेने के समय विनेश चोटिल थीं। वह व्हीलचेयर पर अवॉर्ड लेने पहुंची थीं।



**विनेश फोगाट की उपलब्धि :** 29 साल की विनेश के पास ओलंपिक मेडल नहीं है, लेकिन वर्ल्ड चैंपियनशिप में वह दो ब्रॉन्ज जीत चुकीं हैं। एशियन चैंपियनशिप में एक गोल्ड और एक ब्रॉन्ज है। इसके अलावा कॉमनवेल्थ गेम्स में भी तीन गोल्ड मेडल हैं। विनेश गीता और बबीता फोगाट की चचेरी बहन हैं। रियो ओलिंपिक में विनेश को मेडल का बड़ा दावेदार माना जा रहा था लेकिन घुटने की इंजरी के कारण उन्हें बाहर होना पड़ा।

### 15 रुपए का बताया जा रहा अवॉर्ड्स

प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में विनेश फोगाट ने लिखा है, हमारे मेडल्स और अवॉर्ड्स को 15 रुपए का बताया जा रहा है। अब मुझे भी अपने पुरस्कारों से घिन आने लगी है। मुझे मेजर ध्यानचंद खेल रत्न और अर्जुन अवॉर्ड दिया गया था, जिनका अब मेरी जिंदगी में कोई मतलब नहीं रह गया है। हर महिला सम्मान से जिंदगी जीना चाहती है।




चिंतन

# भारतीय जहाज पर हमले की हिमाकत ना करे कोई

भारत ने अरब सागर में अपने मालवाहक जहाज पर ड्रोन हमले को गंभीरता से लिया है। भारत आ रहे मालवाहक जहाज केम प्लूटो पर गत 23 दिसंबर को हुए हमला हुआ था। एमवी केम प्लूटो पर हुए हमले के बाद शाम को भारतीय क्रू मेंबर्स वाले एक और जहाज पर हमला हुआ था। इसमें 25 भारतीय मौजूद थे। माना जा रहा है कि हुती विद्रोहियों ने भारत के इस जहाज पर ड्रोन से हमला किया है। अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन ने रविवार को कहा था कि केम प्लूटो पर ईरान से हमला हुआ था। हालांकि, ईरान ने इस दावे को खारिज करते हुए हमले में हाथ होने से इन्कार कर दिया। एमवी केम प्लूटो सऊदी अरब से भारत आ रहा था। ईरान ने बेशक इस हमले में हाथ होने से इनकार किया है, वह भारत से अपने रिश्ते को खराब नहीं करना चाहेगा, लेकिन हुती पर शक संदेह से परे नहीं है। लाइबेरिया के शिया आतंकी गुट हुती को ईरान से शह मिलता रहा है। अब तक भारत को दक्षिण चीन सागर में चीनी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा था, लेकिन अब लगता है अरब सागर में भारत को अपने मालवाहक विमानों की खास निगरानी करनी पड़ेगी। हमास इजराइल जंग में भारत का इजरायल का नैतिक समर्थन करना हुती को रास नहीं आ रहा है, इसलिए खुंदक में वे भारतीय मालवाहक को निशाना बना सकते हैं। भारत ने अरब सागर में अपने तीन युद्धपोत आईएनएस मोरमुगाओ, आईएनएस कोलकाता और आईएनएस कोच्चि तैनात कर दिए हैं। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने भरोसा दिया है कि इन हमलों के लिए जो भी जिम्मेदार है, उन्हें समुद्र की गहराइयों से भी ढूंढ निकाला जाएगा। नेवी ने कहा कि जहाज पर जो मलबा मिला है, उससे इस बात की पुष्टि होती है कि उस पर ड्रोन से हमला किया गया था। जहाज पर फोरेंसिक जांच के जरिए ये पता लगाने की कोशिश की जाएगी कि हमला कितनी दूरी, कौन से विस्फोटक से किया गया था और ये कितना खतरनाक हो सकता था। भारत ने विस्तारित दूरी की सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल दागने की क्षमता से लैस 'स्टेल्थ गाइडेड' मिसाइल विध्वंसक आईएनएस इंफाल को मंगलवार को मुंबई में भारतीय नौसेना में शामिल किया है। नौसेना के अनुसार, यह युद्धपोत परमाणु, जैविक और रासायनिक (एनबीसी) युद्ध के हालात में भी लड़ने में सक्षम है। इंफाल से भारत समंदर में और मजबूत हुआ है। भारतीय नौसेना को 7516 किलोमीटर से ज्यादा के समुद्र तटीय इलाके की निगरानी करनी होती है। चीन के चलते दक्षिण चीन सागर व हिंद- प्रशांत क्षेत्र में भारतीय नौसेना को मुस्तैद रहना पड़ता है। अब अरब सागर, लाल सागर और अदन की खाड़ी में भारत को अपनी समुद्री सुरक्षा पर ध्यान देना होगा। भारतीय नौसेना के पास फिलहाल 132 युद्धपोत हैं। नौसेना 2030 तक अपने जंगी जहाजों के बेड़े को बढ़ाकर 160 व 2035 तक 175 कर लेगी। भारत का लक्ष्य हिंद महासागर क्षेत्र में मजबूत होना, जिबूती, हॉर्न ऑफ अफ्रीका, कराची, ग्वादर और कंबोडिया में बढ़ रहे चीन की नौसेना के वर्चस्व को रोकना है। चीन भी अपनी ताकत बढ़ा रहा है, उसका लक्ष्य 555 युद्धपोतों तक पहुंचना है, पर भारत रणनीतिक रूप से चीन को टक्कर देने में सक्षम है। भारत अपना 55 फीसदी से अधिक ट्रेड समुद्री रास्तों से करता है, इसलिए समुद्री सुरक्षा को मजबूत रखना जरूरी है। भारतीय मालवाहक जहाज पर ड्रोन हमला करने वाले को सबक सिखा कर भारत को सख्त संदेश देना होगा कि भविष्य में कोई भी भारतीय जहाज पर हमला की हिमाकत ना करे।



सामरिक

डॉ. एल. एस. यादव

# उपलब्धियों वाला रहा रक्षा क्षेत्र

इस साल एलएसी पर चीन की नापाक हरकतों का मुहंतोड़ जवाब देने के लिए देश ने अपनी रक्षा तैयारियों को मजबूत किया। तूफानों में भी अपने लक्ष्यों को हासिल करने वाली भारतीय सेना ने विषम पहाड़ी एवं भयंकर ठंड वाली परिस्थितियों में चीनी सेना की चुनौती से निपटने के लिए अपनी तैयारी में इजाफा किया। इसी तरह पाक सीमा पर मिलने वाली आतंकी चुनौतियों का बेहतर जवाब दिया गया। चीन की सीमा पर वर्ष 2020 में जो तनाव शुरू हुआ था वह अभी तक समाप्त नहीं हुआ है। चीन ने अरुणाचल प्रदेश से लद्दाख तक, हिमाचल व उत्तराखंड से सटी अंतरराष्ट्रीय सीमा तक अपनी सैन्य तैयारी बढ़ा रखी है।

समाप्त हो रहा वर्ष 2023 रक्षा क्षेत्र के लिए विकास एवं उपलब्धियों वाला कहा जाएगा, क्योंकि इस वर्ष देश की सुरक्षा को मजबूती प्रदान करने के लिए अनेक कार्य हुए और भारत रक्षा चुनौतियों से निपटने में सक्षम रहा। इस साल एलएसी पर चीन की नापाक हरकतों का मुहंतोड़ जवाब देने के लिए देश ने अपनी रक्षा तैयारियों को मजबूत किया। तूफानों में भी अपने लक्ष्यों को हासिल करने वाली भारतीय सेना ने विषम पहाड़ी एवं भयंकर ठंड वाली परिस्थितियों में चीनी सेना की चुनौती से निपटने के लिए अपनी तैयारी में इजाफा किया। इसी तरह पाक सीमा पर मिलने वाली आतंकी चुनौतियों का बेहतर जवाब दिया गया।

चीन की सीमा पर वर्ष 2020 में जो तनाव शुरू हुआ था वह अभी तक समाप्त नहीं हुआ है। चीन ने अरुणाचल प्रदेश से लद्दाख तक, हिमाचल व उत्तराखंड से सटी अंतरराष्ट्रीय सीमा तक अपनी सैन्य तैयारी बढ़ा रखी है। पाकिस्तान सीमा पर बढ़ती आतंकी घुसपैठ व गोलीबारी के कारण चुनौतियां बढ़ती जा रही हैं। चीन व पाक की इन हरकतों से निपटने के लिए जवानों को आक्रामक तौर पर मजबूत किया गया। सैन्य ताकत बढ़ाने के उद्देश्य से सेना के तोपखाने को तथा वायु सेना के लड़ाकू विमानों की तैनाती बढ़ाई गई। इसके अलावा गहन युद्ध के लिए हथियार और गोला बारूद रखने की छूट दी गई।

वर्ष 2023 के दौरान रक्षा क्षेत्र आत्मनिर्भरता की ओर काफी आगे बढ़ा। मेक इन इंडिया को बढ़ावा देने के लिए विदेश से रक्षा आयात को कम करने का फैसला लेकर रक्षा उपकरणों को स्वदेषी कंपनियों से खरीदने के आर्डर दिए गए। डीएसी की बैठक में 97 तेजस मार्क-1 ए लड़ाकू विमान, 156 प्रचंड लड़ाकू हेलीकॉप्टर, तीसरे नए स्वदेशी विमानवाहक पोत के निर्माण, सुखोई-30 एमकेआई श्रेणी के 87 विमानों का आधुनिकीकरण, 5.56 ग 45 कार्बाइन, 200 माउंटेन गन सिस्टम, 400 टोड आर्टिलरी गन सिस्टम तथा मध्यम दूरी की जमीन से हवा में मार करने में सक्षम मिसाइलों के खरीदे जाने की अनुमति प्रदान कर दी गई है। इससे भारतीय सेनाओं की ताकत कई गुना बढ़ जाएगी। डीएसी की मंजूरी वाली 2.23 लाख करोड़ रुपये की यह खरीद घरेलू रक्षा उद्योगों से की जाएगी। वर्ष 2023 में रक्षा उत्पादन एक लाख करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर गया जो कि एक रिकॉर्ड है। इसके अलावा रक्षा निर्यात नई ऊंचाइयों को पार करते हुए 16000 करोड़ तक पहुंच गया। यह पिछले वर्ष करीब 3000 करोड़ रुपये था। डीएसी ने तीसरे विमानवाहक पोत के निर्माण को मंजूरी दे दी है। नौसेना के पास अभी दो विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य तथा आईएनएस विक्रांत हैं। इनमें से विक्रमादित्य रूस से खरीदा गया था और विक्रांत स्वदेश निर्मित है। नया विमानवाहक पोत स्वदेशी विक्रांत की तरह ही होगा। यह पोत 40000 करोड़ की लागत से बनेगा। 45000 टन वजन वाला यह पोत कोचीन शिपयार्ड में बनाया जाएगा। इसकी लंबाई 262 मीटर, चौड़ाई 62 मीटर और उंचाई 59 मीटर की होगी। इसकी गति 52 किलोमीटर प्रति घंटा होगी। यह पानी में तैरते हुए किसी सैन्य अड्डे की तरह



होगा। इस पर तकरीबन 28 लड़ाकू विमानों के अतिरिक्त बड़ी संख्या में हेलीकॉप्टर, मिसाइल, रॉकेट, गन और बमों जैसे खतरनाक हथियार तैनात रहेंगे। यह 400 किलोमीटर की एरिया की निगरानी करेगा और इतने क्षेत्र के खतरों से निपटने में सक्षम होगा। इससे हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की ताकत काफी बढ़ जाएगी।

स्वदेशी गाइडेड मिसाइल विध्वंसक पोत 'सूरत' के शिखर का अनावरण 6 नवंबर को किया गया। अग्रिम मोर्चे की निर्माणाधीन परियोजनाओं के तहत प्रोजेक्ट 15 बी में चार निर्देशित मिसाइल विध्वंसक पोतों का निर्माण शामिल है जिनमें से सूरत चौथा और आखिरी पोत है। यह पोत शत्रु की पनडुब्बियों, युद्धपोतों, एंटी सबमरीन मिसाइलों और युद्धक विमानों का मुकाबला करने की क्षमता रखता है। इसके शामिल होने से नौसेना की विध्वंसक क्षमता काफी बढ़ जाएगी। नौसेना को स्वदेशी मिसाइल विध्वंसक पोत आईएनएस इंफाल 26 दिसम्बर को मिल गया। यह समुद्र में शत्रु की चालबाजियों पर नजर रखेगा। इंफाल सबसे उन्नत किस्म का विध्वंसक युद्धपोत है। यह युद्धपोत सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों से लैस है। इसके अलावा इसमें पोतरोधी मिसाइलें व तारपीडो भी लगे हैं। यह अत्याधुनिक हथियारों एवं सेंसरों से लैस एक शक्तिशाली तथा बहुआयामी युद्धपोत है। इस जहाज में ब्रह्मोस एसएसएम के अलावा एम.आर.सेम, तारपीडो ट्यूब लॉन्चर्स, एंटी सबमरीन रॉकेट लॉन्चर्स और 76 एमएम री एस.आरजीएम की तैनाती शत्रु सेना के लिए काल बन जाएंगे। 22 नवंबर को भारतीय नौसेना को तीसरी बार्ज नौका 'मिसाइल सह गोला बारूद बार्ज, एलएसएएम 9 (यार्ड 77)' प्राप्त हो गई है। बार्ज नौका को मुम्बई के नौसेना डॉकयार्ड के आईएनएस तुणीर में शामिल किया गया। यह नौका भारतीय नौसेना के लिए 30 वर्षों तक काम करेगी। बार्ज नौका पर 8 मिसाइलों के साथ-साथ गोला बारूद भी लेकर जाया जा सकता है। इसके शामिल होने से नौसेना के जरूरी सामान इधर से उधर ले जाने में तथा चढ़ाने-उतारने में जो मदद मिलेगी उससे नौसेना की परिचालन गतिविधियों को तेजी प्राप्त होगी। अब समुद्र तट के आसपास एवं बाहरी बंदरगाहों पर भारतीय जहाजों के लिए गोला बारूद की आपूर्ति सुनिश्चित हो जाएगी। वायुसेना के लिए परिवहन विमान सी-295 का उत्पादन चालू करने के लिए गुजरात के बड़ोदरा में इसके प्लांट की आधारशिला रखी गई। अब इन विमानों का निर्माण भारत में ही किया जाएगा। अमेरिका की जेट इंजन निर्माता कंपनी जीई एरोस्पेस और हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के बीच जेट इंजन बनाए जाने को लेकर समझौता हुआ जिससे लड़ाकू विमानों के इंजन अब भारत मे ही बनेंगे। भारतीय वायु सेना को सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमानों को उन्नत बनाने की अनुमति मिल गई है। मिग-21 विमानों की कमी को पूरा करने के लिए वायु सेना 60000 करोड़ रुपये की लागत से 87 सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमानों को उन्नत बनाने का कार्य किया जाएगा।

लद्दाख क्षेत्र में सीमा पर टैंक व सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस की तैनाती कर दी गई है। सेना की आपूर्ति व्यवस्था में कोई परेशानी न आए, इसके लिए सीमा पर बिछाई गई सड़कों के जाल ने स्थिति को बेहतर बना दिया है। राफेल विमानों की तैनाती लद्दाख सीमा पर की गई। हल्के तेजस विमान भी मिग-21 विमानों की जगह ले रहे हैं। सुखोई-30 एमकेआई, मिग-29 मल्टी रोल एयरक्राफ्ट और जगुआर जैसे विमान हर मौसम में लड़ाई के तैयार हैं। चीन से लगती सीमा के पास प्रमुख हवाई अड्डों पर दुनिया के सबसे हाईटेक मल्टीरोल हेलीकॉप्टर अपाचे एवं चिनूक हर मोर्चे से निपटने के लिए तैनात किए गए हैं। इस तरह चीन व पाकिस्तान से किसी भी स्थिति में निपटने को वायु सेना तैयार है।

(लेखक सैन्य विज्ञान विशय के प्राध्यापक रहें हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

जयंती

विवेक शुक्ला




# गालिब को कैसे जिंदा किया मंटो ने

आप जब दिल्ली-6 की संकरी गलियों से गुजरते हुए मिर्जा गालिब के बल्लीमरान वाले घर या फिर वहां से आठ-दस किलोमीटर उनकी बस्ती निजामुद्दीन में मौजूद कब्र के पास खड़े होते हैं तो यह ख्याल भी आता कि इधर कौन-कौन उस सदियों के शायर को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए आया होगा। बेशक, गालिब से जुड़े इन दोनों स्मारकों पर हाजिरी देने कथाकार सआदत हसन मंटो तो आए ही होंगे। मंटो 1940 के दरम्यान दिल्ली में ही थे। वो 1940 के दशक के शुरूआती बरस थे। आजादी की लड़ाई का दौर था। देश में अंग्रेजी हुकुमत के खिलाफ गुस्सा बढ़ता जा रहा था। दिल्ली में भी लगातार आंदोलन हो रहे थे। उन दिनों सआदत हसन मंटो दिल्ली आकाशवाणी में नौकरी कर रहे थे। मंटो और उर्दू के मशहूर अफसाना निगार किशन चंदर साथ-साथ नौकरी करते थे। जब भी फुर्सत मिलती तो दोनों दिल्ली की सड़कों, गलियों और मोहल्लों की खाक छानते। मंटो की शख्सियत पर मिर्जा गालिब की शायरी का गहरा असर था। मंटो और कृष्ण चंदर जामा मस्जिद इलाके में उर्दू बाजार में घूमने-फिरने आते। मंटो रहते थे मोरी गेट में। ये नहीं हो सकता कि तब ये दोनों गालिब साहब के घर और कब्र पर ना गए हों। जामा मस्जिद से गालिब साहब का बल्लीमरान वाला घर कोई बहुत दूर तो है नहीं। अब वहां पर उनका स्मारक बना हुआ है। मंटो और कृष्ण चंदर मोरी गेट से टांगे पर जामा मस्जिद आ जाया करते होंगे। फिर वहां से गालिब के घर पैदल ही चले जाते होंगे। जहां अब गालिब स्मारक है वहां पर कोयले का टाल देखकर मंटो उदास जरूर होते होंगे। गालिब के घर के आगे खड़े होकर मंटो और कृष्ण चंदर ने जरूर बातें की होंगी कि वे (गालिब) यहां अपने दोस्तों के साथ कैसे गर्मियों में मीठे आम खाते होंगे। वे आमों के शौकीन थे। नसीरूद्दीन शाह 'गालिब' सीरियल में गालिब साहब के किरदार को निभाते हुए कई बार आम को चूसते हुए ही दिखाई देते हैं। तो साफ है कि गालिब साहब दशहरी ही पसंद करते होंगे। दशहरी आमों की खेती पश्चिम उत्तर प्रदेश में खूब होती रही है। बेशक, कभी ना कभी मंटो गालिब की कब्र पर भी पहुंचे होंगे।उनकी कहानी पर बनी मिर्जा गालिब फिल्म की सफलता के बाद फिल्म के निर्माता सोहराब मोदी ने गालिब की कब्र को संगमरमर के पत्थरों से ठीक करवाया था। मंटो ने दिल्ली में रहते हुए किशन चंदर के साथ 'बंजारा' फिल्म की कहानी भी लिखी। जिसे सेठ जगत नारायण ने खरीदा था। सेठ साहब दिल्ली की असरदार हस्ती थे। वे जगत, रिट्ज और नॉवेल्टी सिनेमा घरों के मालिक थे। उनका संबंध दिल्ली की खत्री बिरादरी से था। मंटो ने दिल्ली में ही 'मिर्जा गालिब' कहानी लिखी। वे दिल्ली में तकरीबन दो साल रहने के बाद अपने पसंदीदा शहर मुंबई लौट गए। उन्हें 'मिर्जा गालिब' फिल्म की कहानी लिखते हुए गालिब के घर और कब्र पर बिताया वक्त जरूर याद आता होगा। देश के विभाजन के बाद मंटो पाकिस्तान चले गए। उनका 1955 में निधन हुआ। तब देशभर में'मिर्जा ग़ालिब' फिल्म चल रही थी। मंटो की मौत से अवाक किशन चंदर ने तब लिखा था-'जिस दिन मंटो से मेरी पहली मुलाक़ात हुई, उस रोज मैं दिल्ली में था। जिस रोज़ वह मरा है, उस रोज़ भी मैं दिल्ली में मौजूद हूं। उसी घर में हूं, जिसमें चौदह साल पहले वह मेरे साथ पंद्रह दिन के लिए रहा था। घर के बाहर वही बिजली का खंभा है, जिसके नीचे हम पहली बार मिले थे। वह ग़रीब साहित्यकार था। वह मंत्री न था कि कहीं झंडा उसके लिए झुकता। आज दिल्ली में मिर्जा ग़ालिब पिक्चर चल रही है। इसकी कहानी इसी दिल्ली में, मोरी गेट में बैठ कर मंटो ने लिखी थी। एक दिन हम मंटो की तस्वीर भी बनाएंगे और उससे लाखों रुपये कमायेंगे।' मिर्जा ग़ालिब'1954 में रीलीज हुई तो उसकी स्पेशल स्क्रिनिंग राष्ट्रपति भवन में भी हुई। राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद और प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने देश की कई गणमान्य हस्तियों के साथ इसे देखा और पसंद किया। फिल्म देखने के बाद पंडित नेहरू ने सोहराब मोदी से कहा, 'आपने ग़ालिब को वापस जीवित कर दिया है।' इसमें भारत भूषण ने गालिब की भूमिका निभाई। मिर्जा गालिब ने अखिल भारतीय सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म के लिए राष्ट्रपति का स्वर्ण पदक और हिंदी में सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म के लिए राष्ट्रपति का रजत पदक जीता। बेशक, मिर्जा गालिब फिल्म ने उस अजीम शायर को जिंदा कर दिया था। इसका श्रेय मंटो को भी जाता है।



## योगः कर्मसु कौशलम



संकलित

दर्शन

चित्तवृत्ति का भगवान में विलीन हो जाना योग है। यह महायोग बनता है भगवान की अहैतुकी कृपा से! श्रीरामचरितमानस में जहां भी योग है, वह केवल ईश्वर विषयक ही है। उसका सात्विक प्रयोजन और कोई नहीं है। श्री भरत चित्रकूट में भगवान के हृदय से मिलकर शून्य स्थिति को प्राप्त हो गए। न बुद्धि की सत्ता रही, न मन की चंचलता। चित्त में कोई संस्कार शेष न रहा। यही स्थिति योगी की होती है। वह योग करते-करते ईश्वर से एकाकार होकर प्रेम रस से भर जाता है। उसकी वाणी अवरुद्ध हो जाती है और मन रिक्त हो जाता है। भक्त का योग जब भगवान से होता है, मन, बुद्धि और चित्त के साथ साधन अहं शून्य हो जाता है। मन, बुद्धि, चित्त और अहं की स्वीकृति केवल साधन काल में ही होती है, पर साध्य की परम प्राप्ति में इनकी विस्मृति ही योग है। श्रीमद्भगवद्गीता के सभी 18 अध्याय योग हैं। अर्जुन विषाद योग से प्रारंभ होकर गीता की 18 योगों की नदियां मोक्ष संन्यास योग बनकर श्रीकृष्ण समुद्र में जाकर पूर्णता को प्राप्त हो जाती हैं। द्वापर में जितना भार श्रीकृष्ण ने उठाया, उतना त्रेता में श्रीराम को नहीं उठाना पढ़ा, क्योंकि श्रीराम के साथ के लोग अनुकूल थे। उनका काल उनके अनुकूल था, जबकि भगवान कृष्ण को तो सारी गीता सुना-समझाकर, अपनी योगस्थिति को बाजी पर लगाकर अर्जुन से कहना पड़ा कि जितने धर्म मैंने तुझे बताए हैं, तू उन सबको छोड़कर मेरी शरण में आ जा, मैं तुझे सारे पापों से मुक्त कर तुझे भी मुक्त कर दूंगा। -स्वामी मैथिलीशरण

## भगवान को आपके धन की कोई आवश्यकता नहीं



संकलित

प्रेरणा

एक सेठ के पास एक व्यक्ति काम करता था। सेठ उस व्यक्ति पर बहुत विश्वास करता था। वो व्यक्ति भगवान का बहुत बड़ा भक्त था। वह सदा भगवान के चिंतन भजन कीर्तन स्मरण सत्संग आदि का लाभ लेता रहता था। एक दिन उस ने सेठ से श्री जगन्नाथ धाम यात्रा करने के लिए कुछ दिन की छुट्टी मांगी सेठ ने उसे छुट्टी देते हुए कहा- भाई! मैं तो हूं संसारी आदमी हमेशा व्यापार के काम में व्यस्त रहता हूं, तुम जा ही रहे हो तो यह लो 100 रुपए मेरी ओर से श्री जगन्नाथ प्रभु के चरणों में समर्पित कर देना। भक्त सेठ से सौ रुपए लेकर श्री जगन्नाथ धाम यात्रा पर निकल गया। वह श्री जगन्नाथ पुरी पहुंचा। मंदिर की ओर प्रस्थान करते समय उसने रास्ते में देखा कि बहुत सारे संत, भक्त जन, वैष्णव जन, हरि नाम संकीर्तन बड़ी मस्ती में कर रहे हैं। भक्त भी वहीं रुक कर हरिनाम संकीर्तन का आनंद लेने लगा। उसने सोचा क्यों ना सेठ के सौ रुपए से इन भक्तों को भोजन करा दूँ। सबको भोजन कराने में उसे कुल 98 रुपए खर्च करने पड़े। उसके पास दो रुपए बच गए उसने सोचा चलो अच्छा हुआ दो रुपए जगन्नाथ जी के चरणों में सेठ के नाम से चढ़ा दूंगा। भक्त ने श्री जगन्नाथ जी के दर्शन किए और अंत में उसने सेठ के दो रुपए श्री जगन्नाथ जी के चरणो में चढ़ा दिए। भगवान को आपके धन की कोई आवश्यकता नहीं है। भगवान को वह 98 रुपए स्वीकार है जो जीव मात्र की सेवा में खर्च किए गए और उस दो रुपए का कोई महत्व नहीं जो उनके चरणों में नगद चढ़ाए गए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**'एक देश एक चुनाव' क्यों जरूरी**

25 जनवरी, वर्ष 1950 को स्वतंत्र भारत में लोकतंत्र को स्थापित करने के लिए चुनाव आयोग की स्थापना हुई थी। जब से चुनाव आयोग की स्थापना हुई है और जो कोई भी निर्वाचन आयुक्त हुए, उनकी देखरेख में चुनाव प्रक्रिया में सुधार हुआ भी है। देश में हर समय चुनाव का मेला लगा रहने से आदर्श आचार संहिता के कारण नए विकास के काम रफ्तार नहीं पकड़ पाते, इससे राजनीतिक दलों के खर्च पर नियंत्रण तथा चुनाव में कालाधन खपाने जैसी समस्याओं पर भी लगाम नहीं लग पाता। सरकारी विभागों के कर्मचारी चुनाव प्रक्रिया में व्यस्त रहते हैं। इससे आमजन को सरकारी विभागों में काम करवाने में परेशानी होती है।

**- संदीप देवांगन**, रायगढ़

## ट्रेंड

### रक्षा का संकल्प



वीर बाल दिवस भारतीयता की रक्षा के लिए, कुछ भी कर गुजरने के संकल्प का प्रतीक है। वीर बालदिवस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री का उद्बोधन हम सभी को विशेषकर देश की युवा पीढ़ी को विरासत पर गर्व कर आगे बढ़ने के लिए और अधिक प्रेरित करेगा।

-धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री

### आविर्भाव दिवस की शुभकामनाएं



ईश्वर एवं गुरु तत्व की समन्वित अभिव्यक्ति अपने आश्रितजनों को श्रेष्ठता के शिखर वरेण्य तत्व का साक्षात्कार कराने वाले वेद योगादि विद्याओं के प्रवर्तक आद्य गुरु महायोगी भगवान दत्तात्रेय के आविर्भाव दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं।

-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु

### आशा के अनुरूप काम



लोक सभा चुनाव संबंधित तैयारियों को लेकर बिहार प्रदेश के नेताओं से चर्चा हुई। बिहार में महागठबंधन सरकार लोगों को आशा के अनुरूप काम कर रही है। हम सामाजिक न्याय के प्रति प्रतिबद्ध हैं।

-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

### नौसेना का धन्यवाद



नौसेना का नया स्टील्थ गाइडेड मिसाइल विध्वंसक 'इम्फाल' पर भारतीय नौसेना को धन्यवाद। हमारे महासागरों को सुरक्षित बनाने के लिए और हम अपने कार्यबल के कौशल और तकनीकी क्षमताओं में भारी उन्नयन का स्वागत करते हैं जो घर पर ऐसे जहाजों के निर्माण से आता है।

-आनंद महिंद्रा, उद्योगपति

## करंट अफेयर

# गाजा में हजारों युद्धपीड़ितों की जिंदगी हुई नरक

इजराइली हवाई हमले में घायल हुई 22 वर्षीय शाइमा नाबाहिन के सामने उसकी जिंदगी का सबसे बड़ा सवाल खड़ा हो गया जब चिकित्सकों ने उसे दो विकल्प दिए – या तो अपना बायां पैर कटवा लो या फिर मरने के लिए तैयार रहो। इजराइली हवाई हमले में उसका टखना कुचला गया था और शाइमा को लगभग एक सप्ताह तक गाजा में अस्पताल में भर्ती रहना पड़ा था। चिकित्सकों ने बताया कि उसके खून में जहर फैल गया । चिकित्सकों द्वारा दिए गए दो विकल्पों में से शाइमा ने जीवित रहने का विकल्प चुना और अपने पैर को घुटने से नीचे 15 सेंटीमीटर (छह इंच) कटवाने पर राजी हो गई। इस फैसले ने विश्वविद्यालय में पढ़ने वाली छात्रा के जीवन को पूरी तरह से बदलकर रख दिया। गाजा में युद्ध में घायल हजारों लोगों को इस स्थिति का सामना करना पड़ रहा है ।विशेषज्ञों का मानना है कि कुछ मामलों में उचित इलाज से अंगों को बचाया जा सकता था। लेकिन इजराइल के कई हफ्तों के हवाई और जमीनी हमले के बाद गाजा के 36 अस्पतालों में केवल नौ अस्पताल अभी संचालित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इनमें बहुत भीड़ है, इलाज की सीमित व्यवस्था है और सर्जरी करने के लिए बुनियादी उपकरणों की कमी है।



## ऑफ बीट

# मुझे कोविड है! लॉग कोविड की कितनी संभावना है?

ऑस्ट्रेलिया के कुछ हिस्सों में ईजी .5 या एरिस कोविड वैरिएंट प्रमुख है। एरिस, अन्य परिसंचारी उपभेदों के साथ, ओमिक्रॉन के वंशज हैं। हालांकि ये स्ट्रेन मूल अल्फा और डेल्टा वेरिएंट की तुलना में कम गंभीर दिखाई देते हैं, लेकिन लंबे समय तक कोविड का खतरा बना रहता है। तो नवीनतम डेटा लंबे समय तक कोविड की संभावना के बारे में क्या कहता है? आपको किन लक्षणों पर ध्यान देना चाहिए? और लंबे समय तक कोविड से पीड़ित लोगों की सहायता के लिए क्या किया जा सकता है? जब कोविड 'लॉग कोविड' बन जाता है ।अधिकांश लोगों के लिए, लंबे समय तक कोविड का मतलब है कोविड संक्रमण के बाद ठीक नहीं होना। विश्व स्वास्थ्य संगठन लंबे समय तक चलने वाले कोविड को बीमारी के संक्रमण की शुरुआत से कम से कम तीन महीने तक जारी रहने वाले या नए लक्षणों के रूप में परिभाषित करता है जो कम से कम दो महीने तक रहता है और इसे वैकल्पिक निदान द्वारा समझाया नहीं जा सकता है। सबसे आम लक्षणों में थकान, सांस फूलना, सिरदर्द और पेट दर्द शामिल हैं। लेकिन लंबे समय तक कोविड से पीड़ित लोग हृदय संबंधी समस्याओं, मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं जैसे अवसाद और चिंता, अनिद्रा, मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द और गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल समस्याओं सहित कई प्रकार की समस्याओं का अनुभव कर सकते हैं।



**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# सबसे चर्चित कैमियो जिन्होंने 2023 में सुर्खियां बटोरीं

**मुंबई।** 2023 के सिनेमाई क्षेत्र में, कैमियो शक्तिशाली उत्प्रेरक के रूप में उभरे, जिन्होंने सीमित समय सीमा के भीतर फिल्म कथाओं में जीवन शक्ति का संचार किया। संक्षिप्त लेकिन प्रभावशाली क्षणों की विशेषता वाली इन विशेष प्रस्तुतियों ने सिनेमाई अनुभव को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह हैं 2023 में हिंदी फिल्म उद्योग के सबसे चर्चित कैमियो।

### रितिक रोशन - टाइगर 3

हाल के दिनों में हिंदी सिनेमा का सबसे अच्छा रहस्य वायआरएफ की दिवाली रिलीज़ टाइगर 3 में ऋतिक रोशन का अंतिम क्रेडिट कैमियो था। वायआरएफ की वॉर फ्रैंचाइज़ी में एजेंट कबीर के रूप में ऋतिक रोशन ने दर्शकों को एक अप्रत्याशित आश्चर्य दिया। कबीर के रूप में अपनी भूमिका को दोहराते हुए, ऋतिक ने वॉर 2 के लिए उत्सुकता और प्रत्याशा चरम पर पहुंचा दी क्योंकि वह एक हिंसक अवतार में सेल्युलाइड पर लौट आए। 2 मिनट 22 सेकंड के कैमियो को दर्शकों से ज़बरदस्त प्रतिक्रिया मिली, जिसमें ऋतिक ने कबीर के रूप में दिल जीत लिया, जिससे वाईआरएफ के जासूसी ब्रह्मांड के लिए उन्माद और मजबूत हो गया।



### दीपिका पादुकोन - जवान

जवान की रिलीज के साथ, दीपिका पादुकोण के ऑनस्क्रीन किरदार की अटकलें आखिरकार खुलकर सामने आ गईं। शाहरुख खान उर्फ विक्रम राठौड़ की पत्नी और आजाद (एसआरके की भी) मां ऐश्वर्या के रूप में दीपिका का विस्तारित कैमियो उम्मीद से परे चला गया, जिसने दर्शकों को शुरू से अंत तक मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके सम्मोहक प्रदर्शन ने पूरे /"जवान/" में दर्शकों को अपनी सीटों से बांधे रखा।

### सलमान खान - पठान

पठान में सलमान खान की चमकदार उपस्थिति ने प्रशंसकों को रोमांचित कर दिया, टाइगर फ्रेंचाइजी के साथ एक क्रॉसओवर पल बनाया और जासूसी थ्रिलर के उत्साह को बढ़ा दिया।

### शाहरुख खान - टाइगर 3

टाइगर 3 में शाहरुख की एंट्री ने वाईआरएफ के जासूसी जगत में प्रवेश का काम किया। पठान और टाइगर के बीच सहयोग ने प्रशंसकों को प्रसन्न किया।

### बॉबी देओल - एनिमल

सीमित स्क्रीन समय के बावजूद, एनिमल में बॉबी देओल के विस्तारित कैमियो ने अपार सराहना अर्जित की। उनके वायरल प्रवेश गीत और सम्मोहक प्रदर्शन ने प्रशंसकों को उनकी स्क्रीन उपस्थिति से आश्चर्यचकित कर दिया, जो एक अच्छी तरह से निष्पादित कैमियो के प्रभाव को साबित करता है।

## शाहिद संग एक्शन थ्रिलर फिल्म में आएंगी नजर

बॉलीवुड अभिनेत्री पूजा हेगड़े एक्शन थ्रिलर फिल्म में शाहिद कपूर के साथ काम करती नजर आएंगी। ज़ी स्टूडियोज़ और रॉय कपूर फिल्म्स द्वारा निर्मित एक्शन थ्रिलर फिल्म में पूजा हेगड़े को लीड फीमेल रोल के लिए चुना गया है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

इस फिल्म में पूजा हेगड़े शाहिद कपूर के साथ नजर आएंगी। निर्देशक रोशन एंड्रयूज़, ज़ी स्टूडियो के सीईओ शारिक पटेल और निर्माता सिद्धार्थ रॉय कपूर ने कहा, पूजा हेगड़े को बोर्ड पर लाना हमारे लिए एक आसान निर्णय था क्योंकि वह बेहद वर्सटाइल और होनहार हैं। जिनभी अभिनेताओं के साथ पूजा की जोड़ी बनी है, उनके साथ उनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री व्यापक रूप से पहचानी जाती है, और हमें यकीन है कि दर्शकों को इस फिल्म में उनका दूसरा पक्ष देखने को मिलेगा। हम पूजा को बोर्ड पर पाकर बहुत खुश हैं। पूजा हेगड़े ने कहा, यह एक रोमांचक लेकिन अलग कहानी वाली एक बहुत ही खास फिल्म है। रोशन एंड्रयूज बड़े पर्दे पर जादू बुनने के लिए जाने जाते हैं, और मैं इस यात्रा को शुरू करने के लिए इंतजार नहीं कर सकती, जिससे दर्शक मुझे ऐसी अनोखे और अलग भूमिका में देख सकें। मैं शाहिद कपूर के साथ काम करने के लिए भी उत्सुक हूं; वह एक शानदार कलाकार हैं और मुझे उम्मीद है कि हमारा सहयोग यादगार रहेगा।



## जैकी संग प्यार का किया इजहार



**मुंबई।** अभिनेता और निर्माता जैकी भगनानी ने 25 दिसंबर को अपना 39वां जन्मदिन मनाया। जैकी के जन्मदिन पर रकुल ने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें साझा कर अपने प्यार का इजहार किया है। इसके साथ उन्होंने नोट भी लिखा है। रकुल ने जैकी संग अपनी तस्वीरें साझा कर लिखा, 'जन्मदिन मुबारक हो मेरे प्यार। इस जन्मदिन पर और हर दिन मैं कामना करती हूं कि आपको वह सब मिले जो आप चाहते हैं। आपकी दयालुता और मासूमियत मिलना दुर्लभ है।' उन्होंने आगे लिखा, 'आपके चुटकुले सबसे मूर्खतापूर्ण हैं, लेकिन मुझे यह मानना होगा कि आप मजाकिया हैं। भगवान आपकी रक्षा करें, क्योंकि आपके जैसे पुरुष बहुत कम हैं। रोमांच, सफर, खाना और हंसना है और हमें हमेशा साथ रहना है।' इस खास मौके पर दुनियाभर में मौजूद प्रशंसकों ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।

## विलेन बन खेसारी से लेंगे टक्कर



**मुंबई।** अभिनेता आर्यन बब्बर भोजपुरी फिल्म राजाराम में विलेन की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म रेड्डी में सलमान खान से लोहा ले चुके आर्यन बब्बर अब टेक्नीशियन फ़िल्म फैक्टरी के बैनर तले बन रही फिल्म राजाराम में मुख्य विलन की भूमिका में नजर आएंगे।

**DELHI PUBLIC SCHOOL, BHILAI**
*(Under the aegis of the Delhi Public School Society, Delhi)*
RISALI SECTOR, BHILAI (C.G.) 490006
(Co-Educational, English Medium, CBSE Affiliation no. 3330009)

**Requires**

1. PGT- English 2. PGT- Biology 3. PGT- Home Science
4. TGT- Hindi 5.TGT- History 6. TGT- Economics
7. TGT- Physical Education 8. PRT- Hindi
9. PRT-Maths 10. PRT-PPW 11. PRT- Art & Craft

Application form can be downloaded from the school website. Apply on or before **16/01/2024** with a Demand Draft/Banker's Cheque of Rs. 500/- drawn in favour of the Principal, Delhi Public School, payable at Bhilai **(can be paid in cash also at the school office between 8:00 a.m. and 12:00 noon on working days).**
**FOR DETAILS PLEASE VISIT OUR WEBSITE: www.dpsbhilai.in** PRINCIPAL

Deepak Advts.







72198 21111 | BAJAJ FINANCE LTD - AF | BAJAJ SECURE • AMC • ROAD SIDE ASSISTANCE

नियम और शर्तें लागू. *शुरुआती क़ीमत पल्सर 125 नियॉन, पल्सर 125 कार्बन फ़ायबर और NS125 वैरिएंट के लिए है. फ़ायनान्स, फ़ायनान्सर के स्व-निर्णय के अधीन. बजाज ऑटो के पास बिना पूर्व सूचना के किसी भी ऑफ़र या सभी ऑफ़र्स को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफ़ेशनल सुपरविज़न के तहत, आम जनता या आम रास्तों से हट कर नियंत्रित और बंद सीमित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नक़ल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफ़िक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें. एएमसी विशेष मॉडल्स और विशेष राज्यों में ही उपलब्ध है. अधिक जानकारी के लिए बजाज डीलर से संपर्क करें. रोड साइड सहायता अन्य पक्षों द्वारा उपलब्ध कराई जाती है और वह उनके नियम और शर्तों के अधीन होती है.

**Authorized Dealers for Bajaj Auto Ltd.:** Raipur: Ashram Chowk (GE Road) VANDANA BAJAJ 4083927, 7000931134, •Devpuri Raipur Arun Bajaj 7415295930, •Baloda Bazar Arun Bajaj 9009399506, • Bhatapara Arun Bajaj 7828353259 • Bhilai AVN BAJAJ 4252700, 7771844400 • Durg VENKATESH BAJAJ 4060122,9826161065 • Dhamtari TIRUPATI BAJAJ 9399607355, 7987872343 • **Kanker** 7697343206 • Jagdalpur T M BAJAJ 9977293466, 222466 • **Mahasamund** BHAWANI BAJAJ 9424205048, 224789 •**Saraipali** BHAWANI BAJAJ 9424205048 • **Rajnandgaon** KAKKAD BAJAJ 9301111111 • Kawardha CHANDRAYAN BAJAJ 9993988333. **Authorised Service Centre:** Abhanpur 9425510725, Ahiwara 9300771932, Ambagarh Chowki 8085558568, Arang 8224026403,8770906243, Bagbahara 9926161553, Balod 9300007755, Bakhara 7000627684, Basna 9753408127, Baya 7748070011, Bemetra 9303035355, Berla 9424132982, Bhanupratappur 9977911298, Bhatapara, 7611122772, Chandrakhuri 9826764123,s Charama 7987079755, Charoda 9907448800, Chhuriya 7999113621, Dallirajhra 9229940000, , Dantewada 9425594844, Dongergaon 8770405245, , Fingeshwar 7000189472, Gariyaband 7777888487, Gidhori 9425202238, Gunderdehi 7354060136, Jhalap 9753559579, Kanker 9340388065, Kasdol 9826142260,Keshkal 9425592466, Khairagarh 6263744912, Koikukkdur 9993988333, Komakhan 8319131967, Kondagaon 9131609699, Kurud 7470499500, Mainpur 7000931134, Nagri 9109099900, Nawagarh: - 9981235777, Nayapara 9826433867, Pakhanjur 9425593572, Pandatarai 7470991444, Patan 9893604812, Pharasgaon 9826347547, Pirda 9977377533, Pithoda 9713118410, Rajim- 8602057777, Ranitarai 9617444325, Risali 9098847683, Sankra 8120008091, Sargaon 700079773, Singhanpur 9713848382, Simga 8827777456, Tilda 9329068989, Telibandha 7000931134, Tendukona 9425512175 , Utai 7566001523.

## जैकेट के शेष

### छग के इतिहास ....
लेकर आम लोगों में भारी उत्सुकता है, लिहाजा लोग सरकार से जुड़ी हर जानकारी लेने के लिए तत्पर हैं। इसी सिलसिले में मंत्रियों के विभागों के बारे में लगातार पूछा जा रहा है।

### मंत्रियों को विभाग .....
होता है। दूसरी ओर मंत्रियों को जब तक विभाग नहीं मिल जाते, वे किसी विभाग का कोई काम नहीं कर सकते। ऐसे में वे बिना विभाग के मंत्री ही बने रहते हैं।

### विभागों से तय होती है ....
की बात की जाए, तो यहां अभी मंत्री का एक पद खाली रखा गया है। मंत्रियों के जो पद बांटे गए हैं, उनमें कई बार चुनाव जीतने वाले और कई बार मंत्री के रूप में काम करने वाले अनुभवी नेताओं के साथ पहली बार विधानसभा में प्रवेश करने वाले पहली बार के विधायकों को भी मंत्री बनने का मौका मिला है। इसी वजह से भी लोगों की उत्सुकता है कि किस मंत्री को कौन सा विभाग दिया जा रहा है।

### किस मंत्री को .....
सामने आएंगे। हालांकि मंत्रियों के चयन में भी समय लगा और फिर 22 दिसंबर को 9 मंत्रियों को शपथ दिलाई गई, लेकिन उसी समय या उसके बाद मंत्रियों के विभाग घोषित नहीं हुए। अब राज्य की जनता के बीच यही सबसे बड़ा सवाल बचा है कि किस मंत्री को कौन सा विभाग दिया जा रहा है।

### 3 जनवरी तक पूर्व ....
कराकर वहां साफ-सफाई का कार्य कराए जाने के बाद उन्हें आबंटन किया जाना है। चुनाव परिणाम आने के बाद पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर ने सरकारी बंगला खाली किया है। शेष मंत्रियों का बंगला अभी खाली नहीं हुआ है। गृह विभाग की संपदा शाखा द्वारा शासकीय आवास आबंटन की प्रक्रिया पूरी की जाती है। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में पूर्व सरकार के नौ पूर्व मंत्री चुनाव हार गए थे, वहीं तीन पूर्व मंत्रियों ने जीत दर्ज की थी। परिणाम आने के बाद एक माह के अंदर सभी पूर्व मंत्रियों को आबंटित सरकार आवास खाली करने का नियम है। संपदा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि नए मंत्रियों के शपथ ग्रहण के बाद बंगलों के आबंटन की प्रक्रिया अभी रुकी हुई है। शहर में जो बंगले हैं, उन्हें रिक्त कराने के बाद वहां पर क्या काम होना है, इसका आकलन करने के बाद काम का उन्हें नए लोगों को आबंटित किया जाएगा।

**सीएम हाउस से नेम प्लेट हटी :** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का सिविल लाइंस स्थित मुख्यमंत्री निवास से उनकी नेम प्लेट हट गई है, लेकिन अभी उनका बंगला खाली नहीं हुआ है। बताया जाता है कि उन्हें राज्य शासन द्वारा नया बंगला आबंटित होने के बाद इसे खाली करेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पत्र लिखकर पूर्व मंत्री जय सिंह अग्रवाल का बंगला उन्हें आबंटित करने का प्रस्ताव दिया है। संपदा विभाग के अधिकारियों के अनुसार अभी उनके इस प्रस्ताव पर कोई निर्णय नहीं हुआ है।

### नया सीएम निवास .....
गया है। हैंडओवर के बाद नए साल में मुख्यमंत्री यहां शिफ्ट हो सकते हैं। अधिकारियों ने बताया कि यहां पर काम पूरा हो गया है।

### सीएम साय का ....
को पात्रतानुसार शासकीय उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से निःशुल्क चावल मिलेगा।

### कोरोना की दवा ....
खाना खाकर अपने कमरे में चले गए। हेमलाल अपनी पत्नी, दो बेटी के साथ ऊपर कमरे में सोने चला गया। इस दौरान ऋतिका अपने दादा-दादी के साथ नीचे थी। तभी हेमलाल ने प्रिया व मुस्कान को कोरोना भगाने की दवा कहकर जहर खिला दिया। हेमलाल पहले ही यह दवा खा चुका था। जब उसने पत्नी जान्हवी को दवा खाने को कहा तो वह मना कर दी, लेकिन थोड़ी देर बाद वह भी इसे खाली। रात 11.20 बजे सबकी अचानक तबीयत खराब होने लगी तो परिवार वाले सभी को अस्पताल उपचार के लिए लेकर गए। जहां हेमलाल और उसकी बेटी प्रिया की मौके पर मौत हो गई। जबकि पत्नी जान्हवी और मुस्कान की तबियत खबर लिखे जाने तक खराब है। एक ही परिवार के चार लोगों के जहर खाने का मामला सामने आने के बाद जामुल क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

**सर्दी खांसी की दवा खिलाई थी :** टीआई केशव राम कोसले ने बताया कि पत्नी जान्हवी ने बयान में बताया कि सर्दी खांसी की दवा के नाम पर सभी को पति हेमलाल ने खिलाई। उसके बाद से बेटियों की तबियत बिगड़ी चली गई। हेमलाल पहले दवा खा चुका था। उसके बाद परिवार पत्नी और दोनों बेटियों को खिलाया। उसकी चोटी बेटी ऋतिका अपने दादा-दादी के साथ सो रही थी, इस कराण उसकी जान बच गई।

### आत्मघाती कदम से ....
बेटी और पत्नी भी खाली। चारों की तबियत बिगड़ने से पत्नी जान्हवी नीचे सास-ससुर के पास पहुंची और पूरी जानकारी दी। घर वालों ने तुरंत उन्हें अस्पताल पहुंचाया। हेमलाल के बारे में बताया जा रहा है कि तीन-चार वर्ष पहले ही शराब पिया करता था, लेकिन अभी लंबे समय से शराब पीना भी छोड़ चुका था। परिवार में सब कुछ ठीक चल रहा था। लेकिन इस तरह का आत्मघाती कदम उठाने को लेकर परिवार के लोग भी सकते में है।

## पेज एक के शेष

### समुद्र का बाहुबली, दुश्मनों...
नॉर्थईस्ट के राज्य पर रखा गया है। 16 अप्रैल 2019 को राष्ट्रपति ने इसे मंजूरी दे दी थी। बताया जा रहा है कि आईएनएस इंफाल की टेस्टिंग की जा चुकी है, जो सफल रही है। समुद्र में सफल टेस्टिंग के बाद आईएनएस इंफाल को 20 अक्टूबर को भारतीय सेना को सौंपा गया था। यह ऐसे कई हथियारों से लैस हैं जो दुश्मन के गढ़ में तबाही मचा सकते हैं।

### धर्म संकट में विपक्ष, भाजपा...
जाएगा। इधर, कन्नौज के भाजपा सांसद सुब्रत का बड़ा बयान आया है। उन्होंने विपक्षी समाजवादी पार्टी पर बड़ा हमला बोला है और राम मंदिर दर्शन पर रोक लगाने की मांग की है। सांसद ने एक बयान जारी कर अयोध्या राम मंदिर समिति से अनुरोध किया है कि वह राम भक्तों के हत्यारे एसपी को प्रतिष्ठा समारोह में आमंत्रित न करें। उनके इस बयान के बाद राजनीति गरमा गई है। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एच.डी. कुमारस्वामी ने मंगलवार को कहा कि वह 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में राम मंदिर में भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होंगे। जनता दल (सेक्युलर) में दूसरे नंबर के नेता कुमारस्वामी ने एक बयान में कहा कि उन्हें कार्यक्रम में शिरकत के लिए श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट की ओर से आधिकारिक निमंत्रण मिला है। कुमारस्वामी के अनुसार, ट्रस्ट के नेता मंगलवार को बेंगलुरु में उनके आवास पर आए, उन्हें निमंत्रण पत्र सौंपा और परिवार के साथ कार्यक्रम में शरीक होने का अनुरोध किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के अखिल भारतीय संकाह प्रमुख राम लाल व अन्य ने कुमारस्वामी, उनकी पत्नी अनीता कुमारस्वामी और बेटे निखिल कुमारस्वामी को ट्रस्ट की ओर से न्योता दिया।

**बृंदा बोलीं- धार्मिक आयोजन को राजनीति से जोड़ दिया :** अयोध्या मामले पर सीपीएम नेता बृंदा करात का बयान सामने आया है उन्होंने कहा, हम नहीं जाएंगे। हम धार्मिक आस्था का सम्मान करते हैं। लेकिन वे लोग यानी भाजपा एक धार्मिक आयोजन को राजनीति से जोड़ रही है। धर्म को राजनीति का हथियार बनाना ठीक नहीं है।

### सीएम बनने के बाद...
तक श्री साय को अपने गांव जाने की मोहलत नहीं मिल पाई थी। उनके मुख्यमंत्री बनने के बाद बगिया गांव के लोगों में खुशी की लहर थी, लेकिन उन्हें बतौर मुख्यमंत्री अपने गांव में देखने का मौका अब तक नहीं मिला था। बगिया के लोगों के लिए यह अवसर बुधवार को मिलने वाला है।

**ये है सीएम का कार्यक्रम 27 को :** दौरा कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री श्री साय 27 दिसम्बर बुधवार को रायपुर विवेकानंद एयरपोर्ट से विशेष विमान से दोपहर 2 बजे रवाना होकर 2.40 बजे जिंदल एयरस्ट्रीप रायगढ़ पहुंचेंगे और अपरान्ह 3 बजे वहां से रायगढ़ के कबीर चौक जाएंगे। मुख्यमंत्री कबीर चौक से शुरू होने वाले रोड-शो कार्यक्रम में शामिल होने के साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे। मुख्यमंत्री शाम 5.45 बजे से लेकर 7.45 बजे तक रायगढ़ में अग्रोहा धाम के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री इसके बाद रायगढ़ के होटल ट्रिनिटी ग्रैंड में पत्रकारों एवं वरिष्ठ नागरिकों से मुलाकात करेंगे। मुख्यमंत्री 28 दिसम्बर को रात्रि में कोसमनारा बाबा आश्रम भी जाएंगे और रात्रि विश्राम रायगढ़ सर्किट हाउस में करेंगे।

**28 को गृह जिले जशपुर में व्यस्त कार्यक्रम :** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 28 दिसम्बर रायगढ़ सर्किट हाउस से प्रातः 8.20 बजे प्रस्थान कर प्रातः 8.40 बजे बनोरा आश्रम रायगढ़ पहुंचेंगे और वहां से प्रातः 9.50 बजे सर्किट हाउस वापस आएंगे। मुख्यमंत्री श्री साय जिंदल एयरस्ट्रीप रायगढ़ से प्रातः 11 बजे हेलीकॉप्टर से प्रस्थान कर पूर्वान्ह 12.10 बजे जशपुर जिले के ग्राम सोगड़ा पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री जशपुर में जैन मंदिर के पास पूर्वान्ह 12.30 बजे सौरभ सागर महाराज द्वार का लोकार्पण करेंगे। इसके बाद कल्याण आश्रम जाएंगे और दोपहर 1.20 बजे सर्किट हाउस जशपुर पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री सर्किट हाउस से दोपहर 2 बजे प्रस्थान कर दोपहर 2.10 बजे जशपुर में स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद रंजीता स्टेडियम में दोपहर 2.30 बजे आयोजित जशपुरिया माटी अटल सुशासन समारोह में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री कार्यक्रम के बाद अपरान्ह 4 बजे रंजीता स्टेडियम से प्रस्थान कर 4.10 बजे बालाजी मंदिर पहुंचेंगे। इसके बाद पुलिस लाइन हेलीपेड जशपुर से अपरान्ह 4.30 बजे हेलीकॉप्टर से प्रस्थान कर अपरान्ह 4.50 बजे ग्राम बगिया पहुंचेंगे और वहां शाम 6 बजे से कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। मुख्यमंत्री ग्राम बगिया में ही रात्रि विश्राम करेंगे।

### अपने घर में करेंगे...
अग्रोहा धाम के लोकार्पण समारोह में शामिल होंगे। जशपुर जिले में 28 दिसम्बर को सौरभ सागर महाराज द्वार का लोकार्पण कार्यक्रम और जशपुरिया माटी अटल सुशासन समारोह में शामिल होंगे। इसके बाद पुलिस लाइन हेलीपेड जशपुर से अपरान्ह 4.30 बजे हेलीकॉप्टर से प्रस्थान कर अपरान्ह 4.50 बजे ग्राम बगिया पहुंचेंगे और वहां शाम 6 बजे से कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। मुख्यमंत्री ग्राम बगिया में ही रात्रि विश्राम करेंगे।

### विनेश ने लौटाया खेल...
लौटा दिए थे। विनेश ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट किए गए पत्र में घोषणा की,"मैं अपने मेजर ध्यानचंद खेल रत्न और अर्जुन पुरस्कार लौटा रही हूं। गुरुवार को संजय सिंह को डब्ल्यूएफआई का अध्यक्ष चुना गया था। बृजभूषण के करीबी संजय के गुट ने इन चुनाव में 15 में से 13 पद जीते थे। पहलवानों ने इससे पहले मांग की थी कि बृज भूषण का कोई भी करीबी डब्ल्यूएफआई प्रशासन में नहीं होना चाहिए।

## राशिफल


**मेष** – मन अशान्त रहेगा। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों के साथ वाद-विवाद से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।


**वृष** – मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी।


**मिथुन** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। नौकरी में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।


**कर्क** – मन अशान्त रहेगा। मन में निराशा एवं असन्तोष भी हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा, परन्तु कुछ कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।


**सिंह** – आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित रहें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है।


**कन्या** – नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है। आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। सहयोग मिलेगा।


**तुला** – आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु मन अशान्त हो सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है।


**वृश्चिक** – मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के क्रोध से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।


**धनु** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। विदेशी कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।


**मकर** – आत्म संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च बढ़ेंगे।


**कुंभ** – आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेगा। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। पिता का साथ मिल सकता है।



**मीन** – अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

## खैबर-पख्तूनख्वा की एक सीट से सवीरा को मिला टिकिट

# पाकिस्तान के इतिहास में पहली बार हिंदू महिला लड़ेगी चुनाव

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पाकिस्तान में अगले साल 8 फरवरी, 2024 को आम चुनाव होने जा रहे हैं। इस चुनाव में पहली बार एक हिंदू महिला ने भी खैबर-पख्तूनख्वा की एक सीट से नामांकन दाखिल किया है। इस महिला का नाम सवीरा प्रकाश है। 25 साल की डॉक्टर सवीरा प्रकाश को बिलावल भुट्टो जरदारी की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत से विधानसभा चुनाव के लिए टिकट दिया है। सवीरा बुनेर जिले से चुनाव लड़ेंगी। उनके पिता ओम प्रकाश ने न्यूज एजेंसी PTI को यह जानकारी दी। पाकिस्तान में पहली बार कोई हिंदू महिला विधानसभा चुनाव लड़ रही है।





**कौन हैं सवीरा प्रकाश**

डॉ. सवीरा प्रकाश बिलावल खैबर पख्तूनख्वा के बुनेर जिले की रहने वाली हैं। वह मेडिकल ग्रेजुएट हैं और बिलावल भुट्टो जरदारी की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के टिकट पर PK-25 सामान्य सीट से चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं। उनके पिता डॉ ओम प्रकाश तीन दशकों से अधिक समय से पीपीपी के सदस्य हैं।

### डॉक्टरी की पढ़ाई
सवीरा ने 2022 में खैबर पख्तूनख्वा के एबटाबाद जिले के एक निजी कॉलेज ऐबटाबाद इंटरनेशनल मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस की डिग्री पूरी की थी। बुनेर में वो पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी की वुमन विंग की सेक्रेटरी भी हैं। उन्होंने डॉन को बताया कि उनकी मेडिकल फील्ड से होना इस बात की पुष्टि करती है कि मानवता की सेवा करना उनके खून में है। उन्होंने पाकिस्तान में महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में काम करने की इच्छा जताई है।

### इस वजह से उतरी चुनावी मैदान में
सवीरा ने कहा कि मैंने पाकिस्तान में सरकारी अस्पतालों में खराब व्यवस्था को खुद अनुभव किया है। इसी चीज ने उन्हें चुनाव लड़ने के लिए प्रेरित किया है।

### गैर मुस्लिमों के लिए है 10 सीट आरक्षित
पाकिस्तान में पहले 8 फरवरी, 2024 को चुनाव के दौरान उम्मीदवार नेशनल असेंबली की 266 सामान्य सीटों के लिए चुनाव लड़ेंगे। सोमवार तक कम से कम 28,626 उम्मीदवारों ने चुनाव के लिए अपना नामांकन दाखिल किया है। पाकिस्तान में महिलाओं के लिए 60 सीटें आरक्षित हैं, जबकि गैर मुस्लिमों के लिए सीटों की संख्या 10 है। इसके अलावा वे सभी 266 सीटों पर चुनाव लड़ सकते हैं।

# श्रमिकों-वंचितों को सशक्त बनाना प्राथमिकता आपकी मुस्कुराहट बेहतर काम की प्रेरणा

## मजदूरों से बोले प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि गरीबों की सेवा, श्रमिकों और वंचितों को सशक्त बनाना उनकी सरकार की प्राथमिकता है। सुनहरा भविष्य उनका इंतजार कर रहा है। प्रधानमंत्री ने इंदौर में आयोजित मजदूरों का हित, मजदूरों को समर्पित कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा कि इस तारीख को श्रमिकों के लिए न्याय की तारीख के तौर पर याद किया जाएगा। पीएम मोदी ने 224 करोड़ रुपये का एक चेक भी सौंपा, जिससे वर्षों पहले बंद हो चुकी इंदौर स्थित हुकुमचंद मिल के 4800 मजदूरों का बकाया भुगतान किया जाएगा। उन्होंने इतने धैर्य के साथ एक लंबी लड़ाई लड़ने के लिए मजदूरों की सराहना की। साथ ही कहा कि इन श्रमिकों के मुस्कुराते चेहरे और मालाओं की खुशबू सरकार को समाज की भलाई के काम करने के लिए प्रेरित करती रहेगी।

नई सरकार बनने के बाद मध्य प्रदेश में पहली बार किसी कार्यक्रम का हिस्सा बने पीएम मोदी ने कहा कि पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर आयोजित प्रदेश की नई सरकार का यह कार्यक्रम गरीबों और वंचित श्रमिकों को समर्पित है। पीएम मोदी ने कहा कि हुकुमचंद मिल 1992 में बंद होने के बाद श्रमिकों ने बकाया भुगतान के लिए लंबी लड़ाई लड़ी थी। पीएम मोदी ने कहा, मैं आपके धैर्य के आगे नतमस्तक हूं, आपके परिश्रम को प्रणाम करता हूं।

**कार्यालय संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय, रायपुर (छ. ग.)**

क्रमांक / डॉ.भी.अ.चि. / क्रय 18922 रायपुर दिनांक 22/12/2023

**"ई-प्रोक्यूरमेंट सिस्टम निविदा आमंत्रण सूचना"**

डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय, रायपुर (छ.ग.) में Biomedical Waste Collection Bags क्रय करने के लिए ऑन लाइन निविदा क्रमांक 150046 आमंत्रित की गई है। इसका विस्तृत विवरण वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in पर सिस्टम टेण्डर क्रमांक 150046 में देखा जा सकता हैं।

| | |
|---|---|
| BID SUBMISSION START DATE | 23 DEC, 2023 5:30:00 PM IST |
| BID DUE DATE | 23 JAN, 2024 12:00:00 PM IST |
| PHYSICAL FDR SUBMISSION END DATE | 23 JAN, 2024 12:30:00 PM IST |
| BID OPEN DATE (SCHEDULED) | 23 JAN, 2024 1:00:00 PM IST |

संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक
डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय
रायपुर (छ. ग.)
G-06667/3

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा**
सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114
Email :- eedwsd.garhwa1@gmail.com

**ई-प्रोक्योरमेन्ट सूचना**

निविदा सूचना संख्या - DWSD/GAR-24/2023-24 दिनांक 26.12.2023
(प्रथम कॉल)

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work :- Utility Shifting of Raw and Clear Water Rising Main & Distribution Pipe lin e of Madheya, Rural Pipe Water Supply Scheme due to road Widening under D .W.&S. Division, Garhwa for the Year 2023-24. | |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख में) – | 295.98123 (दो करोड़ पन्चानबे लाख अन्ठानबे हजार एक सौ तेईस रू0) |
| 3 | अग्रधन की राशि (लाख में) – | 2.96 (दो लाख छियानबे हजार रू0) |
| 4 | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) – | 10,000.00 (दस हजार रू0) |
| 5 | कार्य पूर्ण करने की अवधि – | 06 (छः) माह |
| 6 | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि – | 05.01.2024 समय 04:00 बजे अपराहन् तक |
| 7 | प्री0-बीड की तिथि एवं समय – | 08.01.2024 समय 12:30 बजे अपराहन् (क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, रांची प्रक्षेत्र, रांची) |
| 8 | निविदा प्राप्ति (ऑनलाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय – | 18.01.2024 समय 05:00 बजे अपराहन् तक |
| 9 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई0 गवर्नेस,झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.23 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय – | 18.01.2024 समय 05:00 बजे अपराहन् तक |
| 10 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय – | 19.01.2024 समय 05.00 बजे अपराहन् |
| 11 | तकनीकी बिड खोलने का स्थान – | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, गढ़वा। |
| 12 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम – | ई0 प्रदीप कुमार सिंह, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, गढ़वा। |
| 13 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन नं0 – | 9973003856 |
| 14 | ई- प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन सं0 – | 06561-2490920 |

नोट – केवल ई निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
अधिक जानकारी के लिए वेवसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, गढ़वा
PR 314384 Drinking Water and Sanitation(23-24)#D

**कार्यालय क्षेत्रीय प्रमुख, संचालनालय भौमिकी तथा खनिकर्म, छ.ग. क्षेत्रीय कार्यालय जगदलपुर**
आड़ावाल, फारेस्ट नाका के पास, हल्बा कचोरा रोड, जगदलपुर
फोन-9826099781 Email. rhdgmjagdalpur@gmail.com

**निविदा सूचना**

अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा संचालनालय भौमिकी तथा खनिकर्म नवा रायपुर (छ.ग.) के अंतर्गत संचालित क्षेत्रीय कार्यो की मॉनीटरिंग हेतु इस कार्यालय को 01 वाहन किराये पर लिया जाना प्रस्तावित हैं। अतः इकाइयों द्वारा निर्धारित प्रपत्र में सीलबंद निविदायें आमंत्रित की जाती हैं

| क्र. | निविदा का संक्षिप्त विवरण | धरोहर राशि (रु.) |
|---|---|---|
| 1. | किराये पर वाहन लेने हेतु (बोलेरो / स्कार्पियो) (ए.सी. युक्त) | 20,000=00 प्रत्येक वाहन हेतु |

1. निविदा प्रपत्र मय निविदा शर्ते इस कार्यालय से रूपये 300/- नगद जमा कर के कार्यालयीन समय में दिनांक 28.12.2023 से दिनांक 11.01.2024 तक कार्यालयीन समय तक प्राप्त किये जा सकते हैं।
2. कार्यस्थल जगदलपुर एवं बस्तर संभाग के लिए।
3. निविदा की अन्य नियम व शर्ते कार्यालयीन सूचना पटल पर कार्यालयीन समय में देखी जा सकती है।

क्षेत्रीय प्रमुख
संचालनालय भौमिकी एवं खनिकर्म
क्षेत्रीय कार्यालय जगदलपुर (छ.ग.)
G-06656/2

**कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नारायणपुर जिला - नारायणपुर (छ.ग.)**
दूरभाष न.- 07781-252483, e-mail-cmho.npur@gmail.com

क्रमांक/ डीएमएफ/ए.एस.ओ./ मु.चि.अ./2023-24/6700
नारायणपुर, दिनाँक- 22/12/2023

**खुली निविदा आमंत्रण**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में जिला खनिज संस्थान न्यास निधि के माध्यम से नारायणपुर जिले के प्रसव पूर्व संदर्भ केन्द्र ओरछा, धनोरा, धौडाई, बडेजम्हरी में संचालन कार्य के सबंध में दिनांक 26.01.2024 समय 5.30 बजे तक खुली निविदा आंमत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र कार्यालयीन अवधि में दिनांक 26.01.2024 समय 5. 30 बजे तक तथा राशि 1000 / - (एक हजार मात्र) जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।

निविदा प्रपत्र एवं निविदा के शर्ते दिनांक 26.12.2023 (समय 11.00 बजे) से कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला नारायणपुर से प्राप्त किया जा सकता है।

1. निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि - 26.01.2024 समय 5.30 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि - 26.01.2024 समय 5.30 बजे तक
3. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि - 27.01.2024 समय 2.00 बजे तक
4. निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि - 27.01.2024 समय 3.00 बजे

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला नारायणपुर
S-39190/2

**OFFICE OF THE JT.DIRECTOR CUM SUPERINTENDENT DR.B.R.AMBEDKAR MEMORIAL HOSPITAL RAIPUR (C.G.)**

No./DR.BRAMH/SPC/ 8927 Raipur dated 22/12/ 2023

**e-Procurement Tender Notification**

Dr.B.R.Ambedkar Memorial Hospital Raipur (C.G.) invites e-tender no. 149964 for Online e-tenders are invited for Comprehensive Maintenance Contract for Fire Fighting Equipment and Hydrant Systems. The Tender Document containing the detailed terms & conditions may be viewed and obtained from **https://eproc.cgstate.gov.in**

| | |
|---|---|
| BID SUBMISSION START DATE | 27 DEC, 2023 5:00:00 PM IST |
| BID DUE DATE | 04 JAN, 2024 12:00:00 PM IST |
| PHYSICAL DOC SUBMISSION END DATE | 04 JAN, 2024 12:30:00 PM IST |
| BID OPEN DATE (SCHEDULED) | 04 JAN, 2024 1:00:00 PM IST |

Jt.Director cum Superintendent
Dr.B.R.Ambedkar Memorial Hospital
Raipur(C.G.)
G- 06674/2

## शब्द पहेली - 5376



**बाएँ से दाए-**
2. पिता की बहन-2
5. कठोर-2
7. खून, रुधिर-2
8. मशरुम, फफूंद-3,2
9. इसे मकड़ी बुनती है-2
10. अपशिष्ट पदार्थ-2
11. धैर्य, संयम-2
13. स्फूर्ति, चंचलता-4
15. ओस, निशाजल-4
17. राशि निर्धारण-5
18. हलकापन-5
20. खालीपन, रिक्तता-4
23. स्नान करवाना-4
26. दंड-2
27. कार्य-2
28. कुर्बानी-2
29. कहानी का लेखक-5
30. प्रतिबिंब-2
31. गाना, नगमा-2
32. मां की मां-2

**ऊपर से नीचे**
1. बंदूक की गोली-4
3. व्याकुलता-4
4. दौरान, मध्य में-5
5. सत्ताधारी-4
6. नरम, अकठोर-4
10. शराब, सुरा-2
12. ईश्वर-2
14. गतिशीलता-5
16. नवीन, नया -2,3
19. उद्योगपति अनिल अंबानी की पत्नी का पूर्व नाम-5
20. प्रतिपूर्त व अनुपुर्त करना (अंग्रेजी-4)
21. मवाद-2
22. नाजुकता-4
23. मना करना-4
24. मैं का बहुवचन -2
25. नाकारा, बेकार-4

**शब्द पहेली -5375 का हल**




## सूडोकु नवताल - 5386

★★★ मध्यम



- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक है।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

**सूडोकु नवताल - 5385 का हल**



MANGAL SENACHA, BANGALORE

# इजराइली दूतावास के पास धमाका मौके से राजदूत को संबोधित पत्र मिला

**जांच में जुटी दिल्ली पुलिस सहित कई एजेंसियां**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में इजराइली दूतावास के पास मंगलवार शाम को धमाके की आवाज सुने जाने के बाद अफरातफरी फैल गई। दिल्ली पुलिस की स्पेशल टीमों के साथ कई अन्य एजेंसियां मामले की छानबीन में जुट गई हैं। दिल्ली पुलिस के सूत्रों ने बताया कि इजराइली राजदूत को संबोधित एक टाइप किया हुआ पत्र दूतावास के पीछे एक गार्डन क्षेत्र से बरामद हुआ है जहां विस्फोट होने की बातें कही जा रही हैं। पत्र की प्रामाणिकता की जांच की जा रही है। इजराइली दूतावास के प्रवक्ता गाइ नीर ने कहा- हम इस बात की तस्दीक कर रहे हैं कि शाम 5:48 बजे के आसपास दूतावास के नजदीक एक विस्फोट हुआ था। दिल्ली पुलिस एवं अन्य एजेंसियां पूरी घटना की छानबीन कर रही हैं।



### मौके से मिला, राजदूत को संबोधित पत्र

पुलिस सूत्रों के हवाले से कहा गया कि दिल्ली पुलिस को इजराइल दूतावास परिसर के पीछे कथित 'विस्फोट' स्थल के पास से इजराइली राजदूत को संबोधित एक पत्र मिला है। इस पत्र को लेकर भी जांच की जा रही है। दिल्ली पुलिस ने अपनी प्रेस कांफ्रेंस में कहा- जिस जगह से विस्फोट की आवाज आई थी, वहां दिल्ली पुलिस की डॉग स्क्वायड, क्राइम टीम और बम निरोधक टीम ने गहन तलाशी ली। विशेषज्ञों ने घटनास्थल की जांच की है। सबूतों को उठाया है।

### दूतावास के पीछे से आई तेज आवाज

हिंदी भवन में तैनात एक गार्ड ने मीडिया को बताया कि उसने दूतावास के पीछे तेज आवाज सुनी और पुलिस को सूचना दी। सूत्रों ने बताया कि फोन करने वाले ने पुलिस को बताया कि दूतावास के पीछे विस्फोट हुआ है। गार्ड ने कहा कि धमाके की आवाज शाम 5 बजे के आसपास आई। उस समय मैं अपनी ड्यूटी पर था। उस समय एक धमाके की आवाज सुनी। मैं गेट से बाहर आया तो एक पेड़ के ऊपर से धुआं निकलते देखा। मैंने बस इतना ही देखा... पुलिस ने मेरा बयान ले लिया है।

### आवाज को लेकर सस्पेंस कायम

अधिकारियों ने कहा कि इस साल की शुरुआत में इजराइल और हमास के बीच युद्ध शुरू होने के बाद से इजराइल दूतावास के आसपास सुरक्षाकर्मी हाई अलर्ट पर हैं। स्पेशल सेल के सूत्रों बताया कि नई दिल्ली के चाणक्यपुरी इलाके में इजरायल एंबेसी के पीछे एक खाली प्लॉट से धमाके की आवाज कुछ लोगों ने सुनी थी। यह आवाज किस वजह से आई उसकी छानबीन भी की जा रही है। मौके पर दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की टीम बम निरोधक दस्ते के साथ पहुंची थी।

**इजराइली दूतावास के पास कब-कब धमाके :** मालूम हो कि जनवरी 2021 में भी दिल्ली स्थित इजराइली दूतावास के पास कम तीव्रता का विस्फोट हुआ था। इसमें कुछ कारें क्षतिग्रस्त हो गई थीं। फरवरी 2012 में भी इजराइली दूतावास की कार के नीचे बम लगाया गया था, जिसमें एक राजनयिक की पत्नी घायल हो गई थीं।

### कोई विस्फोटक नहीं मिला

घटना की सूचना मिलने के बाद दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की टीम मौके पर पहुंची। बम निरोधक दस्ते और दमकल विभाग के साथ अन्य एजेंसियों टीमें भी मौके पर पहुंचीं। इलाके की घेराबंदी कर दी गई है और सुरक्षाकर्मी तैनात कर दिए गए। मौके पर सघन तलाशी अभियान चलाया गया लेकिन कोई विस्फोटक नहीं मिला। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों के अनुसार, उन्हें शाम 5:45 बजे विस्फोट के बारे में एक कॉल मिली और इसे दिल्ली पुलिस पीसीआर (पुलिस नियंत्रण कक्ष) से स्थानांतरित किया गया था। अग्निशमन विभाग ने तुरंत दो दमकल गाड़ियां मौके पर भेजीं।

### इजराइली विदेश मंत्रालय का बयान

इस वाकए पर इजराइली विदेश मंत्रालय का बयान भी आ गया है। इजराइली विदेश मंत्रालय का कहना है कि धमाका हुआ जिसके कारणों की जांच की जा रही है। वहीं दूतावास के उपप्रमुख ओहद नकाश कयनार ने कहा- दूतावास के सभी राजनयिक और कर्मचारी सुरक्षित हैं। हमारी सुरक्षा टीमें जांच में भारतीय एजेंसियों के साथ काम कर रही हैं। हम भी अपने स्तर पर जांच करेंगे।

# एमबीए छात्र की सब्जी बनाते समय हार्ट अटैक से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

टीआईटी कॉलेज से एमबीए कर रहे 22 वर्षीय छात्र की हार्ट अटैक से मौत हो गई। छात्र को उसके दोस्त पटेल नगर स्थित गायत्री हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने जांच के बाद छात्र को मृत घोषित कर दिया। पिपलानी थाना पुलिस ने बताया कि रीवा निवासी विवेक सोनी (22) अयोध्या नगर क्षेत्र में दोस्तों के साथ रहता था। सोमवार रात करीब 8 बजे वह फ्लैट में दोस्तों के साथ सब्जी बना रहा था। तभी उसने दोस्तों से सीने में दर्द की बात कही और किचन में ही बेहोश होकर गिर पड़ा। विवेक को तुरंत पटेल नगर स्थित गायत्री हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद छात्र का शव उसके परिजनों को सौंप दिया है।



## माफिया मुख्तार की पत्नी समेत पांच की गिरफ्तारी को चुनौती

**गाजीपुर।** यूपी में माफिया मुख्तार का आतंक रहा है। जनपद में पांच ऐसे चेहरे हैं, जिनकी गिरफ्तारी पुलिस नहीं कर पा रही है। माफिया मुख्तार की पत्नी, नगर पंचायत अध्यक्ष बहादुरगंज, ब्लाक प्रमुख भदौरा, बीडीओ और एक सिपाही की गिरफ्तारी के लिए पुलिस जगह-जगह दबिश दे चुकी है। लेकिन, ये सभी मोबाइल बंद कर फरार हैं।


**कार्यालय कलेक्टर, जिला - रायपुर (छ.ग.)**
**एवं पदेन उप-सचिव, छ.ग. शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग**
**-:: अधिसूचना ::-**
**(धारा-19, भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013)**

क्र./3273/वाचक/भू-अर्जन/2022-23 रायपुर दिनांक 15/12/2023

**प्र.क्र. 202309111000241 / अ- 82, वर्ष 2022-23** - चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है, कि नीचे दी गई अनुसूची के पद (1) में वर्णित भूमि की अनुसूची के पद ( 2 ) में उल्लेखित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है। अतः भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 ( जिसे एतद् पश्चात अधिनियम 2013 कहा जायेगा ) की धारा-19 के तहत् यह घोषित किया जाता है, कि इस भूमि का उक्त प्रयोजन के लिए आवश्यकता है :-

-:: **अनुसूची** ::-

**1/ भूमि का वर्णन**
(क) जिला - रायपुर (ख) तहसील - रायपुर (ग) ग्राम / नगर - देवपुरी, प.ह. नं.-70
(घ) भूमि का क्षेत्रफल -0.097 हेक्टेयर

| खसरा नं. | रकबा (हेक्टेयर में) |
|---|---|
| 288/2 शामिल 290/1,291/1, 292/1, 293/2-9-14-15-18-19-20 का भाग | 0.097 |
| योग - | 0.097 |

**2/ सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण - सड़क निर्माण हेतु ।**
**3/** भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं भू-अर्जन अधिकारी, रायपुर के कार्यालय में किया जा सकता है।

**छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार**
**(डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे)**
**कलेक्टर, रायपुर एवं पदेन उप सचिव,**
**छ.ग. शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग**



**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**नागपुर मंडल में सिग्नल व दूरसंचार कार्य; आरओबी के निर्माण के लिए ई-निविदा सूचना**

सीपीएम, जीएसयू, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उन की ओर से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:
**निविदा सूचना क्रमांक:** 35-सीपीएम-जीएसयू-नाग-2023-24
**कार्य का नाम:** नागपुर मंडल सम्बंधित मौजूदा इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग में संशोधन के साथ-साथ सिग्नलिंग और टेलीकॉम कार्य; डीयूजी-एनजीपी सेक्शन के मुसरा-जटकन्हार स्टेशनों के बीच समपार क्रमांक 469, कि.मी. 915/19-21 पर मानवयुक्त समपार के उन्मूलन हेतु आरओबी का निर्माण।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹1,28,14,238.61
**बयाना राशि:** ₹ 2,14,100.00
बोलीदाता केवल उपरोक्त निविदा के लिए अपनी मूल / संशोधित बोलियां दिनांक **12.01.2024** के **14:00** बजे तक जमा कर सकते है।
इन निविदाओं के अंतर्गत मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं व ऐसे प्राप्त प्रस्ताव अस्वीकार कर दिए जाएंगे। अन्य विवरण हेतु वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें।
**एसएसटीई-जीएसयू,**
FL/25-197 **दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर**
स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर


# होटल के बाहर एसयूवी चढ़ाकर महिला की सरेआम हत्या, सामने आया वीडियो

**जयपुर की क्रिसमस पार्टी में दो कपल्स के बीच बढ़ा विवाद**

एजेंसी ▶▶ जयपुर



राजस्थान के जयपुर के पॉश इलाके में मंगलवार सुबह एक रेस्तरां के सामने एसयूवी से कुचलकर महिला की हत्या कर दी गई। इस दौरान उसके साथ मौजूद दोस्त भी इस हमले में गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। वहीं, वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गया है, जिसकी तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। घटना जवाहर सर्किल क्षेत्र के गिरधर मार्ग की है। पुलिस के मुताबिक, उमा सुथार और राजकुमार सोमवार रात एसएल मार्ग स्थित एक रेस्टोरेंट-बार में क्रिसमस की पार्टी मनाने के लिए गए थे। राजकुमार उस होटल में पार्टनर है। पुलिस ने बताया कि छत पर चल रहे कुछ निर्माण कार्य को देखने के बाद राजकुमार और उमा रात करीब 11 बजे खाना खाने के लिए रेस्तरां में लौटे।

### गर्लफ्रेंड के साथ रेस्तरां में मौजूद आरोपी ने किए कमेंट्स

इस दौरान आरोपी मंगेश भी वहां अपनी गर्लफ्रेंड के साथ ड्रिंक कर रहा था। कुछ देर बाद उन्होंने कमेंट करना शुरू कर दिया। जब राजकुमार ने विरोध किया, तो मंगेश ने कहा कि वह उसे पहले से जानता है। एक पुलिस अधिकारी ने राजकुमार की शिकायत पर दर्ज की गई एफआईआर के हवाले से बताया, 'इसके बाद चारों एक साथ बैठे और सामान्य बातचीत शुरू हुई। हालांकि, मंगेश ने उमा को छूने की कोशिश की।'

**बैतूल में कक्षा में ऐसी 'बेरहमी'**

# चौथी क्लास की बच्ची के बाल उखाड़े, नहीं पढ़ पाई थी इंग्लिश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

बैतूल में बच्ची की बेरहमी से पिटाई करने का मामला सामने आया है। कथित तौर पर हैवान टीचर ने सरकारी प्राथमिक स्कूल की छात्रा के बाल खींचकर उखड़ दिए। छात्रा के पिता ने टीचर पर पिटाई का आरोप लगाते हुए जनसुनवाई में शिकायत की है। घटना 15 दिसंबर की बताई जा रही है। मामले में डीपीसी ने जांच के आदेश जारी किए हैं। मामला बैतूल के आमला विकास खंड के खेडली बाजार के बालक प्राथमिक शाला का है। यहां चौथी कक्षा में पढ़ने वाली छात्रा के पिता उमेश बामने ने स्कूल की टीचर पर गंभीर आरोप लगाया है। पिता ने अपनी शिकायत में कहा कि 15 दिसंबर को बेटी स्कूल गई थी। टीचर ने उसे इंग्लिश पढ़ने के लिए बोला। वह नहीं पढ़ पाई। इस मामले में टीचर पूर्णिमा साहू ने लगाए गए आरोपों को निराधार बताया।

### जांच के लिए टीम गठित

बच्ची ने घर पहुंचकर घटना के बारे में अपने पिता उमेश को बताया। तब उमेश बच्ची को लेकर मंगलवार को कलेक्टर की जनसुनवाई में पहुंचे और टीचर की शिकायत की। बच्ची का कहना है कि वह क्लास में इंग्लिश नहीं पढ़ पा रही थी। इसकी वजह से पूर्णिमा साहू मैडम ने बाल खींचकर पिटाई की। जिला शिक्षा केंद्र के जिला समन्वयक संजीव श्रीवास्तव का कहना है बच्ची के पिता ने टीचर के खिलाफ शिकायत की है। संजीव श्रीवास्तव ने बताया कि मामले की जांच के लिए टीम गठित कर दी गई है।

## आठ साल की मासूम ने बाजार में घूम रहे दुष्कर्मी को पहचाना

**गाजियाबाद।** नानी के साथ सामान खरीदने गई आठ साल की मासूम पड़ोस के एक युवक को बाजार में देखते ही जोर-जोर से चीखने लगी। घबराई नानी के पूछने 'पर बताया कि इन अंकल ने उसके साथ गंदा काम किया था। बच्ची को देखते ही युवक भागने लगा। तब बच्ची जोर से चिल्लाई। .. पकड़ो इसे, जाने न पाए। हालांकि वह भाग निकला। नानी के केस दर्ज कराने के बाद पुलिस ने ढाबे पर काम करने वाले लवकुश (22) को सोमवार सुबह दबोच लिया। लवकुश ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। घटना साहिबाबाद, गाजियाबाद के लिंक रोड क्षेत्र के एक कॉलोनी की है। एसीपी रजनीश उपाध्याय ने बताया कि पहली कक्षा की छात्रा माता-पिता की मौत के बाद नानी के पास रहती है। 17 दिसंबर को पड़ोस में प्रसाद लेने गई थी।


आरोपी

**बंगाल में भाजपा ने संगठन में किया बड़ा बदलाव**

# शाह ने संभाली बंगाल की जिम्मेदारी प्रदेश की नई कोर कमेटी गठित की

**14 सदस्यों वाली नई कोर कमेटी और 15 सदस्यों वाली चुनाव कमेटी बनाई**

एजेंसी ▶▶ कोलकाता




पश्चिम बंगाल में भाजपा ने संगठन में बड़ा बदलाव कर रही है। आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए 2022 में बनी 24 सदस्यों वाली कोर कमेटी को खत्म कर दिया है।

अब 14 सदस्यों वाली नई कोर कमेटी और 15 सदस्यों वाली चुनाव कमेटी गठित कर दी है। नई कोर कमेटी में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का नाम भी शामिल है। शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा एक दिन के दौरे के लिए कोलकाता में हैं। एमजी रोड गुरुद्वारा और कालीघाट मंदिर के दर्शन करने के बाद इन दोनों नेताओं ने राज्य के नेताओं के साथ एक अहम बैठक की।

### नई कोर कमेटी

*जॉन बारला, निसिथ प्रमाणिक, देबोश्री चौधरी, शांतनु ठाकुर, मनोज तिग्गा, सुभाष सरकार, मिथुन चक्रवर्ती, अनुपम हाजरा, अनिर्बान गांगुली, स्वप्न दासगुप्ता जैसे नेता और सांसद बैठक से अनुपस्थित रहे क्योंकि उन्हें आमंत्रित नहीं किया गया। इसके साथ ही समिति के कार्यों का भी प्रभार नेताओं को दिया गया है।*

### आग लगने का कारण अज्ञात, पीड़ित किसानों को नुकसान

# आग की चपेट में नब्बे एकड़ में लगी गन्ना फसल

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा/पाण्डातराई



पाण्डातराई क्षेत्र के ग्राम धनेली, मोहतरा तथा भगतपुर खार में मंगलवार की शाम एक गन्ना खेत में अचानक आग लग गई। बताया जाता है कि गन्ना खेत में लगी आग इतनी भीषण थी कि इसकी चपेट में आई करीब 90 एकड़ में लगी गन्ना की पकी पकाई फसल प्रभावित हो गई।

जिससे आधा दर्जन से अधिक पीड़ित किसानो को भारी नुकसान का अंदेशा जताया जा रहा है। आग लगने की की सूचना के बाद इस पर काबू पाने के प्रयास शुरू कर दिए गए है। खेत में आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार की दोपहर करीब 3.00 बजे पाण्डताराई क्षेत्र के ग्राम ग्राम धनेली, मोहतरा तथा भगतपुर खार गन्ने के खेत में अचानक आग लग गई।

खेत से आग की लपटे उठते देख आसपास मौजूद किसानो ने तत्काल मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू कर दिए। इस बीच दमकल अमले को भी घटना की सूचना दी गई। लेकिन किसानो ने की माने तो आग पर काबू पाने के कोई प्रयास किए जाते गन्ना के सूखे पत्तों में अंदर ही अंदर आग इतनी तेजी से फैली की उसने देखते ही देखते करीब 90 एकड़ में लगी गन्ना की फसल को अपनी चपेट में ले लिया। इस अग्नि दुर्घटना में ग्राम मोहतरा के गन्ना उत्पादक किसान रूपेश चन्द्रवंशी, यशवंत चन्द्रवंशी, बद्री चन्द्रवंशी, रोहित चन्द्रवंशी, भगतपुर के किसान, गोकुल साहू, जयराम साहू, फागू साहू तथा ग्राम धनेली के किसान सुखीराम साहू एवं रामरूवरूप साहू की पकी पकाई फसल प्रभावित हुई है।

### शार्ट सर्किट बनी आग लगने का

पीड़ित किसानो के मुताबिक गन्ना खेतों में आग शार्ट सर्किट से उठी चिंगारी से भड़की है। यहां बताना लाजिमी होगा कि जिले के ग्रामीण अंचलों की खस्ताहाल विद्युत व्यवस्था और विद्युत आपूर्ति के वर्षो पूर्व खींचे गए खस्ताहाल और जर्जर हाई वोल्टेज तारों के चलते आए दिन इस तरह की अग्नी दुर्घटनाएं सामने आते रहती है और किसानो व लोगों को नुकसान उठाना पड़ता है। लेकिन विभाग ऐसी दुर्घटनाओं पर गंभीरता नहीं दिखा रहा है।

# महानदी में रेत के अवैध उत्खनन से तटीय गांवों में गिरा भू-जल स्तर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी




जिले की जीवनरेखा कही जाने वाली महानदी की मनमानी खुदाई से तटीय गांवों का जलस्तर तेजी से नीचे चला गया है। नदी में पानी का ठहराव नहीं होने से लगभग 40 गांव के किसान और आम लोग परेशान हैं। रूद्री बरॉज से पानी नहीं छोड़ने से भू-जल स्तर 150 से 200 फीट नीचे चला गया है। सैकड़ों बोर निष्क्रिय हो गए हैं। हजारों एकड़ में रबी फसल की तैयारी चल रही है । ऐसे में धान के पौधों को पर्याप्त पानी मिलना मुश्किल हो गया है। नलकूप भी ठप हो गए हैं। कई निस्तारी तालाब सूखने की कगार पर है। वहीं दूसरी ओर रेत निकाली जा रही है। कोलियारी से लेकर अमेठी, कलारतराई, परसुली, दर्री, खरेंगा, सारंगपुरी, दोनर, देवरी आदि गांवों में रेत का अवैध उत्खनन हो रहा है। बिना रायल्टी के खुलेआम रेत का अवैध खनन हो रहा है। रोजाना रेत ढोने के लिए 500-600 हाइवा, ट्रेक्टर का उपयोग हो रहा है। हालत यह है कि महानदी की 20 से 25 फीट खुदाई हो गई है।

अंचल के कृषक गुमानसिंह यादव, नरोत्तम साहू, रूपेन्द्र साहू, कल्याण निर्मलकर, बंशीलाल निषाद, हेमलाल निषाद आदि का कहना है कि महानदी के तटीय गांवों के निवासियों को इस बार गर्मी में जल संकट का सामना करना पड़ सकता है। इसका मुख्य कारण महानदी की अंधाधुंध खुदाई है। इससे भू-जल स्तर काफी नीचे चला गया है। पिछले पांच साल के मुकाबले देखे तो हर साल जलस्तर गिरता जा रहा है। पांच साल पहले जो बोर 50 से 80 फीट में पर्याप्त पानी देता था अब वहां पर 150 से 200 फीट तक पानी का नामोनिशान नहीं है। बोर की फिर से खुदाई करनी पड़ रही है। रबी फसल लेने वाले किसान परेशान हैं। कृषक बताते हैं कि पहले 5 हार्सपावर का पंप पूरा 10 एकड़ की सिंचाई अकेले कर लेता था। अब बमुश्किल 3 से चार एकड़ की सिंचाई कर पाता है। भू-जल स्तर गिरने से किसानों की नींद उड़ गई है। गर्मी में जलसंकट की स्थिति आ सकती है। क्षेत्र की 90 प्रतिशत जनता बोर, नलकूप पर निर्भर है। महानदी में पानी की धार नहीं के बराबर है। जलस्तर कम होने से हैंडपंप बंद होने की कगार पर है। नलजल योजना के बोर भी सूखने लगे हैं।

## 1.58 लाख रुपए का 130 बोरा अवैध धान जब्त

**जगदलपुर।** शासन के धान खरीदी शुरू होने के चलते बस्तर संभाग के मंडियों में अवैध धान का परिवहन रोकने के लिए टीम गठित की गई है। इसके चलते मंडी, खाद्य, राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी, कर्मचारी की टीम ने तीन वाहनों की जांच में 130 बोरा अवैध धान जब्त किया गया। जब्त धान की अनुमानित मूल्य एक लाख 58 हजार 400 रुपए बताया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अवैध धान परिवहन पर प्रतिबंध लगाने हेतु तहसीलदार द्वारा हाल ही में ओडिशा रोड ग्राम देवड़ा के रेलवे क्रासिंग के पास बिना कागजात के धान का अवैध परिवहन करते हुए प्रांत के बाहर ओडिशा से छत्तीसगढ़ लाया जा रहा था। जिसे जिला प्रशासन द्वारा गठित संयुक्त जांच दल के तहसीलदार लखीराम पाण्डेय के नेत्तृत्व में 3 वाहनों को रोक कर जांच किया गया। सीजी 20 जे 5856 में 12 बोरा धान 24.80 क्विंटल, जिसका मूल्य 54560 रुपए है।

## खड़ी बस से टकराई बाइक, एक की मौत

**धमतरी।** घर लौट रहे युवकों की बाइक आमदी पेट्रोल पंप के पास खड़ी बस के पीछे टकरा गई। इस घटना में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल है। मिली जानकारी के अनुसार सनौद थाना क्षेत्र के ग्राम कोसागोंदी निवासी भूपेन्द्र गोंड़ ठाकुर पिता मन्नूराम व गांव के पोखन लाल गोंड़ ठाकुर पिता बुधुराम उम्र 27 वर्ष मंगलवार को मोटर साइकिल से आमदी-रांवा मार्ग पर स्थित शराब दुकान की ओर गये थे। जहां से दोनों शाम को मोटर साइकिल से वापस अपने घर कोसागोंदी लौट रहे थे। इसी दौरान साहू ट्रेव्हल्स की बस क्रमांक सीजी 07 ई 0372 धमतरी से सवारी बिठाकर दुर्ग के लिये निकली थी। बस ग्राम आमदी के पेट्रोल पंप के पास यात्रियों को उतारने के लिये खड़ी हुई थी। इसी दौरान शराब दुकान से लौट रहे युवकों की बाइक खड़ी बस के पीछे टकरा गई। इस हादसे में गंभीर चोट लगने से भूपेन्द्र की मौत हो गई। वहीं पोखन गंभीर रूप से घायल हो गया। उन्हें जिला अस्पताल लाया गया ।

# चमेदा में हाथियों का उत्पात

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



सिकासेर दल के हाथियों द्वारा ग्राम चमेदा में उत्पात मचाने की खबर है। यहां खेतों पर बने लारी तथा सोलर पैनल को नुकसान पहुंचाया है। ग्राम चमेदा के ग्रामीण शिवलाल ने बताया कि लंबे समय से सिकासेर दल के करीब 45 हाथी टाइगर रिजर्व क्षेत्र में भ्रमण कर रहे हैं। रात में उड़ीसा के जंगल चले जाते हैं और दिन को टाइगर रिजर्व क्षेत्र में आराम करने आते हैं। उन्होंने बताया कि रविवार को जंगली हाथियों ने ग्राम चमेदा के बुड़रापारा में रात 8 बजे उनके लारी सहित कैलाश तथा विजय के लारी को नुकसान पहुंचाया तथा सोलर पैनल में तोड़फोड़ की है।

---

epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी

Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## Appointment आवश्यकता

**आवश्यकता है-** ग्लोबल' इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड में तत्काल परमानेंट भर्ती लड़के-लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन कार्यानुसार 7300+ 9500+ 11000+ 13500 + 15000 बाहर के लोगों को रहना+ खाना मेडिकल फ्री मार्कशीट की फोटो कॉपी+ 2 फोटो+ बायोडाटा के साथ। **संपर्क करेः- भिलाई पावर हाउस, ओवर ब्रिज के पास लक्ष्मी मेडिकल के बाजू में (छ.ग.) मो.- 91097-99525.** (RO-6301)

### कारीगर

**आवश्यकता है-** मशीन बनाने हेतु कुशल कारीगर की आवश्यकता है, वेतन योग्यता अनुसार **पताः-माँ अम्बे हार्डवेयर,भाठागांव ब्रिज के पास रिंग रोड़ नम्बर-1, 9301319208, 7987295212.** (RO-1060)

### रोजगार

ALERT SGS PVT. LTD.
अब रोजगार देना, और रोजगार पाना, दोनों हुआ आसान
Registrer Now
www.alertsgs.com
ALERT SGS PVT LTD
7746000016

### चिकित्सा कर्मी

**आवश्यकता है-** प्रशिक्षित व अनुभवी स्टॉफ जी.एन. एम. व बी. एस. सी. नर्सिंग तथा रिसेप्सनिष्ट और ओ. पी. डी. स्टॉफ व वार्ड ब्वॉय, वार्ड गर्ल की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार **संपर्क करें- श्री कृष्ण हॉस्पिटल मेन रोड न्यू राजेन्द्र नगर रायपुर (छ.ग.) मो. नं. 9691631006, 9617952445** (RO-1054)

क्लासीफाईड

### घरेलु/कुक कार्य

**आवश्यकता है-** रायपुर में गृह कार्य झाड़ू- पोछा कपड़ा बर्तन साफ सफाई व शुद्ध शाकाहारी खाना बनाने हेतु शादीशुदा या अकेले पुरुषों एवं महिलाओं (जिनके बच्चे साथ में न रहते हो) की आवश्यकता है। **संपर्क करें:- 9977200093.** (RO -2147)

### सिक्योरिटीगार्ड

**आवश्यकता है-** छत्तीसगढ़ के रायपुर और रायगढ़ में सिक्योरिटी गार्ड,सुपरवाइजर हेतु 5 वी,8, 10 वी पास हाईट 5 फीट 6 इंच, 4 फोटो, आधार कार्ड सहित मिले रहना,खाना,फ्री,वेतन 10000 से 15000 mobile **8109070600,7869230888, 8085859632, 8839506548.** (RO -1031)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**आवश्यकता है-** छत्तीसगढ़ की सिक्योरिटी कंपनी को रायपुर, दुर्ग, हेतु सुरक्षागार्ड 40 M/F सुपरवाइजर 10 पद वेतन 10,000/- से 15000/- फ्री आवास कैंटीन सुविधा **संपर्क यश सिक्योरिटी सर्विसेस कुशालपुर चौक रायपुर छत्तीसगढ़ 8982225333, 8839618641, 8815170599, 9770196262.** (RO-1057)

### हार्डवेयर शॉप

**आवश्यकता है-** हार्डवेयर एन्ड पावर टूल्स शॉप में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़को की आवश्यकता है। **संपर्क करेः- श्याम हार्ड वेयर स्टोर्स, स्टेशन रोड,देशबन्धु स्कूल के रायपुर मो.- 9300908801.** (RO-176)

### ड्रायवर/घरेलु कार्य

**आवश्यकता है-** घर से काम करने के लिये लड़कियों की अवश्यकता है एवं ड्राइवर का **संपर्क करे- 6260898767.** (RO-55)

### ड्रायवर

**आवश्यकता है-** रायपुर एयरपोर्ट में इनोवा क्रिस्टा स्विफ्ट। चलाने के लिए ड्राइवर की आवश्यकता है। सैलरी क्रिस्टा- 25000, स्विफ्ट- 15000, + PF+ ESI+ पेंशन, संपर्क करें राहुल ट्रेवल्स रायपुर एयरपोर्ट मोबाइल 7399411411. (RO-3670)

### सेल्समैन/ऑपरेटर

**आवश्यकता है-** विरदी साड़ी शोरूम हेतु 7 सेल्समेन,1 कम्प्यूटर ऑपरेटर, ड्राईवर-1 सभी रायपुर लोकल अनिवार्य, वेतन 8000- 20000/- + कमीशन अनुभवी को प्राथमिकता, **विरदी साड़ी कंकालीपारा रायपुर संपर्क समय 10.30 9.30, मो.,9340477419, 9425522577.** (RO-1683)

### ड्रायवर/चौकीदार

**आवश्यकता है-** सांडिल्य पब्लिक स्कूल सेलूद दुर्ग में ड्राइवर सह चौकीदार की आवश्यकता है परिवार के लिए आवास मुक्त **सम्पर्क करें - 9893117339.** (RO-377)

### ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** इन्दौर (MP) में ऑफिस कार्य हेतु 18 से 28वर्ष के 10/12वी, स्नातक लड़के चाहिए। वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस + रहना फ्री कोई शुल्क नहीं लगेगा। **सम्पर्क- सरकण्डा बिलासपुर 9575712101, 7970225494.** (RO-32297)

**आवश्यकता है-** आगरा, मथुरा उत्तर प्रदेश के आफिस में कार्य हेतु अविवाहित लड़के चाहिए उम्र 18 से 28, 10वीं, 12वीं पास। वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस, रहना फ्री शीघ्र **सम्पर्क करें- 8057110319.** (RO-32270)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### कम्प्युटर ऑपरेटर

**आवश्यकता है-** धरसीवां क्षेत्र में डाटा एंट्री ऑपरेटर शिक्षक चाहिए।आकर्षक वेतन निशुल्क आवास सुविधा WhatsAPP एवं पत्र द्वारा तत्काल बायोडाटा भेजें। **संपर्क 9691691012, 7000907132. समवेत छत्तीसगढ़ समाज सेवी संस्था गोढ़ी, धरसीवां पिन- 493111** (RO-1053)

**आवश्यकता है-** मेडिकल सीएंडएफ में अनुभवी कंप्यूटर ऑपरेटर -1, की आवश्यकता है। पूर्ण बायोडाटा सहित मिलें **नरेंद्र फार्मा कृष्णा नगर, डंगनिया, रायपुर 9425542077, 9669426111.**(RO-443)

### हमाल

**आवश्यकता है-** तेलीबांधा रायपुर के पास टाटा ऐस में कार्य करने हेतु एंव अन्य हमाली कार्य हेतु लड़को की आवश्यकता है। **संपर्क करें:- 88273-17325.** (RO-1202)

### ड्राई क्लीनर कार्य

**आवश्यकता है-** मुकुन्द ड्राई क्लीनर एवं लाउन्ड्री कार्य करने हेतु लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार **पता- चांदनी चौक कोटा रायपुर (छ.ग.) मो. 9993247475** (RO-1056)

### मजदूर

**आवश्यकता है-** रायपुर आरंग के पास स्थित सुव्यवस्थित पोल्ट्री फॉर्म में रहकर काम करने वाले मजदूर परिवार वालों एवं उड़ीसा के मजदूरों को प्राथमिकता **संपर्क करे मोबाइल नंबरः- 9200193001, 7999648072.** (RO -2364)

### सुरक्षाकर्मी

**आवश्यकता है-** एक रजिस्टर्ड संस्था को भारी मात्रा में सुरक्षा कर्मियों की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार ऑफिस **जुनवानी रोड ईदगाह चौक सुपेला भिलाई दुर्ग** mo no **9039003559, 8359047172** (RO -376)

### पैकिंग कार्य

**आवश्यकता है-** पैकिंग कार्य हेतु लडको एवं शादीशुदा महिला की आवश्यकता है सैलेरी योग्यतानुसार **शीतला एजेंसी न्यू बस स्टैंड भंटागांव चौक रायपुर 9300629026, 9300229026** (RO -1682)

### अन्य

**आवश्यकता है-** एयरपोर्ट (HEAD OFFICE) हेतु सीधी भर्ती (पक्की परमानेंट नौकरी) तुरंत ट्रेनिंग शुरू अनपढ़, 8वीं, 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएट (लड़के- लड़कियां) सैलरी (34900- 81300) ग्राउंड स्टाफ, सुपरवाइजर, कंप्यूटर ऑपरेटर, चेकर, हेल्पर, गार्ड, ड्राइवर (फ्री रहना +खाना +मेडिकल) रायपुर **संपर्कः- 08882895824.** (RO-2369)

**आवश्यकता है-** Fraud कॉल से सावधान Reliance jio 5G कंपनी में पार्ट/फुलटाइम घरबैठे Sms Job करके लड़के/ लड़कियां,गृहणियां, कमाए (21,500-67,500) महीना लैपटॉप मोबाइल मुफ्त नामपता Whatsapp करें **6296026501.** (RO-6680)

**आवश्यकता है-** नववर्ष नौकरी सुनहरा अवसर आयुवेदिक कंपनी में शिक्षित/बेरोजगार जरूरतमंद लड़कें- लड़कियाँ हाउस वाइफ पार्टटाइम/फुलटाइम घर बैठे दवाई पैकिंग करके 30,500/- से 35,500/- महीना कमाएं अपना रोजगार बढ़ाए (जरूरतमंद लोग ही कॉल/ WHATSAPP करें) NOC -2150/- **मों. 8583047417.**(RO-1307)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**आवश्यकता है-** Reliance Jio 5G कंपनी में पार्ट/फुलटाइम घर बैठे Sms Job करके लड़के/ लड़कियां,गृहणियां,स्टूडेंट, रिटायर्ड पर्सन कमाए (21,500-67,500) महीना लैपटॉप मोबाइल मुफ्त **नाम पता** Whatsapp **करें 9631550466.**(RO-6670)

**आवश्यकता है-** एयरपोर्ट (HEAD DEPARTMENT) हेतु सीधी भर्ती (पक्की परमानेंट नौकरी) अनपढ़, 8वीं, 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएट (लड़के-लड़कियां) सैलरी (35400- 83900) सुपरवाइजर, ग्राउंड स्टाफ, कंप्यूटर ऑपरेटर, चेकर, ड्राइवर, हेल्पर, गार्ड (फ्री रहना +खाना +मेडिकल) रायपुर **संपर्कः- 09310717928.** (RO-2358)

**आवश्यकता है-** Reliance Jio 5G कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घरबैठे कमाए (21500- 48500 ) महीना (लैपटॉप + मोबाइल मुफ़्त ) NAME, **पता** QUALIFICATION, CALL / SMS / WHATSAPP **करें :- 8695963713.** (RO - 1306)

## Astrology ज्योतिष

**ज्योतिष -** फ्रीसेवा घरबैठे समाधान 7347259119 प्यार में धोखा, वशीकरण , सौतन दुश्मन छुटकारा लवमैरिज , रूठें मनाना, ग्रहकलेश , कियाकराया, दवाई ना लगना , कारोबार, प्रेमी पति संतान अनबन (समस्या कैसीभी जड़से खत्म) **7347259119.** (RO-12146)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**राजगुरू ज्योतिष -** जन्मपत्रिका, हस्तरेखा, मंगलदोष, लक्ष्मीयोग, जमीनलाभ, शादीयोग, मनचाहा प्यार, नौकरी प्रमोशन, नशामुक्ति, पति-पत्नी झगड़ा किया कराया प्यार में धोखा, वशीकरण तलाक मार्ग दर्शन के लिए फोन करके मिले A TO Z समस्याओं का समाधान **पताः- ब्राह्मण पारा आजाद चौक रायपुर मोबाइल नंबरः- 8889131176.** (RO-1048)

## Education शिक्षण

**फेल विद्यार्थी समय बचाए पत्राचार-** ओपन प्राईवेट द्वारा 10वीं,12वीं निश्चित सफलता के साथ पास करें B.ED, B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, M.A, M.COM, M.SC,MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLYTECHNIC, B.Tech,(* अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करें*) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा **संपर्कः-** Bharti Education Academy , Sector-6 Bhilai Mo.- **9826196515, 9826896515.**(RO न.- 6308)

## Property प्रापर्टी

### प्लाट

**प्लॉट उपलब्ध है-** प्राइम लोकेशन आईआईटी भिलाई के पास आवासीय डायवर्टेड प्लाट मात्र 499/- रूपये में उपलब्ध है। **संपर्क करें:-मो :- 78287-81009.** (RO -371)

## Purchase खरीदना

### आरा मील

**खरीदना है-** आरा मील लायसेंस सहित खरीदना है। बेचने वाले **संपर्क करें- 8827746933.** (RO-1059)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक




### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152


## Healthcare

ईलाज की गारंटी पैसा ठीक होने के बाद



- गुप्त रोग नामर्दी, लिंग में छोटापन ।
- शीघ्र पतन पेशाब से धातु जाना ।
- लिंग में ढीलापन, शुक्राणु की कमी ।
- शुगर से आयी हुई सेक्स में कमी ।
- आयुर्वेदिक द्वारा खोई हुई शक्ति पुनः प्राप्त करें ।
- चर्मरोग व वात रोग का ईलाज किया जाता है।
- नि:संतान दम्पति आज ही मिले ।

आज ही संपर्क करें
श्रीकांत आयुर्वेदिक जड़ीबुटी भण्डार
दुर्ग में शॉप नं. 16, पारख कॉम्पलेक्स, पेट्रोल पम्प के सामने, ग्रीन चौक
रायपुर में स्टेशन रोड, सीमरन होटल के सामने
9174440077
9009330088

गुप्त रोग चिकित्सा



मशीनों द्वारा जांच
मात्र 1 दिन में ईलाज
- शीघ्र पतन से शारीरिक कमजोरी
- शारीरिक एवं मानसिक नपुंसकता
- वीर्य में शुक्राणुओं की कमी
- सेक्स से भय • बढ़ती उम्र में सेक्स की कमी
- लिंग में छोटापन, पतलापन, टेढ़ापन
- पेशाब में धातु जाना • स्वपन दोष

विशेष ईलाज :- वात रोग, बवासीर, पथरी, सफेद दाग, पेट में गैस, कब्ज रोग, खून की कमी, कमजोरी, गन्जापन, बाल झड़ना
आरोग्य केयर चिकित्सालय
सोसायटी वस्त्र भंडार के सामने, जलेबी चौक, पावर हाउस, भिलाई
मो.: 98936 59105
समय: सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक

टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर
परखनली शिशु केन्द्र



1994 से आपकी सेवा में
उपलब्ध सुविधाएं
- आई.व्ही.एफ.
- इक्सी
- आई.यू.आई.
- लेप्रोस्कोपी
- हिंस्ट्रोस्कोपी

संपर्क
डॉ. विजया वाकोडकर
वाकोडकर नर्सिंग होम
नेहरू नगर वेस्ट भिलाई
फोन : 9329029731

गांव की कहानी

डा. टी एल सिन्हा

# धार्मिक महत्व का स्थल है बेलाही घाट





छत्तीसगढ़ के धमतरी जिला के मगरलोड वि.ख. मुख्यालय से 28 किमी उत्तर दिशा में बेलाहीघाट है। प्राचीन काल में बेल वृक्ष की अधिकता के कारण इस स्थल को बेलाहीघाट के नाम से जाना जाता है। इस आश्रम में भगवान श्रीराम-जानकी, बजरंगबली और माता महामाया मंदिर में पुरातन अश्वस्थ (पीपल) वृक्ष की छत्रछाया में लोमश ऋषि का भव्य मूर्ति स्थापित है। इस पीपल वृक्ष की रामायाण के दोहा में-

मेरू शिखर बट छाया, मुनि लोमश आसिन।
देखि चरण सिर नाई, वचन कहैव अतिदीन।

बताया जाता है कि यह वृक्ष पांच हजार वर्ष पुराना है। वर्तमान में यप पीपल वृक्ष पचास फीट मोटा है जो अभी अंदर से खोखला होता जा रहा है। लोमश ऋषि आश्रम के समीप ही एक प्राचीन कुंआ है जहां प्रतिदिन सुबह-शाम आरती होती है। इस आश्रम में प्रति वर्ष माघ पूर्णिमा, मकर संक्रांति और गुरू पूर्णिमा के अवसर पर मेले का आयोजन किया जाता है। इसके साथ ही वर्ष भर अनेक धार्मिक आयोजन होते रहते हैं। इस स्थान पर रामायणकालीन अनेक साक्ष्य भी देखने को मिलते हैं।

पुस्तक समीक्षा

# जानकी छत्तीसगढ़ी उपन्यास




कृति के नाव: जानकी छत्तीसगढ़ी उपन्यास

कृतिकार: रामनाथ साहू

प्रकाशक: वैभव प्रकाशन रायपुर

समीक्षक: डा. पुष्पलता मिश्रा

मूल्य: दो सौ रुपए


छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति और परंपरा को जीने वाले कृतिकार ने छत्तीसगढ़ी उपन्यास जानकी लिखकर एक नए परंपरा की शुरूआत की है। आपने महिला उत्थान के साथ ग्रामीण परिवेश में रहकर मर्यादा और संस्कार को किस तरह आत्मसात किया जाता है, इसे दर्शाने का प्रयास आपने इस उपन्यास में किया है। वैसे भी छत्तीसगढ़ में सबसे अधिक उपन्यास लिखने का अनुभव आपको रहा है इसलिए विषय-वस्तु को बहुत ही अच्छे ढंग से पाठकों के समक्ष लाने का अच्छा प्रयास आपने की है। आपने लोक को भरपूर समाहित करने का प्रयास इस उपन्यास में किया है। पाठकों को पठन के लिए विवश करता नजर आ रहा है यह उपन्यास।



ग्रामीण अंचल में जेठासी शब्द के उपयोग संपत्ति बंटवारा के बेरा होथे। संपत्ति बंटवारा म घर-दुआर, खेत-खार, बरतन-भाड़ा जइसे घर के जम्मों जिनिस ल ददा ह गांव के मुखिया अउ नामी गिरामी सियान मन के मौजूदगी म अपन बेटा मन ल या फेर बड़े भाई हर अपन नान्हें भाई सन बरोबर बांटथयं। उही बेरा ददा हर सियान मन ले विचार विमर्श करके अपने बड़े बेटा बर एक ठन डोली या फेर थारी-लोटा या फेर दीगर जिनिस ल ये उद्देश्य ले अलगाथें या निकालथय कि अपन सरग सिधारे के बाद बड़े बेटा ह अपन नान्हें भाई बर बाप समान वोकर संरक्षण अउ मार्गदर्शन करय।

# बंटवारा म जेठासी

हमर अंचल म 'जेठासी' शब्द 'जेठ' ले बने हवय अउ जेठ ह हिन्दी के ज्येष्ठ तत्सम के तद्भव रूप आय। येकर शाब्दिक अर्थ होथे बड़े। ग्रामीण अंचल में जेठासी शब्द के उपयोग संपत्ति बंटवारा के बेरा होथे। संपत्ति बंटवारा म घर-दुआर, खेत-खार, बरतन-भाड़ा जइसे घर के जम्मों जिनिस ल ददा ह गांव के मुखिया अउ नामी गिरामी सियान मन के मौजूदगी म अपन बेटा मन ल या फेर बड़े भाई हर अपन नान्हें भाई सन बरोबर बांटथयं। उही बेरा ददा हर सियान मन ले विचार विमर्श करके अपने बड़े बेटा बर एक ठन डोली या फेर थारी-लोटा या फेर दीगर जिनिस ल ये उद्देश्य ले अलगाथें या निकालथय कि अपन सरग सिधारे के बाद बड़े बेटा ह अपन नान्हें भाई बर बाप समान वोकर संरक्षण अउ मार्गदर्शन करय। इही अलगाय जिनिस ह जेठासी आय। नान्हें भाई बर बड़े भाई के हिरदय म प्रेम दुलार सदा बने रहाय, संगे संग बड़े भाई ल जेठासी भेंट करे ले नान्हें भाई के मन म बड़े भाई के प्रति मान सम्मान बने रहय इही उद्देश्य होथय। ये जेठासी भाई भाई म हार्दिक प्रेम संयोजन के जिनिस आय। जेठासी पाय बड़े भाई ह अपन घर परवार अउ सगा सोदर के हर जिम्मेदारी बड़प्पन ले निभाथय अउ वो पुरखौती जिनिस बर परेम रखथय।



संस्कृति : टीकेश्वर सिन्हा 'गब्दीवाला'

# कलचुरी काल के संबंध कलार जाति ले

*गोंडवाना के गण्डजीवों के सांस्कृतिक मूल्य के संबंध ह कलार वह समुदाय ले हे। गोंडवाना शासन काल के राजा मन ल 'कल' यानि 'शराब' के आपूर्ति करत रिहिन हे। येकरे सेती ऐमन ल गोंडी भाषा में 'कलचूरे किए कलार' यानि कि 'शराब' निकालने वाला मन ल हमर अंचल म 'कलार' केहे जाथे। येहू भात सही लगथे काबर कि कलार समुदाय मन के मुख्य धंधा 'शराब' बनाना रिहिस हे।*



ऐतिहासिक : आचार्य एम.आर. कंगाली

कल्चुरी नरेश ब्राहमण धर्मी विचार ले प्रभावित होके अपन राज में काशी-बनारस ले आए ब्राहमण मन ल अपन राज में जमीन दान देकर स्थायी रूप से रहवासी बना दिस। ब्राहमणी धर्म के विचार ल राजाश्रय मिले ले मावा कोसल नाडू के गण्ड जीव के जो मूल जीव वादी जीवन मार्ग रिहिस वोहा प्रभावित होय लगिस। उंकर मूल पिशाचिक अर्थात गोंडी भाषा के चिंहारी ह मेटावत गिस, अउ भाषा के चिंहारी मिटाय ले सभ्यता के मूल्य ह घलो मेटावत चले गे। अतका होय के बाद घलो मात्र अपन वंशबोधक, कुलबोधक, गण्डचिन्ह मन ल आजो बचा के राखे हवयं। रतनपुर ले मिले शिलालेख ले पता चलथे कि रतनपुर के राजा कमल देव के बाद शंकर साय, मोहनसाय, दादूसाय, बहारसाय, कल्याणसाय, लक्ष्मण साय, शंकरसाय, पुरूषोत्तम साय, त्रिभुवन साय, जगमोहन साय, अदली साय, रणजीत साय, तखत सिंह, सिरदार सिंह आदि कछवा गण्डक चिन्ह धारक राजा होइन जे मन ह घलो संभु महादेव के उपासक रिहिन। कलचुरी राजा मन के जेन अभिलेख मिले हे वोमा इंकर नाव कटचुरी, कतसुरी तथा कटचुती मिलथे। इंकर कलचुरी नाव ले संबोधित करे के पीछू घलो कुछ विद्वान मन कलचुरी नाम के संबंध कलार जाति के वंशज मन ले जोड़े खातिर संकेत करथें अउ अइसना प्रचार-प्रसार घलो करत हवें। फेरे देखे म



घलो आवत हे कि जहां तक गोंडवाना के गण्डजीवों के सांस्कृतिक मूल्य के संबंध ह कलार वह समुदाय ले हे। गोंडवाना शासन काल के राजा मन ल 'कल' यानि 'शराब' के आपूर्ति करत रिहिन हे। येकरे सेती ऐमन ल गोंडी भाषा में 'कलचूरे किए कलार' यानि कि 'शराब' निकालने वाला मन ल हमर अंचल म 'कलार' केहे जाथे। येहू भात सही लगथे काबर कि कलार समुदाय मन के मुख्य धंधा 'शराब' बनाना रिहिस हे, अउ येकरे सेती इही कारण आय कि आजो ऐ मन शासन ले इही आधार म 'शराब' बेचे खातिर लाइसेंस के मांग करथें।

# आंचलिक साहित्य म एकांकी लेखन



लोक साहित्य

उर्मिला शुक्ल

एक अंक के नाटक एकांकी कहाथे। एकांकी के आकार अउ विषय वस्तु छोटे होय के सेती खेले म सहुलियत होथे अउ परभाव घलो बने परथे। छत्तीसगढ़ी नाटक साहित्य म एकांकी के संख्या जादा हे। नाटक के विकास के संगे संगे एकांकी के रचना छत्तीसगढ़ी नाट्य साहित्य म अउ बढ़ोतरी करथे। छत्तीसगढ़ी के परकाशन के बाद एकांकी विधा ल विकास के दिसा मिलथे अउ भूषणलाल मिश्र के रतिहा समदरसी, फकीर दास साहू के अंधेर जमाना,धनंजय के पंच परमेश्वर, नारायण लाल परमार के मंतवार भूल सुधार, मेहतर राम साहू के राजा बेटा चैतराम व्यास के दू पइसा के हाथी, प्यारे लाल गुप्त के दू सऊत, चिंगारी के फूल। लखन लाल गुप्त के बेटी के मंसूबा, वर के खोज, जाग छत्तीसगढ़ जाग, गुरू दक्षिणा अउ बनौकी, टिकेन्द्र टिकरिहा के सउत के डर, किसान दीवान के जस के तस, भावसिंह हिरवानी के तैं थिराबे इहां, मंतर, विश्वेंदर ठाकुर के घुरूवा के दिन फिरगे, जवाहर बंडी, राजिम। श्यामलाल चतुर्वेदी के मया के मोटरी, संतोष कुमार सोनकर के आरूग मया, नंद किशोर तिवारी के परेमा, सबरंग एक, महारसिया अउ नइ जानन का चीज प्रसिद्ध होइस।


# लिखा पत्थर पर उकेरे शैलचित्र

पुरातात्विक

आशा ध्रुव

ग्राम भोड़िया से यह स्थल लगभग सात सौ वर्ग फीट पर सर्प के फन आकृति के विशाल पत्थर पर बना है। एक शैलचित्र भरत मुनि द्वारा रचित नाट्य शास्त्र में वर्णित तत वाद्य सा लगता है। यह चित्र लगभग तीन से चार फीट लंबाई में गेरूआ रंग से निर्मित है। इन चित्रों में चार लंबी लाइन के तार व इसके दाएं व बाएं भाग में चार चार क्रम में स्वर समायोजन का भाग लगता है।

जिला कांकेर उत्तर बस्तर के भानुप्रतापपुर परियोजना के कोरर से भानभेड़ा मार्ग पर ग्राम भोड़िया (तोतापारा) के पहाड़ी में एक विशासल पत्थर पर आदि मानवों द्वारा चित्रित शैल चित्र है इस स्थल को ग्रामीण लिखा पत्थर कहते हैं। ग्राम भोड़िया से यह स्थल लगभग सात सौ वर्ग फीट पर सर्प के फन आकृति के विशाल पत्थर पर बना है। एक शैलचित्र भरत मुनि द्वारा रचित नाट्य शास्त्र में वर्णित तत वाद्य सा लगता है। यह चित्र लगभग तीन से चार फीट लंबाई में गेरूआ रंग से निर्मित है। इन चित्रों में चार लंबी लाइन के तार व इसके दाएं व बाएं भाग में चार चार क्रम में स्वर समायोजन का भाग लगता है। इस शैलचित्र को छत्तीसगढ़ी में चिकारा कहते हैं। इसी तरह नृत्य के भाव प्रदर्शित करते शैलचित्र भी दिखाई देते हैं। दूर से देखने पर यह स्थल अत्यंत रमणीय सा लगता है। घने जंगलों के बीच अनेक मानवाकृति की बारीकियां भी इस स्थल को रोचक व रमणीय बना देते हैं। करीब ती से चार किमी के अंतराल विभिन्न तरह के शैलचित्रों का यहां बारीकी से अवलोकन करने पर अनेक तथ्यात्मक जानकारी मिलने की पूरी संभावनाएं हैं।



# गोंड समुदाय में गंड चिंह



पुरातात्विक

आचार्य मोतीराम

ऋग्वेदिक काल 1500 ई.पू. से 1000 ई. पू. तक माना जाता है। इस काल में जब उत्तर भारत में आर्य टोलियों का आगमन हो रहा था, तब गोंडवाना के सभी हिस्सों में आदि गंडजीवों के गंड राज्य थे। इसी काल को लौह युग भी कहा जाता है। सभी गंड जीवों की गंड गोत्र व्यवस्था बारह सगा शाखाओं में विभाजित थी। वर्तमान छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के मल्हार एवं रतनपुर स्थल से पुरावशेष उत्खनन से पता चलता है कि ई. स. पूर्व 1500 से मध्य युग तक यहां एक बड़ी आबादी रही है। वहां मूर, शुंग, सोरी सतवा काल के अवशेष मिले हैं। मूर (बदख), शुंग(जंगली कुत्ता), सीरी सतवा (मिट्ठू) आदि सभी गोंड समुदाये गंड जीवों के गंड चिंह हैं जिनके नाम से वे जाने जाते हैं।

## खबर संक्षेप

### घाटबर्रा के ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**उदयपुर।** सरगुजा जिले के उदयपुर विकासखंड के अधीन ग्राम घाटबर्रा के ग्रामीणों ने सोमवार को पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव के बाद अब जिला कलेक्टर को भी अपने क्षेत्र के विकास और रोजगार के मुद्दे को लेकर मांग की है। करीब 200 ग्रामीणों द्वारा हस्ताक्षरित ज्ञापन लेकर ग्रामीणों का एक समूह सरगुजा कलेक्टर कुंदन कुमार से मिला। उन्होंने अपने क्षेत्र में आवंटित परसा ईस्ट कांता बासन कोल परियोजना से प्रभावित ग्राम घाटबर्रा की भूमि का अधिग्रहण कर जल्द से जल्द मुआवजा व रोजगार तथा वन अधिकार पट्टा प्राप्त हितग्राहियों को मुआवजा उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। ज्ञापन में इन्होंने लिखा कि परसा ईस्ट कांता बासन कोल परियोजना से प्रभावित ग्राम घाटबर्रा की भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही चल रही है जिसके तहत ग्रामसभा किया जाना है जो कि अभी तक लंबित है। इस कोयला खदान में खनन का कार्य ग्राम घाटबर्रा की सीमा के निकट तक पहुंचता जा रहा है, किंतु आज तक हम ग्रामवासियों को रोजगार प्राप्त नहीं हुआ है और न ही भूमि का मुआवजा मिला है।

### टाटा मोटर्स को मिला 1350 बस चेसिस का ठेका

**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स को उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम से डीजल बस की 1,350 'चेसिस' की आपूर्ति का ठेका मिला है। कंपनी की ओर से जारी बयान के अनुसार, यह ठेका कंपनी के टाटा एलपीओ 1618 डीजल बस 'चेसिस' के लिए मिला है। इसे अंतर-शहर और लंबी दूरी की यात्रा के लिए बनाया गया है। बयान में कहा गया, 'यह ठेका टाटा मोटर्स को सरकारी निविदा प्रक्रिया के जरिये आयोजित ई-बोली के बाद मिला है।

### आईएचसीएल ने तवांग में खोला विवांता होटल

**मुंबई।** इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड (आईएचसीएल) ने अरुणाचल प्रदेश के तवांग में 10,000 फुट की ऊंचाई पर विवांता होटल खोलने की मंगलवार को घोषणा की। आईएचसीएल के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी पुनीत चटवाल ने कहा, 'हम अरुणाचल प्रदेश के तवांग में विवांता खोलकर काफी खुश हैं।

### जायडस हेल्थकेयर को मिला आयकर नोटिस

**नई दिल्ली।** जायडस लाइफसाइंसेज ने मंगलवार को कहा कि उसकी इकाई जायडस हेल्थकेयर लिमिटेड को कर आकलन वर्ष 2023-24 के लिए 284.58 करोड़ रुपये का आयकर नोटिस मिला है। जायडस लाइफसाइंसेज ने शेयर बाजार को दी गई एक सूचना में कहा कि उसके पूर्ण-स्वामित्व वाली अनुषंगी जायडस हेल्थकेयर लिमिटेड (जेडएचएल) को आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 143 (1) के तहत 284.58 करोड़ रुपये की कर मांग निर्धारित किए जाने की सूचना मिली है।

# इस्पात क्षेत्र के लिए पीएलआई 2-0 योजना पर अभी काम जारी

*कंपनियों को इस्पात आयात पर अंकुश लगाने जैसे कदमों का इंतजार*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि सरकार, उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना 2.0 पर काम कर रही है और साथ ही 2024 में इस्पात क्षेत्र के लिए पर्याप्त कच्चे माल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के तरीकों पर भी विचार किया जा रहा है। मजबूत आर्थिक वृद्धि से इस्पात की मांग बढ़ेगी, हालांकि उद्योग से जुड़ी कंपनियां भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच बढ़ते आयात और कच्चे माल की ऊंची कीमतों को लेकर चिंतित हैं। इस क्षेत्र के 2020-21 में कोविड-19 वैश्विक महामारी से प्रभावित रहने के बाद अब इस्पात के उत्पादन और खपत में मजबूत सुधार हुआ है।

### तैयार इस्पात की सालाना खपत 14 फीसदी बढ़ी

*इस्पात मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, इस साल अप्रैल-नवंबर में कच्चे इस्पात का संचयी उत्पादन 14.5 प्रतिशत बढ़कर 9.401 करोड़ टन रहा। इसी अवधि में तैयार इस्पात की खपत सालाना आधार पर 14 प्रतिशत बढ़कर 8.697 करोड़ टन हो गई। भारत ने 2030 तक 30 करोड़ टन की स्थापित इस्पात विनिर्माण क्षमता का लक्ष्य रखा है।*

- पर्याप्त कच्चे माल की आपूर्ति सुनिश्चित करने पर विचार
- मजबूत आर्थिक वृद्धि से इस्पात की मांग बढ़ेगी
- बढ़ते आयात और कच्चे माल की ऊंची कीमतों को लेकर चिंता



### एआई के इस्तेमाल पर जोर

*कुलस्ते ने कहा कि इसके अलावा इस्पात उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए उद्योग की कंपनियों के बीच कृत्रिम मेधा (एआई) और नए युग की प्रौद्योगिकियों के इस्तेमाल पर जोर देने के प्रयास किए जाएंगे। साथ ही कार्बन उत्सर्जन को कम करने पर भी ध्यान दिया जाएगा। कुलस्ते के पास ग्रामीण विकास राज्य मंत्री का प्रभार भी है।*

### कंपनियां अपनी क्षमता बढ़ा रही

*कुलस्ते ने कहा कि सभी इस्पात कंपनियां अपनी क्षमताएं बढ़ा रही हैं और व्यापार सुगमता सुनिश्चित करने के लिए सरकार उनकी परियोजनाओं से जुड़ी मंजूरी में मदद कर रही है। उन्होंने कहा, 'हमारा मंत्रालय राज्य सरकारों और उसके अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में है, ताकि उनकी परियोजनाओं के समक्ष पेश होने वाली किसी भी समस्या से निपटने में मदद की जा सके।'*

### स्कैप के इस्तेमाल को बढ़ावा देने पर जोर

वर्तमान में देश की क्षमता करीब 16.1 करोड़ टन है। कुलस्ते ने 2024 में इस्पात उद्योग के लिए सरकार की प्राथमिकताओं के बारे में बात करते हुए कहा, ' हम इस्पात क्षेत्र के लिए पीएलआई 2.0 की तैयारी कर रहे हैं। इस पर विभिन्न स्तरों पर चर्चा जारी है।' इस्पात राज्य मंत्री ने कहा कि सरकार इस्पात उद्योग के लिए कच्चे माल की आपूर्ति सुनिश्चित करेगी और स्क्रैप के इस्तेमाल को बढ़ावा देने पर भी ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

### स्टील उत्पादों की डंपिंग के कई मामले

*मंत्री ने कहा कि सरकार कोकिंग कोयले की 'सोर्सिंग' के लिए वैकल्पिक विकल्प तलाशने के लिए कई देशों के साथ काम कर रही है। वहीं इंडियन स्टील एसोसिएशन (आईएसए) के अनुसार, पिछले दिनों चीन और वियतनाम सहित कई स्थान पर सामने आए 'स्टील उत्पादों की डंपिंग' के मामले सामने आने के बाद अब नए साल में बढ़ते आयात तथा कच्चे माल की ऊंची कीमतें उद्योग के लिए चिंता का विषय बनी रहेंगी।*

### भारत 90 फीसदी कोल आयात पर निर्भर

*भारत अपनी 90 प्रतिशत कोकिंग कोयले की आवश्यकता को पूरा करने के लिए आयात पर निर्भर है। 2023 में अब तक आयात सात-आठ करोड़ टन के बीच रहा है। आईएसए के महासचिव आलोक सहाय ने कहा कि उद्योग को आयात की समस्या का सामना करना पड़ रहा है।*

# अदाणी परिवार हरित ऊर्जा इकाई में करेगा निवेश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




अरबपति गौतम अदाणी और उनका परिवार हरित ऊर्जा इकाई में 9,350 करोड़ रुपये का निवेश करेगा ताकि कंपनी को वर्ष 2030 तक 45 गीगावाट क्षमता का लक्ष्य हासिल करने लायक बनाया जा सके। अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसके निदेशक मंडल ने प्रवर्तकों को 1,480.75 रुपये प्रति शेयर के भाव पर 6.31 करोड़ तरजीही वारंट जारी करने की योजना को मंजूरी दी। इस तरह वारंट जारी कर 9,350 करोड़ रुपये की राशि जुटाई जाएगी। कंपनी में प्रवर्तकों की तरफ से 9,350 करोड़ रुपये के इस निवेश का इस्तेमाल 'उधारी चुकाने और त्वरित पूंजीगत व्यय के लिए किया जाएगा।' इस निवेश के बाद अदाणी ग्रीन एनर्जी में प्रवर्तक समूह की फर्मों को 3.833 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी मिलेगी। कंपनी के पास 1.2 अरब डॉलर मूल्य के बांड हैं जो अगले साल परिपक्व होने वाले हैं। इन बॉन्ड के भुगतान या पुनर्वित्तपोषण के लिए कंपनी ने योजनाएं बनानी पहले ही शुरू कर दी हैं। कंपनी ने कहा कि तरजीही वारंट जारी करने के लिए नियामकीय एवं वैधानिक निकायों की भी मंजूरी लेनी होगी। इसके अलावा 18 जनवरी को होने वाली कंपनी की असाधारण आम बैठक (ईजीएम) में भी इसपर शेयरधारकों की स्वीकृति ली जाएगी। हरित ऊर्जा के क्षेत्र में सक्रिय एजीईएल के पास पहले से ही 19.8 गीगावाट की क्षमता और संसाधन-संपन्न इलाके में दो लाख एकड़ से अधिक भूमि (40 गीगावॉट से अधिक की अतिरिक्त क्षमता के बराबर) का बिजली खरीद समझौता है।

- कंपनी 2030 तक 45 गीगावाट क्षमता का लक्ष्य हासिल करेगी

### स्वच्छ ऊर्जा का सपना साकार होगा

*अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने कहा, 'अदाणी परिवार का यह निवेश न केवल हमारे देश के स्वच्छ ऊर्जा के सपने को साकार करने बल्कि एक न्यायसंगत ऊर्जा बदलाव के लिए भी हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।... धन के निवेश के साथ एजीईएल अपने तीव्र वृद्धि पथ को पाने के लिए अनुकूल स्थिति में है।'*

# शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

- सेंसेक्स 230 अंक चढ़ा, निफ्टी में 92 अंक की तेजी



स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 229 अंक से अधिक के लाभ में रहा। बिजली, तेल एवं गैस तथा बैंक शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी रही। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 229.84 अंक यानी 0.32 प्रतिशत की तेजी के साथ 71,336.80 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 364.33 अंक तक चढ़ गया था। सेंसेक्स की तेजी में लगभग 120 अंक का योगदान एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज का रहा। पचास शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 91.95 अंक यानी 0.43 प्रतिशत की बढ़त के साथ 21,441.35 अंक पर बंद हुआ।

### एनटीपीसी रहा सबसे ज्यादा मजबूत

*सेंसेक्स की कंपनियों में एनटीपीसी सबसे ज्यादा 2.44 प्रतिशत मजबूत हुआ। इसके अलावा महिंद्रा एंड महिंद्रा, विप्रो, कोटक महिंद्रा बैंक, टाटा स्टील, एशियन पेंट्स, भारती एयरटेल, पावरग्रिड, रिलायंस इंडस्ट्रहज एचडीएफसी बैंक और टाइटन प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टाटा मोटर्स और एचसीएल टेक्नोलॉजीज शामिल हैं।*

## सोने में 250 रुपए की तेजी चांदी 350 रुपए मजबूत



**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों में मजबूती के रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोना 250 रुपये की तेजी के साथ 63,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 63,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था।एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने कहा, 'मंगलवार को सोने की कीमतों में तेजी दर्ज हुई। विदेशी बाजारों में तेजी के कारोबार के बाद दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमतें 250 रुपये तक बढ़ गईं।' चांदी की कीमत भी 350 रुपये मजबूत होकर 79,450 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई।

# चालू खाते का घाटा दूसरी तिमाही में घटकर 8.3 अरब डॉलर पर

एजेंसी ▶▶| मुंबई



देश के चालू खाते के घाटे (कैड) में कमी आई है। यह चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में कम होकर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का एक प्रतिशत यानी 8.3 अरब डॉलर रहा है। मुख्य रूप से वस्तु व्यापार का घाटा कम होने तथा सेवा निर्यात बढ़ने से चालू खाते का घाटा कम हुआ है। चालू खाता का घाटा बीते वित्त वर्ष 2022-23 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में 3.8 प्रतिशत यानी 30.9 अरब डॉलर रहा था। कैड मौजूदा वित्त वर्ष की पहली तिमाही अप्रैल-जून में 9.2 अरब डॉलर यानी जीडीपी का 1.1 प्रतिशत था। भारत के चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के दौरान भुगतान संतुलन की स्थिति पर जारी आंकड़ों के अनुसार, 'कैड चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में कम हुआ है। इसका कारण वस्तु व्यापार घाटे (वस्तु निर्यात-आयात का अंतर) का कम होना है। यह 2023-24 की दूसरी तिमाही में 61 अरब डॉलर रहा जो 2022-23 की दूसरी तिमाही में 78.3 अरब डॉलर था।'

### सॉफ्टवेयर निर्यात में वृद्धि

*रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, सॉफ्टवेयर निर्यात, व्यापार और यात्री सेवाएं बढ़ने से सेवा निर्यात सालाना आधार पर 4.2 प्रतिशत की दर से बढ़ा। शुद्ध सेवा प्राप्तियां तिमाही और सालाना आधार दोनों स्तर पर बढ़ी हैं।*

## कर्नाटक में परिवारों की औसत मासिक आय सबसे ज्यादा

**नई दिल्ली।** देश में परिवारों की औसत मासिक आय के मामले में कर्नाटक सबसे आगे है। वर्ष 2023 में कर्नाटक में प्रति परिवार औसत मासिक आय 35,411 रुपये रही और इस मामले में उसने महाराष्ट्र को पीछे छोड़ दिया है। मनी9 वार्षिक पर्सनल फाइनेंस पल्स सर्वेक्षण- 2023 के नतीजों में यह जानकारी दी गई है। सर्वेक्षण में यह बात भी सामने आई है कि देश के नागरिकों के लिए इलाज का खर्च उठाना भारी पड़ रहा है। अचानक किसी गंभीर बीमारी की वजह से इस साल 22 प्रतिशत से अधिक भारतीयों को अपनी जीवन भर की बचत गंवानी पड़ी है। वहीं 56 प्रतिशत भारतीय परिवार ऐसे हैं जो आज भी नौकरी छूटने के डर के बीच जी रहे हैं। सर्वेक्षण में भारतीय परिवारों की आमदनी, खर्च, जीवन स्तर, बचत, निवेश और भविष्य की आकांक्षाओं की पड़ताल की गई है। राज्यों की मासिक आय के बारे में इसमें कहा गया है, 'देश में परिवारों की औसत मासिक आय के मामले में कर्नाटक ने महाराष्ट्र को पीछे छोड़ दिया है। वर्ष 2023 में कर्नाटक में प्रति परिवार औसत मासिक आय 35,411 रुपये रही।' पिछले साल के सर्वेक्षण में औसत मासिक आय के मामले में महाराष्ट्र शीर्ष पर था।


**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बीजापुर (छ.ग.)** (जल जीवन मिशन)

-: ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना :-

-: निविदा आमंत्रण सूचना :-

जिला बीजापुर के विभिन्न विकासखण्डों के ग्रामों में नलजल प्रदाय योजना अन्तर्गत कार्य पाईप लाईन एवं घरेलू नल कनेक्शन के लिए एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु प्रपत्र "ए" में ऑनलाईन (Online) निविदा ( प्रमुख अभियंता, लो.स्वा. यां. विभाग रायपुर छ.ग. के यु. एस. ओ. आर. दिनांक 01.06.2020 में Amedment date 01.07.2022 से प्रभावशील एवं निविदा जारी होने की तिथि तक समस्त संशोधन सहित दरों पर ) आमंत्रित की जाती है। निविदाएँ मिशन संचालक महोदय के निर्देशानुसार दिये नये ड्राफ्ट एन.आई.टी. में उल्लेखित नियम एवं शर्तों के आधार पर आमंत्रित की जा रही है। ठेकेदार निविदाएँ साईट में अपलोड नये ड्राफ्ट एन.आई.टी. के नियम एवं शर्तों के आधार पर ही निविदा में भाग लेवें पुराने नियम एवं शर्तों के आधार पर भाग लेने पर अपात्र कर दिया जावेगा। जिसके लिए स्वयं जिम्मेदार होगें । आमंत्रित निविदाएँ निम्नानुसार है

| क्र. | निविदा क्रमांक/ दिनांक | सिस्टम क्रमांक | ग्राम | कॉल | कार्य की अनु. लागत (रू. लाख में) | अमानत राशि (रू. में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 656 /11.12.2023 | 150232 | DUMIRPALNER | 5th Call | 17.61 | 13208/- |
| 2 | 660 /19.12.2023 | 150236 | ANNAPUR | 5th Call | 11.77 | 8828/- |
| 3 | 663 /19.12.2023 | 150266 | MUNGA | 6th Call | 50.77 | 38078/- |
| 4 | 664 /19.12.2023 | 150267 | SAFIMARKA | 6th Call | 18.88 | 14160/- |
| 5 | 665 /19.12.2023 | 150289 | PEDAKORMA | 6th Call | 64.32 | 48240/- |
| 6 | 666 /19.12.2023 | 150268 | ADWADA | 6th Call | 12.11 | 9083/- |
| 7 | 667 /19.12.2023 | 150269 | BIRYABHUMI | 6th Call | 19.36 | 14520/- |
| 8 | 668 /19.12.2023 | 150270 | EDASMETA(BHAIRAMGARH ) | 6th Call | 25.58 | 19410/- |
| 9 | 669 /19.12.2023 | 150271 | GUPDILANKA | 6th Call | 22.75 | 17063/- |
| 10 | 670 /19.12.2023 | 150272 | AREPALLI | 6th Call | 17.05 | 12788/- |
| 11 | 671 /19.12.2023 | 150273 | MANGALTOR | 6th Call | 15.66 | 11745/- |
| 12 | 672 /19.12.2023 | 150274 | TADWADA | 6th Call | 7.89 | 5918/- |
| 13 | 673 /19.12.2023 | 150276 | ETEPAL | 6th Call | 8.11 | 6083/- |
| 14 | 674 /19.12.2023 | 150292 | KAKEKORMA | 6th Call | 33.74 | 25305/- |
| 15 | 675 /19.12.2023 | 150293 | KONDAPADGU | 6th Call | 10.89 | 8168/- |
| 16 | 676 /19.12.2023 | 150295 | BADE ALWADA | 7th Call | 06.12 | 4590/- |
| 17 | 677 /19.12.2023 | 150320 | KACHILWAR & MOSLA | 6th Call | 32.09 | 24068/- |
| 18 | 678 /19.12.2023 | 150323 | METAPAL | 6th Call | 52.65 | 39488/- |
| 19 | 679 /19.12.2023 | 150324 | JIDPALLI | 3rd Call | 46.62 | 34965/- |
| 20 | 680 /19.12.2023 | 150325 | EDASMETA (BIJAPUR ) | 5th Call | 18.07 | 13553/- |
| 21 | 681 /19.12.2023 | 150326 | UDTAMALLA | 5th Call | 38.53 | 28898/- |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की अंतिम तिथि दिनांक (**Bid due date**) **16.01.2024** तक आमंत्रित की जाती है । निविदाएँ डाउनलोड करने की तिथि (**Bid start date**) **23.12.2023** से है । निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल **https://eproc.cgstate.gov.in** से डाउनलोड की जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बीजापुर**

G -06639/4



**छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, खारंग जल संसाधन संभाग, बिलासपुर जिला - बिलासपुर (छ.ग.)**

**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**
**(प्रथम - आमंत्रण)**

**सिस्टम निविदा क्र. 150251 / निविदा सूचना क्र. 08/ व.ले.लि. / 2023-24**
**दिनांक. 22.12.2023**

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक 12.01.2024 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है -

**कार्य का नाम- बिटकुली (मंजूरपहरी) जलाशय योजना के बंड के आर.डी. 0 मी. से आर.डी. 900 मी. तक मिट्टी कार्य, शूटफाल का मरम्मत तथा मुख्य नहर के आर. डी. 0मी. से आर.डी. 6000 मी. तक सीमेंट कांक्रीट लाईनिंग एवं 05 नग स्ट्रक्चर तथा 30 नग आऊटलेट का निर्माण कार्य ।**

**अनुमानित लागत - रू. 276.03 लाख**
**(निविदा की अनुमानित लागत एस.ओ. आर. दिनांक 22.08.2022 के आधार पर)**

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 29.12.2023 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते हैं।

**नोट : 1.** निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

**2.** निविदाकार को इस निविदा में वर्ष 2023 में जारी किए गये Pre Bid Qulification certificate ( Valid up to 30.09.2024 ) का उपयोग अनिवार्य है ।

**कार्यपालन अभियंता**
**खारंग जल संसाधन संभाग**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

G-06646/1



**कार्यालय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जगदलपुर, जिला बस्तर (छ.ग.)**

Email id.-cmhobastar@gmail.com /Telephone No. 07782-222281

**द्वितीय खुली निविदा आमंत्रण सूचना**

**क्रमांक/द्वितीय निविदा / मु.चि. अधि. / नीति आयोग / 2023-24 / 6860**
**जगदलपुर, दिनांक 21/12/2023**

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला - बस्तर, जगदलपुर अंतर्गत बस्तर जिले हेतु Mobile TB Diagnostic Unit की आपूर्ति किसी भी निर्माता / अधिकृत विक्रेता / पंजीकृत फर्म से द्वितीय निविदा आंमत्रित की जाती है ।

द्वितीय निविदा हेतु आवश्यक शर्ते वेबसाईट www.bastar.gov.in में देखा जा सकता है। द्वितीय निविदा प्रपत्र कार्यालय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जगदलपुर, जिला- बस्तर (छ.ग.) से कार्यालयीन दिवस पर प्रातः 11.00 से संध्या 4.00 बजे तक राशि रूपये 3000 / - (तीन हजार रूपये मात्र) द्वितीय निविदा प्रपत्र मूल्य का डिमांड ड्रफ्ट / बैंकर्स चेक जो कि नॉन रिफंडेबल है, जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं। डी.डी./ बैंकर्स चेक Chief Medical & Health Officer, Bastar Payable at Jagdalpur के नाम से देय हो स्वीकार किये जावेंगे।

| | | |
|---|---|---|
| द्वितीय निविदा प्रपत्र बिक्री की अंतिम तिथि | : | 12/01/2024 सायं 4.00 बजे तक |
| मुहरबंद द्वितीय निविदा पंजीकृत डाक, स्पीड पोस्ट एवं कोरियर द्वारा इस कार्यालय को प्राप्त होने की अंतिम तिथि | : | 15/01/2024 अपरान्ह 3.00 बजे तक |
| द्वितीय निविदा खोले जाने की तिथि | : | 15/01/2024 को अपरान्ह 4.00 बजे |

**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,**
**जगदलपुर, जिला- बस्तर (छ. ग.)**

G-06638/1



**GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESOURCES DEPARTMENT OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER MAHANADI CIRCLE, RAIPUR (CHHATTISGARH)**

**e-PROCUREMENT TENDER NOTICE**
**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**
**(First Call)**

**System Tender No. 150239/ NIT No.: 27/SAC/23-24**
**Dated: 21.12.2023**

Online Tenders are invited for the following works up to 11.01.2024 at 17.30 Hours.

Name of work - **Construction of Jaroud Stopdam on Jaroud Nalla in Block Arang, District Raipur.**

Probable Amount of Contract: - **Rs. 177.57 Lakhs**
**(As per S.O.R dated 01.08.2010 and amended upto dated 22.08.2022).**

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh Integrated e-Procurement Portal (**https://eproc.cgstate.gov.in**) from **Date 28.12.2023, at 17.31 Hours.** (IST) onwards.

**NOTE** - All eligible/intrested contractors/bidders are mandated to get enrolled on the Integrated e- procurement portal (**https://eproc.cgstate.gov.in**) and get approval on specific vendor class from PWD under Centralized Contractor/Supplier Registration in order to download the tender documents and participate in the subsequent bidding process.

**Executive Engineer**
**Water Management Division No. 1, Raipur**
**For, Superintending Engineer**
**Mahanadi Circle, Raipur (C.G.)**

G-06659/2



**छत्तीसगढ़ शासन,**
**वन विभाग दन्तेवाड़ा वनमण्डल, दन्तेवाड़ा**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जगदलपुर वृत्त के अन्तर्गत दन्तेवाड़ा काष्ठागार में नीचे दर्शाये अनुसार ईमारती नये / पुराने काष्ठ का नीलाम किया जावेगा ।

1. नीलाम दिनांक - 02-01-2024
2. नीलाम स्थल का नाम - काष्ठागार दन्तेवाड़ा (आंवराभाठा
3. डिपो का नाम जहां वनोपज रखी गई है - दन्तेवाड़ा आंवराभाठा दन्तेवाड़ा
4. नीलाम समय - 10:00 बजे पूर्वान्ह से

| प्रजाति | नयी काष्ठ | | | पुरानी काष्ठ | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | नग | घ.मी. | बल्ली/डेंगरी | नग | घ.मी. | बल्ली/डेंगरी |
| सागौन | 1820 | 271.773 | 10/66 | 1765 | 123.294 | 67/432 |
| साल | 0 | 0.000 | 0 | 1275 | 162.752 | 8/27 |
| बीजा | 0 | 0.000 | 0 | 111 | 14.401 | 3/8 |
| साजा | 0 | 0.000 | 0 | 96 | 14.401 | 0 |
| सीवना | 4 | 0.432 | 0 | 0 | 0.000 | 0 |
| धावड़ा | 0 | 0.000 | 0 | 23 | 3.228 | 0 |
| हल्दू | 0 | 0.000 | 0 | 10 | 2.789 | 0 |
| शीशम | 0 | 0.000 | 0 | 3 | 0.120 | 0 |
| अनय | 3 | 0.896 | 0 | 148 | 22.456 | 8/3 |
| योगः- | 1827 | 273.101 | 10/66 | 3431 | 343.441 | 86/470 |

इच्छुक व्यापारी नीलाम में भाग लेने के पूर्व नीलाम शर्ते एवं विस्तृत जानकारियाँ अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय से कार्यालयीन दिवस में प्राप्त कर सकते हैं। कृपया बोली लगाने के पूर्व नीलाम में रखी गई नये / पुराने ईमारती काष्ठ का श्रेणी को भली-भांति देख लेवें। वर्ष 2024 का व्यापार पंजीयन प्रमाण-पत्र एवं फर्म का पेन नम्बर / जी.एस.टी. नम्बर की प्रति नीलाम के दिन सत्यंकार राशि का भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, यूनियन बैंक, बडौदा बैंक, देना बैंक, एक्सिस बैंक, सेन्ट्रल बैंक, चेक के साथ अनिवार्य रूप से सत्यंकार कक्ष में प्रस्तुत करना होगा । नीलाम में बोली लगाने के पूर्व सत्यंकार राशि जो एक हजार से कम नहीं होगी सत्यंकार अधिकारी के पास जमा करना अनिवार्य है ।

**वनमण्डलाधिकारी**
**दन्तेवाड़ा वनमण्डल, दन्तेवाड़ा**

G-06676/5



**कार्यालय अधीक्षण अभियंता,**
**लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 2 (छत्तीसगढ़)**

**ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना**
**(द्वितीय आमंत्रण)**

**दिनांक 22.12.2023**

निम्नांकित कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदा "डी" श्रेणी एवं अधिक श्रेणी के ठेकेदारों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। ऑनलाईन निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 05.01.2024 है ।

| एन.आई.टी क्र / निविदा क्रं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत ( लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| NIT NO. 220 Tender No. 150373 | नगरी अनुविभाग अंतर्गत विभिन्न राज्य मार्गो में बी. टी. पेंच मरम्मत कार्य । | रू. 27.86 लाख |
| NIT NO. 221 Tender No. 150374 | बलौदाबाजार अनुविभाग अंतर्गत विकासखंड पलारी के ग्राम छड़िया में हाई स्कूल भवन का निर्माण कार्य । | रू. 66.50 लाख |
| NIT NO. 222 Tender No. 150375 | बलौदाबाजार अनुविभाग अंतर्गत विकासखंड पलारी के ग्राम सुन्द्रावन में हाई स्कूल भवन का निर्माण कार्य। | रू. 66.50 लाख |
| NIT NO. 223 Tender No. 150376 | बलौदाबाजार अनुविभाग अंतर्गत बलौदाबाजार में साहू समाज भवन का निर्माण कार्य । | रू. 41.59 लाख |
| NIT NO. 224 Tender No. 150377 | जिला गरियाबंद के विकासखंड देवभोग अंतर्गत देवभोग में कन्या हायर सेकेण्ड्री स्कूल भवन का निर्माण कार्य, जल प्रदाय, सेनेटरी फिटिंग एवं विद्युतीकरण सहित कार्य । | रू. 119.79 लाख |
| NIT NO. 225 Tender No. 150378 | कसडोल अनुविभाग अंतर्गत स्पोर्ट स्टेडियम कसडोल का निर्माण / रिनोवेशन का कार्य । | रू. 44.34 लाख |
| NIT NO. 226 Tender No. 150379 | जिला गरियाबंद के विकासखंड छुरा अंतर्गत ग्राम छुरा में कन्या हायर सेकेण्ड्री स्कूल भवन का निर्माण कार्य, जल प्रदाय, सेनेटरी फिटिंग एवं विद्युतीकरण सहित कार्य। | रू.119.80 लाख |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है । (राशि रू. 100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पर निर्धारित प्रपत्र में शपथ-पत्र एवं न्यूनतम राशि रू. 10.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम पर एनेक्जर - 3 का शपथ पत्र , बिडकेपेसीटी उपलब्धता बाबत जानकारी एवं अन्य जानकारी एनआईटी के 2.10 में संलग्न संशोधित प्रपत्रानुसार प्रस्तुत करें।)

निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

Credible Chhattisgarh
आपकी थी चाह, हमने बनाई राह

**अधीक्षण अभियंता,**
**लो.नि.वि.,**
**रायपुर मण्डल क्र. 2 (छ.ग.)**

G-06671/4

टेस्ट क्रिकेट : कोहली ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में 2,101 रन पूरे कर बनाया रिकार्ड


# विराट बने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज

एजेंसी ▶▶| सेंचुरियन

दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के खिलाफ टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले में भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने एक और उपलब्धि अपने नाम की। भारत की पहली पारी में 35 रन बनाते ही वह विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में सबसे ज्यादा 2,101 रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। इस मामले में उन्होंने रोहित शर्मा को पीछे छोड़ दिया है। रोहित ने अब तक खेले 26 टेस्ट की 42 पारियों में 2,097 रन बनाए हैं।

### जो रूट हैं अभी शीर्ष पर

इस सूची में शीर्ष पर इंग्लैंड के जो रूट 47 मैच, 86 पारियां 3,987। दूसरे नंबर पर मार्नस लाबुशेन 3,641, तीसरे पर स्टीव स्मिथ 3,223, चौथे पर बेन स्टोक्स 2,710 और 5वें पर बाबर आजम 2,570 हैं। इस सूची में कोहली 10वें स्थान पर हैं। उनके अब 2,101 रन हो गए हैं।



### सेंचुरियन में विराट ने तोड़ा संगकारा का रिकॉर्ड

दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के खिलाफ सेंचुरियन के सुपरस्पोर्ट पार्क में खेले जा रहे पहले टेस्ट में 18 रन बनाते ही भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने एक उपलब्धि अपने नाम की। कोहली अब सुपरस्पोर्ट पार्क में सबसे ज्यादा रन (244*) बनाने वाले मेहमान बल्लेबाज बन गए हैं। इस मामले में उन्होंने श्रीलंकाई दिग्गज कुमार संगाकारा को पीछे छोड़ दिया है। संगाकारा ने इस मैदान पर 3 टेस्ट की 6 पारियों में 228 रन बनाए थे।


### कोहली के टेस्ट करियर पर एक नजर

कोहली ने अपना पहला टेस्ट मैच साल 2011 में वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के खिलाफ खेला था। उन्होंने अब तक 112 टेस्ट मैच खेले हैं और इसकी 188 पारियों में 8,714 रन बनाने में कामयाब रहे हैं। कोहली की औसत टेस्ट क्रिकेट में 49.23 की रही है। उन्होंने क्रिकेट के सबसे बड़े फॉर्मेट में 29 शतक और 29 अर्धशतक लगाए हैं। उनका टेस्ट में सर्वश्रेष्ठ स्कोर 254 रन रहा है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहली पारी में उन्होंने 38 रन बनाए।

## रबाडा ने रोहित को 13वीं बार किया आउट

भारतीय क्रिकेट टीम और दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के बीच पहला टेस्ट मैच खेला जा रहा है। टीम के कप्तान और सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा एक बार फिर दक्षिण अफ्रीका की धरती पर फ्लॉप रहे। वह 14 गेंद में 5 रन बनाकर कगिसो रबाडा की गेंद पर कैच आउट हो गए। बता दें कि रोहित दक्षिण अफ्रीका में जब भी खेलते हैं उनके बल्ले से रन नहीं निकलते। वहीं कगिसो रबाडा ने रोहित का विकेट लेकर इतिहास रच दिया। रबाडा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में रोहित को सर्वाधिक 13 बार आउट करने वाले गेंदबाज बन गए।

रोहित का दक्षिण अफ्रीका की सरजमीं पर रिकॉर्ड बेहद खराब है। उन्होंने वहां अपना पहला टेस्ट मैच साल 2013 में खेला था। उन्होंने अब तक 5 टेस्ट मैच खेले हैं और इसकी 9 पारियों में 14.22 की बेहद



साधारण औसत के साथ सिर्फ 128 रन बनाने में सफल रहे हैं। उनके बल्ले से दक्षिण अफ्रीका में 1 भी शतक या अर्धशतक नहीं निकला है। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर सिर्फ 47 रन रहा है।

### रबाडा के नाम 500 अंतरराष्ट्रीय विकेट



पहले टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका टीम के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा ने भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाफ 5 विकेट हासिल कर एक कीर्तिमान अपने नाम जोड़ लिया। इसके साथ ही उनके अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 500 विकेट भी पूरे हो गए। कहर बरपाती हुई गेंदबाजी करते हुए रबाडा ने भारत के खिलाफ टेस्ट पारी में पहली बार कम से कम 5 विकेट लेने का कारनामा किया है।

### बारिश ने जल्द खत्म कराया पहले दिन का खेल, भारत के 208/8 रन

*भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दो मैचों की श्रृंखला के शुरुआती मुकाबले के पहले दिन मंगलवार को यहां तीसरे सत्र में खराब रोशनी और बारिश के कारण खेल जल्दी समाप्त करना पड़ा। दिन का खेल समाप्त घोषित किए जाने के समय भारत ने 59 ओवर में आठ विकेट पर 208 रन बनाए थे। विकेटकीपर बल्लेबाज लोकेश राहुल 70 रन बनाकर क्रीज पर मोहम्मद सिराज (शून्य) के साथ मौजूद है। भारत के लिए विराट कोहली (38), श्रेयस अय्यर (31) अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में नाकाम रहे। दक्षिण अफ्रीका के लिए कैगिसो रबाडा ने पांच विकेट लिये।*

## आईपीएल के लिए नहीं मिलेगी मुजीब, नवीन व फारूकी को एनओसी, खेलना संदिग्ध



एजेंसी ▶▶| काबुल

अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के मुजीब उर रहमान, नवीन उल हक और फजलहक फारूकी को अगले दो साल के लिए एनओसी देने की संभावना नहीं है जिससे इंडियन प्रीमियर लीग के 2024 सत्र में उनका खेलना संदिग्ध है।

इसी महीने आईपीएल 2024 के लिए हुई नीलामी के दौरान मुजीब को कोलकाता नाइट राइडर्स ने दो करोड़ रुपये में अपने साथ जोड़ा था। नवीन को लखनऊ सुपर जाइंट्स और फारूकी को सनराइजर्स हैदराबाद ने रिटेन किया है। एसीबी ने कहा कि इन तीनों खिलाड़ियों को दी गई एनओसी तुरंत रद्द कर दी जाएगी। इन तीनों खिलाड़ियों ने अक्टूबर-नवंबर में 50 ओवर के विश्व कप में अफगानिस्तान का प्रतिनिधित्व किया था। एसीबी द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार बोर्ड ने इन सभी खिलाड़ियों के लिए 2024 के वार्षिक अनुबंध में विलंब करने का फैसला किया है। उन्होंने मामले की पूरी तरह से जांच करने के लिए एक समिति का गठन किया है क्योंकि इन खिलाड़ियों ने एक जनवरी से अपने केंद्रीय अनुबंध से मुक्त होने की इच्छा व्यक्त की थी।

## अफ्रीका के कप्तान बावुमा चोटिल, आगे खेलना संदिग्ध

एजेंसी ▶▶| सेंचुरियन

दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेंबा बावुमा को भारत के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के शुरुआती दिन मंगलवार को यहां बायीं हैमस्ट्रिंग में चोट के कारण मैदान छोड़ना पड़ा और उनका मैच में आगे खेलना संदिग्ध है। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मार्को यानसन पर लगाए गए विराट कोहली के ड्राइव को रोकने के




प्रयास में बावुमा चोटिल हो गए और उन्हें 20वें ओवर में मैदान छोड़ना पड़ा। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका के अनुसार, ''स्कैन से पता चला है कि उनकी बायीं हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आ गया है। उनके स्थान पर डीन एल्गर ने कार्यवाहक कप्तान के रूप में जिम्मेदारी संभाली। एल्गर ने इस श्रृंखला के बाद संन्यास लेने की घोषणा की है।

## अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित होंगे पहले दृष्टिबाधित क्रिकेटर रेड्डी

**नई दिल्ली।** बचपन में अजय कुमार रेड्डी सैनिक बनकर देश की सेवा करना चाहते थे। जब उन्हें पता चला कि दृष्टिबाधित लोग सेना में प्रवेश नहीं कर सकते तो उनका दिल टूट गया। कम उम्र में ही आंशिक रूप से दृष्टिबाधित हुए अजय ने हालांकि जल्द ही भारत की सेवा करने का एक और तरीका ढूंढ लिया: क्रिकेट खेलना और विश्व कप जीतना। उनके योगदान के लिए उन्हें अगले महीने अर्जुन पुरस्कार मिलेगा और वह दृष्टिबाधित क्रिकेट में यह सम्मान पाने वाले पहले खिलाड़ी बन जाएंगे। आंध्र प्रदेश के गुराजाला में जन्में भारतीय दृष्टिबाधित टीम के



कप्तान अजय ने चार साल की उम्र में एक दुर्घटना में अपनी बाईं आंख की रोशनी गंवा दी थी। उन्होंने 2010 में भारत के लिए पदार्पण किया और टी20 विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा बने लेकिन इससे उन्हें ज्यादा खुशी नहीं मिली। उन्होंने कहा, ''पहली बार हमने टी20 विश्व कप जीता। पाकिस्तान क्रिकेटरों ने कहा 'ओह, यह एक नया प्रारूप है, आप भाग्यशाली थे इसलिए जीत गए। वनडे में हम नंबर एक हैं'। चोट से जूझते हुए खिताबी मुकाबले में नाबाद 74 रन बनाने वाले अजय ने कहा, ''2014 एकदिवसीय फाइनल में पाकिस्तान को हराना मेरे जीवन का सबसे अच्छा पल था।''







होंडा अधिकृत विक्रेता : रायपुर : ए सिटी होंडा - 9109133001, ग्रैंड होंडा - 0771-4033794, वरूण होंडा - 0771-4005901, जी.के. होंडा - 8058254444, आरंग: वी श्री होंडा - 9893728947, भिलाई: आन होंडा (पॉवर हाऊस): 0788-4013336, नंदिनी रोड (बैंक ऑफ बड़ौदा के पास) - 626909005, हाऊसिंग बोर्ड (एकता चौक) 6269090006, जुनवानी रोड (माईलस्टोन स्कूल) - 8305224906, दुर्ग: श्री सांईराम होंडा - 0788-4017246, 8458882333, बोरसी - 8458880444, रिसाली - 9340000620, राजनांदगांव: अंशदीप होंडा - 07744-223100, मनराज होंडा - 07744-223333, महासमुंद: श्री आर्यन होंडा - 9425204997, दल्लीराजहरा: श्री शुभ होंडा - 7587764225, 9406082344, बलौदा बाजार: किरण होंडा - 7049518181, कवर्धा: प्रथा होंडा- 7400550099, बेमेतरा : श्री रामा होंडा - 7824222521, धमतरी: श्री श्याम होंडा- 07722-233255, जगदलपुर: वाहेगुरू होंडा - 8435090001, कोंडागांव: दंतेश्वरी होंडा- 8517909999, कांकेर : शिवनाथ होंडा - 07868 241600

For Bulk / Institutional enquiries, please write us at : institutionalsales@honda2wheelersindia.com




# खैरागढ़ गौशाला में 54 लोगों ने ग्यारह माह में तैयार की गोबर की चटाई, पीएम को करेंगे भेंट

## अगले साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से करेंगे मुलाकात

सत्यम शर्मा ▸▸| राजनांदगांव

खैरागढ़ जिले में स्थित मनोहर गौशाला में 54 लोगों ने ग्यारह माह की मेहनत के बाद गोबर से बनी चटाई तैयार की है। इस चटाई की विशेषता यही है कि दुनिया में सिर्फ गोबर से बनी इस साइज की यह पहली चटाई है, अब यह दुर्लभ चटाई देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेंट करने की तैयारी शुरु हो गई है। पीएम दफ्तर से गौशाला के लोगों को मिलने का समय दिया जाना सुनिश्चित हो गया है, नए साल में किसी भी दिन बुलावा आने पर गौशाला के मेंबर जाकर अपने हाथों से पीएम को यह चटाई देंगे।

चटाई तैयार करने वाले मनोहर जैन ने बताया कि देश की सेवा में जुटे प्रधानमंत्री मोदी को विशेष उपहार देना का उन्हें आइडिया आया। जिसके बाद ही गोबर से चटाई बनाने का काम शुरू किया गया। उन्होंने बताया कि गोबर से चटाई बनाना आसान नहीं रहा, कुल 54 लोगों ने समय-समय पर अपना सहयोग देकर 11 माह में इसे तैयार किया है। हर सुबह गोबर को धूप में रखकर इसे बनाने की शुरुआत होती थी, चटाई तैयार करते समय कई दिक्कतें भी आई लेकिन आखिरकार सभी की मेहनत से इस तैयार कर लिया गया। मिली जानकारी के अनुसार खैरागढ़ शहर में गौ सेवा की दृष्टिकोण से मनोहर गौशाला की शुरुआत की गई थी। इस गौशाला में गौ सेवा के साथ ही गोबर और गोमूत्र से वस्तु तैयार भी किए जाने लगा है। महज 18 हजार वर्ग फीट जगह के साथ शुरु हुआ यह गौशाला आज 11 एकड़ से अधिक इलाके में फैल चुका है। लगातार गौ सेवा के क्षेत्र में अपने कार्य के लिए इस गौशाला को सम्मान भी मिलता रहा है।





### गोबर गणेश और राखी भी पीएम तक पहुंची

गौशाला का संचालन करने वाले मनोहर ने बताया कि इससे पहले भी उनकी गौशाला द्वारा तैयार किए गए कई चीजें प्रधानमंत्री तक पहुंच चुका है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ की राज्यपाल रही अनसुईया उईके ने उनकी गौशाला में बने गोबर गणेश की प्रतिमा को पीएम को भेंट किया था। इसी प्रकार यहीं बनी गोबर की राखी को भी राज्यपाल ने पीएम के हाथों में बांधी थी। इसके अलावा गोबर से ब्रेसलेट, दीपक जैसे आइटम भी तैयार किए जाते रहे हैं। हालांकि अब तक स्वयं गौशाला के मेंबर के हाथों पीएम को कुछ भेंट नहीं किया गया है, परन्तु इस बार उन्हें अपने हाथों से चटाई देने का मौका मिलने जा रहा है।

### अवार्ड पा चुकीं गाय के गोबर से बनी चटाई

गोबर से बनी चटाई इसलिए भी विशेष है, क्योंकि जिस गाय के गोबर से यह बनाई गई है। वह भी गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में शामिल है। उन्होंने बताया कि सौम्या कामधेनु गाय के गोबर से चटाई तैयार की गई है, इस गाय की 54 इंच लंबी पूंछ है जो अपने आप में विशेष है। इसके अलावा गाय कामधेनु के 27 लक्षण से निपुण है जो भी इसे विशेष बनाता है। इसके गोबर और गोमूत्र से ही चटाई तैयार की गई है।

### जांच के लिए भेजी जाएगी चटाई

बताया गया कि गौशाला में गोबर से तैयार की गई 6 बाय 4 की चटाई की पहले जांच की जाएगी। इसकी जांच के लिए चटाई को आगामी एक सप्ताह के भीतर दिल्ली भेजा जाएगा। जांच के बाद पीएम दफ्तर से ही गौशाला के मेंबर को पीएम से मिलने की तारीख बताई जाएगी। बताया गया कि जनवरी-फरवरी में कभी भी पीएम से मिलने का बुलावा आ सकता है।

# खाने में नहीं मिली मटन नल्ली तो लड़के वालों ने तोड़ी शादी

एजेंसी ▸▸| हैदराबाद

तेलंगाना से एक हैरान करने वाली खबर सामने आई है। यहां एक शादी इसलिए टूट गई क्योंकि सगाई के बाद लड़के वालों को खाने में मटन की नल्ली नहीं मिली। उसे इन्होंने अपने सम्मान से जोड़कर देखा और शादी तोड़ दी। दरअसल, सगाई के बाद खाने के मेनू में नॉनवेज भी शामिल थी। जिसमें मटन भी था। हालांकि जब लड़के वाले खाने गए तो देखा कि मटन की नल्ली नहीं थी। इसे देखकर लड़के वाले नाराज हो गए। इस बात को लेकर बहस हो गई जो देखते ही देखते लड़ाई में बदल गई। दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए। बात इतनी बढ़ गई कि शादी टूट गई। इसी बीच किसी ने पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के बीच समझौता कराने की कोशिश की मगर लड़के वाले नहीं माने और शादी टूट गई।

## सगाई के बाद टूटी शादी



### पुलिस ने समझौता के लिए किया प्रयास

मौके पर पहुंचे स्थानीय पुलिस स्टेशन के अधिकारियों ने दूल्हे के परिवार को लड़ाई को सुलझाने के लिए मनाने की कोशिश की, लेकिन वे नहीं माने।

रिपोर्ट के अनुसार, दुल्हन निज़ामाबाद की रहने वाली है जबकि दूल्हा जगतियाल में रहता है। नवंबर में ही दुल्हन के घर पर दोनों की सगाई हुई थी लेकिन कुछ ही समय बाद शादी कैंसिल हो गई। रिपोर्ट के अनुसार, दुल्हन के परिवार ने दूल्हे के रिश्तेदारों के लिए मांसाहारी भोजन की व्यवस्था की थी। सगाई समारोह के बाद जब मेहमानों ने बताया कि मटन की नल्ली नहीं परोसी जा रही है तो दोनों पक्षों में झगड़ा हो गया। इस पर दुल्हन के परिवार ने कहा कि खाने में मटन की नल्ली को शामिल नहीं किया गया था। इसके बाद विवाद बढ़ गया।

# कुत्ते के जन्मदिन पर शहर में लगाए पोस्टर

**बुरहानपुर।** अक्सर आपने देखा होगा कि कई लोगों को जानवरों से बड़ा लगाव होता है। ऐसा ही एक मामला मध्य प्रदेश के बुरहानपुर जिले में भी देखने को मिला। बुरहानपुर के लालबाग क्षेत्र में रहने वाले विजय पवार को जानवरों से इतना लगाव है कि वह अपने कुत्तों को परिवार के सदस्य की तरह उनका पालन पोषण कर जन्मदिन भी मानते हैं। उनके जन्मदिन के अवसर पर उनके द्वारा शहर में बैनर पोस्टर लगाने के साथ पार्टी भी दी जाती है। विजय इन कुत्तों को नाम से बुलाते हैं। इनके दो कुत्तों की मौत हो चुकी है। एक का नाम भुजो और एक का नाम बांडिया भाई था जो मर चुके हैं। लेकिन आज भी इन्होंने अपने कुत्ते भैरव के जन्मदिन के उपलक्ष्य में उनकी तस्वीर भी लगाई है। इस पोस्टर में एक अजीब बात यह भी सामने आई है। कि इन्होंने मोहल्ले के करीब एक दर्जन कुत्तों के फोटो लगाए हुए हैं। अब यह बैनर पोस्टर भी लोगों के लिए चर्चा का विषय बना हुआ है। जब कुत्तों का पालन करने वाले विजय पवार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मेरा कोई घर परिवार नहीं है। केवल मेरी मां है मां के बाद में सबसे ज्यादा प्रेम इन कुत्तों से करता हूं। मैं मेहनत मजदूरी कर इनका पालन पोषण करता हूं।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com